

40 वर्ष की हुयी दीपिका...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



वन्य-जीवों की सुरक्षा...

वर्ष 31 अंक 196 | जबलपुर मंगलवार 6 जनवरी 2026 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 3.00


# ट्रम्प की डराने वाली कोशिश ज्यादा दिन नहीं चलेगी : खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वेनेजुएला में की गई कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा है कि यह डराने की कोशिश है जो ज्यादा दिन चलने वाली नहीं हैं। खड़गे ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा वेनेजुएला में जो हालात हैं, वो दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। आज अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप पूरी दुनिया को डराने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग अपने क्षेत्र को बढ़ाकर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करते हैं, वो बहुत दिन टिकते नहीं हैं। हिटलर, मुसोलिनी जैसे बहुत से लोग चले गए। उन्होंने आगे कहा जो लोग गलत विश्वास रखते हैं और जो लोग विश्व में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं, वो ठीक नहीं है। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा जिस तरह से अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण किया है वह पूरी तरह से गलत है। वेनेजुएला एक संप्रभु देश है। अमेरिका का इस तरह का कृत्य अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। सप्पल ने केंद्र सरकार को सलाह देते हुए कहा कि पिछले 75 वर्षों में हमारी परंपरा रही है कि जब भी नैतिक नियमों के खिलाफ कोई घटना हुई है भारत ने खुलकर स्टैंड लिया है। मोदी सरकार ऐसे तमाम मुद्दों पर या तो डरकर या दबकर वो बात नहीं कहती है जो भारत जैसे बड़े राष्ट्र के प्रधानमंत्री को और सरकार को कहना चाहिए। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी अमेरिका के दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप को लेकर मुखर होती रही है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, भारत वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए अपने समर्थन को फिर से दोहराता है। हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए और शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

## अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ काम किया



## अच्छा दोस्त दे रहा झटके पर झटका



कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ताजा बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार व्यक्तित्व-आधारित विदेश नीति अपनाती रही है जिसका देश को कोई लाभ नहीं हुआ है। पार्टी ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री का बहुप्रचारित व्यक्तिगत संबंध भारत को आर्थिक दबाव से बचाने में विफल रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री के अच्छे दोस्त ने भारत के प्रति अपना 'गर्म झटका, ठंडा झटका' वाला रवैया जारी रखा है।

## भारत को ट्रंप की नई धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है। ट्रंप की ओर से सोमवार को की गई सख्त टिप्पणी में कहा गया है कि अगर रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर दिल्ली का रुख हमारे साथ मेल नहीं खाता है तो भारतीय आयात पर टैरिफ बढ़ाया सकता है। ट्रंप ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा, वह एक अच्छे इंसान हैं। वह जानते हैं कि अमेरिका और मैं खुश नहीं हैं। मुझे खुश करना जरूरी था। वे व्यापार करते हैं और हम उन पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं।

# मध्यप्रदेश देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

भोपाल/जयपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश का सबसे युवा राज्य है। मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट है, चीता स्टेट है, फारेस्ट स्टेट है, मिनरल स्टेट है, बिजली सरप्लस स्टेट है और अब देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट भी बन गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा निवेश पाने वाला देश का तीसरा राज्य बना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अनंत अवसर और संभावनायें लिए हुए है। मध्यप्रदेश में निवेश हर मायने में लाभ का सौदा है। देश के मध्य में होने के कारण मध्यप्रदेश व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे और स्टार्ट-अप्स लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट 2026 में मध्यप्रदेश सेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों सदियों से इतिहास, विरासत और व्यापार-व्यवसाय की समझ के मामले में साझा भागीदार रहे हैं। राजस्थान के मारवाड़ी व्यापारी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। समिट में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में 'स्टेट पार्टनर' के रूप में सहभागिता कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को विकास और अवसरों का केंद्र बताते हुए निवेशकों और उद्योगपतियों से कहा कि हमारा प्रदेश आज देश के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट के मध्यप्रदेश सेशन का विधिवत् शुभारंभ किया।

### टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सभी राज्यों के बीच औद्योगिक विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के सभी राज्यों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। मध्यप्रदेश विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। हमारे टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल में हमने प्रदेश में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है।

### निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में होटल, हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डाक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### दीर्घकालिक साझेदारी को प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार की संयुक्त भागीदारी से हुई इस समिट में हमारी सरकार ने आईटी और संबंधित सेक्टर्स के व्यवसायियों के बीच प्रदेश की औद्योगिक विशेषताओं और विलक्षणताओं को सबके समक्ष रखा है। उन्होंने निवेशकों को औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति, कौशल विकास, अवसंरचना और पर्यटन में साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि मध्यप्रदेश निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

## जहरीला पानी : इंदौर में 17वीं मौत

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 17वीं मौत हुई है। शिव विहार कॉलोनी धार के रहने वाले रिटायर्ड पुलिसकर्मी ओमप्रकाश शर्मा अपने बेटे से मिलने इंदौर आए थे। उन्हें 1 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। दूषित पानी से उनकी किडनी खराब हो गई थी। सरकार ने भागीरथपुरा में महामारी फैलना स्वीकार किया है। वहीं, कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को कहा कि एपिडेमिक कैसे फैला, इसकी जांच एम्स भोपाल और आईसीएमआर की टीम कर रही है।

## 'रेलवन' से बुक टिकट पर 3 प्रतिशत छूट

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रेलवे ने डिजिटल भुगतान और यात्रियों की सुविधा बढ़ावा देने के लिए रेलवन मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए बुक किए गये अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट पर तीन प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट 14 जनवरी से 14 जुलाई तक आर-वॉलेट को छोड़कर सभी डिजिटल भुगतान तरीकों से किए गए ट्रांजेक्शन पर मिलेगी। रेलवन एक ऑल-इन-वन यात्री सेवा ऐप है जो अनारक्षित और आरक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत निवारण और ई-कैटरिंग जैसी सुविधाओं को एकीकृत करें करता है।

## एआरआई 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**भिंड।** गोहद नगर पालिका परिषद में पदस्थ एआरआई को लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार आरोपी ने नगर पालिका के कार्यक्रम में लगाए गए टेंट के भुगतान को अटकाकर व्यवसायी नसीर उर्फ बबलू खान पिता बशीर खान से अवैध राशि की मांग की थी।

## एनएचएआई के पूर्व डीजीएम की 2.85 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय की पटना जोनल इकाई ने भ्रष्टाचार के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्कालीन उप महाप्रबंधक प्रभांशु शेखर की लगभग 2.85 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई है। ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्तियों में बिहार और दिल्ली स्थित फ्लैट व जमीन के अलावा बैंक खातों में जमा राशि, सोना-चांदी के आभूषण और बीमा पॉलिसियों में किया गया निवेश शामिल है।



## आप के 4 विधायक 3 दिनों के लिए सदन से निष्कासित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद विधायी कार्य मंत्री परवेश साहिब सिंह ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जिस प्रकार का आचरण विपक्षी सदस्यों ने किया वह अशोभनीय है और उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाये। परवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव को सदन ने स्वीकार किया और चारों विधायकों को सदन की कार्यवाही से तीन दिन के लिए निष्कासित कर दिया गया। भाजपा नेता करनैल सिंह ने आप विधायकों के प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि उपराज्यपाल के संवैधानिक अभिभाषण को बाधित करना अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि मास्क पहनकर प्रदर्शन करना दरअसल पिछले वर्षों में हुए भ्रष्टाचार और प्रदूषण की याद दिलाने जैसा है। यह शीतकालीन सत्र 8 जनवरी तक प्रस्तावित है, हालांकि जरूरत पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।

## अडानी पावर को राहत देने से इनकार करने वाला हाईकोर्ट का फैसला रद्द

**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने अडानी पावर को राहत देने से इनकार करने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के 28 जून 2019 के फैसले को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि यह मामला गुजरात के मुंद्रा स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र यूनिट से घरेलू टैरिफ क्षेत्र को आपूर्ति की जाने वाली बिजली पर सीमा शुल्क लगाने से जुड़ा है। अडानी पावर मुंद्रा एसईजेड के भीतर एक विशाल कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट चलाती है। विवाद तब शुरू हुआ जब सीमा शुल्क ढांचे में बदलाव कर एसईजेड से बाहर घरेलू बाजार में जाने वाली बिजली पर शुल्क लगा दिया गया, जबकि विदेशों से भारत में आयात होने वाली बिजली पर ऐसा कोई शुल्क नहीं था।

# दिल्ली दंगा: उमर-शरजील को जमानत नहीं

## पांच अन्य सह-आरोपियों की जमानत अर्जी मंजूर



**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाये गये आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है।

# समुद्र में उतरा पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्र को समर्पित किया 'समुद्र प्रताप'

नई दिल्ली (वार्ता)




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

### वास्तविक अभियानों में लाभकारी

यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है। इसमें हेलीकॉप्टर हैंगर और विमानन सहायता सुविधाएं भी हैं, जो इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को कई गुना बढ़ाती हैं। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन क्षमताओं के कारण यह पोत उबड़-खाबड़ समुद्री परिस्थितियों में भी स्थिर रूप से संचालन करने में सक्षम होगा जिससे वास्तविक अभियानों में बड़ा लाभ मिलेगा।

### शत्रुओं को मिलेगा उपयुक्त जवाब

रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा।

# दिग्विजय सिंह ने किया मनरेगा का नाम बदलने का विरोध



**सीहोर।** राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह लगातार दूसरे दिन सीहोर जिले के दौरे पर रहे। इच्छावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेरी पहुंचे दिग्विजय सिंह ने मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया और केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा। ग्राम खेरी में दिग्विजय सिंह ने मनरेगा मजदूरों से काफी देर तक बातचीत की। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा मजदूर और किसानों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो नया कानून बनाया है, उसमें गरीबों और मजदूरों का ध्यान नहीं रखा गया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नए कानून के तहत ज्यादा से ज्यादा काम मिल सके, इसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।



## फुटबाल प्रतियोगिता के फाइलन मैच में अमराडंडी की टीम विजयी

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पड़मनिया कला में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच अमराडंडी एवं पड़मनिया के मध्य आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मनीषा सिंह, सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एमपी सिंह,जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडेय ने फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अमराडंडी की टीम ने विजय प्राप्त की। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा पारंपरिक शैला नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।

## विद्यालय एवं ऑगनवाड़ी का संचालन प्रातः 11 बजे से, कलेक्टर ने जारी किया आदेश



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.सी. आई.सी.एस.सी. विद्यालय एवं आंगनवाडियों का संचालन 20 जनवरी तक प्रातः 11 बजे से निर्धारित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगी। शिक्षक एवं शिक्षिका निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में फुटबाल प्रतियोगिता प्रारंभ



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर शहडोल में 10 जनवरी तक आयोजित होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के डीन डॉ. गिरीश बी रामटेके ने किया। उन्होंने कहा कि फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पढाई के साथ-साथ खेल भावना, टीम वर्क और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। कॉलेज के छात्रों के लिए खेल प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच साबित भी होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग लेगी। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# जयसिंहनगर प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले में बज्र इलेवन बनी विजेता

### जेएसएन इंडियन को 5 विकटों से हराया

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।





स्थानीय सांदिपनी क्रिकेट मैदान में आयोजित जयसिंहनगर प्रीमियर लीग का समापन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुकाबला बज्र 11 एवं जेएसएन इंडियंस के बीच खेला गया, जिसमें बज्र 11 ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया, जबकि जेएसएन इंडियंस उपविजेता रही। फ़ाइनल मुकाबले में जेएसएन इंडियंस की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 130 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बज्र 11 की टीम ने संयमित एवं आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट शेष रहते लक्ष्य प्राप्त कर लिया। पूरे प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका एमपीसीए के सदस्य आनंद त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, गुलाब चौधरी एवं अनिल वर्मा ने निभाया जबकि कमेंट्री में राजकुमार यादव, अजय नामदेव एवं द्वारिका प्रजापति ने प्रतियोगिता में मैच का आंखों देखा हाल सुनाया। प्रतियोगिता में अंकित सोनी, सतेंद्र उपाध्याय, राहुल तिवारी, दशरथ सिंह, अर्पित गुप्ता एवं सचिन सेन ने स्कोरर की भूमिका निभाई। फ़ाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनीषा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संपत मिश्रा द्वारा की गयी, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा एवं भाजपा जिला मंत्री कविता सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर टूर्नामेंट के उद्घाटन में पधारे दीपनारायण तिवारी अपर सत्र न्यायाधीश उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार भविष्य में “विधायक कप” के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया था, जिसकी उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहना की गयी और विधायक कप के आयोजन को मंजूरी मिली।

**विजेता को 51000 जबकि उपविजेता टीम को मिली 25000 की राशि**-प्रतियोगिता के फाइनल विजेता बज्र इलेवन को भाजपा नेता विमलेश मिश्रा के सौजन्य से नगद 51000 रुपए एवं ट्रॉफी जबकि उपविजेता रही जेएस एन इंडियन को गणेश सोनी (नरेश ज्वेलर्स) के सौजन्य से 25000 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गयी। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ठाकुर नवनीत सिंह परिहार को प्रदान किया गया जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 04 ओवरों में 20 रन देकर 04 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए वहीं हनी बड़वारा को मैन ऑफ द सीरीज प्रदान किया गया।

**शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की घोषणा** -समापन अवसर पर विधायक जयसिंहनगर द्वारा आयोजन समिति के आग्रह को मंजूरी देते हुए खेल मैदान में शेड निर्माण हेतु 5 लाख की राशि आवंटित करने की घोषणा की गयी। साथ ही उन्होंने आगामी टूर्नामेंट को “विधायक कप” के रूप में आयोजित कराने का आश्वासन भी दिया, जिससे खिलाड़ियों एवं खेल-प्रेमियों में नया उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सम्मानित पदाधिकारियों के साथ रात्रि भोज का आनंद लिया, जिसके पश्चात् टूर्नामेंट के औपचारिक समापन की घोषणा की गयी। भव्य समापन के साथ जयसिंहनगर प्रीमियर लीग ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति, युवा प्रतिभाओं और सामाजिक एकता को सशक्त करने का प्रभावी मंच है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक मनीषा सिंह, सातिका तिवारी, राजेश द्विवेदी, नीरज शर्मा, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर निर्मल द्विवेदी, दिवाकर पयासी, सनद कुमार पांडेय, मेराज अली, परशुराम द्विवेद्वी, राजीव तिवारी, अनुपम द्विवेदी, अजय तिवारी, राजीव द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी, शेषमणि पाल, प्रकाश नारायण तिवारी, संचय नामदेव, राहुल तिवारी, संदीप पाण्डेय, मीडिया प्रतिनिधि पत्रकार राकेश गुप्ता, पंकज पांडेय, नीलेश कुमार गुप्ता, सीतेन्द्र पयासी एवं राजकुमार यादव सहित हजारों की संख्या में खेल-प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

शहडोल (स्वतंत्रमत)।




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय-सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आपने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में दर्ज 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। शिकायतों का निराकरण निम्नगुणवत्ता के साथ नहीं किया जाए। आपने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेड नहीं रहे।

कलेक्टर नें निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। अपने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जयसिंहनगर काजोल सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अर्चना मिश्रा, नवागत डिप्टी कलेक्टर गैलेक्सी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली एवं माइनिंग वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर रेडियम टेप लगाए गए

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी एवं जनहितकारी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कृषि कार्य में संलग्न ट्रैक्टर एवं ट्रालियों तथा माइनिंग सेक्टर में प्रयुक्त डंपर एवं डगियों में यातायात पुलिस द्वारा रेट्रो रिफ्लेक्टर रेडियम टेप लगाए गए। यह कार्यवाही विशेष रूप से रात्रि के समय इन भारी एवं धीमी गति से चलने वाले वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है, जिससे अन्य वाहन चालकों को समय रहते संकेत मिल सके और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि रेट्रो रिफ्लेक्टर का उपयोग न केवल कानूनी आवश्यकता है, बल्कि यह स्वयं की तथा अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने एवं रात्रि में विशेष सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस प्रकार की जागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यवाहियाँ निरंतर जारी रहेंगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके और आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# वाहन की टक्कर से बिजली खंभा टूटा भालापुरी में नल-जल योजना बाधित



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के समनापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम भालापुरी में रविवार देर रात एक लापरवाह वाहन चालक की वजह से बड़ा हादसा हो गया। 04 जनवरी की रात करीब 9-55 बजे वाहन क्रमांक [illegible]20 [illegible] 9865 के चालक ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विद्युत पोल ग्राम में नल-जल योजना को विद्युत आपूर्ति प्रदान कर रहा था। टक्कर के कारण मौके पर लगा एक नग [illegible] (लो टेंशन) बिजली खंभा पूरी तरह टूट गया, वहीं उससे जुड़ी [illegible] केबल भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद ग्राम भालापुरी में नल-जल योजना की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली विभाग ने बताया कि इस दुर्घटना से विभाग को लगभग 20 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। घटना स्थल पर पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित वाहन चालक के खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराने हेतु रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल कर नल-जल योजना को पुनः चालू कराने की अपील की है।




## ज़िले की बेटियों ने रचा इतिहास, नेशनल सेपकटाकरा चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** ज़िले की होनहार बालिकाओं देवंती पुषाम एवं अभिलाषा परस्ते ने 29वीं जूनियर सेपकटाकरा (किक वॉलीबॉल) नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर जिले एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता 01 जनवरी से 05 जनवरी 2026 तक जालंधर, पंजाब में आयोजित की गई। कलेक्टर डिंडौरी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं सहायक आयुक्त राजेन्द्र जाटव के निर्देशन में टीम डिंडौरी ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की ओर से बालिका डबल इवेंट में कन्या क्रीड़ा परिसर सांदीपनी स्कूल, शहपुरा की खिलाड़ी देवंती पुषाम एवं अभिलाषा परस्ते ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों बालिकाओं ने पहले राउंड में झारखंड, इसके बाद नागालैंड, उत्तर प्रदेश तथा फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रदेश सचिव सेपकटाकरा एसोसिएशन श्री प्रतीक केशरवानी, पीटीआई कोच श्री आशीष मिश्रा, कोच श्री रामा साहू, श्री अनुज ओझा एवं श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

# शीतलहर के चलते डिण्डौरी में नर्सरी से 5वीं तक स्कूल व सभी आंगनवाड़ी केंद्र दो दिन बंद

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर डिंडौरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई एवं केन्द्रीय विद्यालयों में प्री-प्रायमरी से कक्षा नर्सरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 05 एवं 06 जनवरी 2026 को दो दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अवकाश के दौरान शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान यदि किसी संस्था द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता पाया गया, तो संबंधित संस्था प्रमुख के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

इसी तरह मौसम की अत्यधिक प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में भी 05 व 06 जनवरी 2026 को दो दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रशासनिक बदलाव डिंडौरी, करंजिया व समनापुर परियोजनाओं को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला डिंडौरी द्वारा विभागीय कार्यों को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से परियोजना अधिकारियों के प्रभार में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। यह संशोधित आदेश 2 जनवरी को किया गया,जिसमें पूर्व में जारी आदेश दिनांक 18 दिसंबर 2025 में आंशिक संशोधन किया गया है।जारी आदेश के अनुसार करंजिया, बजाग, डिंडौरी एवं मेहंदवानी परियोजनाओं में परियोजना अधिकारियों के पद रिक्त होने और परियोजना अधिकारी समनापुर के विरुद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर शिकायतें प्राप्त होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न, मेसर्स आरके गुप्ता का अनुबंध समाप्त करने के निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत दिसंबर माह में पूर्णता हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर द्वारा 99 ग्रामों में से स्रोत के अभाव के कारण 11 ग्रामों को छोड़कर शेष 88 ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें 41 नल-जल योजनाएं पूर्ण होना बताया गया। लक्ष्य के विरुद्ध संतोषजनक उपलब्धि न होने पर कारणों की जानकारी ली गई, जिस पर फसल खड़ी होने के कारण कार्य में असुविधा बताया गया। इस पर कलेक्टर ने खेतों में फसल के कारण प्रभावित योजनाओं की विस्तृत सूची प्रस्तुत करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए।कलेक्टर ने जनवरी माह में न्यूनतम 80 नल-जल योजनाएं पूर्ण कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकासखंड करंजिया के जिन ग्रामों में स्रोत के अभाव में योजनाएं अपूर्ण हैं, वहां नलकूप खनन को प्राथमिकता देने हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल, जबलपुर को निर्देशित किया गया तथा शीघ्र सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।विकासखंड शहपुरा के ग्राम बस्तरा में विद्युत वोल्टेज समस्या के कारण अपूर्ण योजना के संबंध में विद्युत विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं विकासखंड मेंहदवानी के ग्राम खमरिया मॉल में संविदाकार अनिल तिवारी द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर नोटिस जारी कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

मेसर्स आर.के. गुप्ता को आवंटित ग्रामों में कार्य प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध समाप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मैकेनिकल संकाय को आवंटित अपूर्ण नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समस्त निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को कार्यों की सतत निगरानी करने एवं समय-सीमा में योजनाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की विस्तार से की समीक्षा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# डिंडौरी में ‘पंखिनी’ नवाचार की उड़ान: 200 बालिकाओं ने पूरा किया पुलिस भर्ती का 15 दिवसीय प्रशिक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले में संचालित नवाचार “पंखिनी” के तहत पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही बालिकाओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कुल 300 बालिकाओं में से 200 बालिकाओं ने निर्धारित अवधि का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। कलेक्टर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस भर्ती में सफलता के लिए फिजिकल के साथ-साथ रिटन परीक्षा की तैयारी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, लक्ष्य के प्रति निरंतर परिश्रम करने तथा अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और विश्वास दिलाया कि निरंतर मेहनत से निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी।

पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं को नियमित अभ्यास बनाए रखने, आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने एवं रिटन परीक्षा की रणनीति तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रैक्टिस और सही मार्गदर्शन से बालिकाएं पुलिस भर्ती में सफलता अर्जित कर सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि आगामी 11 तारीख से रिटन परीक्षा की कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी।

इसके लिए लगभग 1200 बालिकाओं की स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित बालिकाओं को निशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पंखिनी नवाचार के माध्यम से जिले की बालिकाओं को पुलिस, सुरक्षा बल एवं अन्य शासकीय सेवाओं के लिए सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे बालिकाएं आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें।

# होटल रैनबसेरा में मिली एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री

## गरुड़ दल ने किया आकस्मिक निरीक्षण, गौर नदी में बहाया जा रहा होटल का गंदा पानी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।





जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने सोमवार को रांझी तहसील के अंतर्गत ग्राम गुरैया स्थित रैनबसेरा रिसॉर्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर यहां किचन में एक्सपायरी डेट की रखी पाई गई खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करा दिया है तथा रिसॉर्ट के डीप फ्रीजर में रखी मिली दो दिन पुरानी दाल मखनी के नमूने परीक्षण हेतु लिये हैं। वहीं, रिसॉर्ट से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे गौर नदी में बहाये जाने पर नदी के पानी के नमूने भी परीक्षण के लिए लिये गये हैं। रैनबसेरा रिसार्ट के आकस्मिक निरीक्षण की कारवाई तहसीलदार रांझी मौसमी केवट के नेतृत्व में की गई। तहसीलदार रांझी ने बताया कि आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान पाया गया कि रिसॉर्ट के किचन, वॉशरूम एवं टॉयलेट से निकलने वाला वेस्टेज वॉटर बिना विधिवत ट्रीटमेंट के नाली और पाइप के माध्यम से गौर नदी में बहाया जा रहा था। रिसार्ट में गीले और सूखे कचरे तथा खाद्य अवशिष्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्था भी नहीं पाई गई। इसके अलावा रिसार्ट के किचन के आसपास के एवं बर्तन धोने के स्थान पान और गुटका की पीक से रंगे हुये थे। रिसार्ट के किचन के फ्रिज में वेज और नॉन वेज खाद्य पदार्थ एक साथ रखे हुये थे। किचन के भंडार गृह में खाद्य पदार्थों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री भी रखी हुई थी। भंडार गृह में आटा एवं शक्कर जैसे खाद्य पदार्थ सीधे जमीन पर रखे हुये थे।

### ट्यूबवेल, आरओ फिल्टर एवं गौर नदी से पानी के लिए नमूने

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान रैनबसेरा रिसार्ट में आरओ मेंटेनेंस प्रमाण पत्र और टंकी के पानी का क्लीनिंग रजिस्टर भी संधारित नहीं होना पाया गया। निरीक्षण दल में शामिल लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने तीन स्थानों ट्यूबवेल, आरओ फिल्टर एवं गौर नदी से पानी के नमूने परीक्षण के लिए लिये हैं।

तहसीलदार रांझी ने बताया कि रैनबसेरा रिसार्ट में अग्निशमन यंत्र संधारित नहीं किये जा रहे हैं। रिसार्ट में बिजली के तार अव्यवस्थित थे।

विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित करने लगी एमसीबी में ढक्कन नहीं थे और इसके समीप ही रसोई गैस सिलेंडर जैसे रखे हुये थे, जिससे कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। रिसार्ट में नियमित कर्मचारियों के अलावा यहां कार्यरत अन्य कर्मचारियों की सूची एवं वेतन संबंधी दस्तावेज भी रिसार्ट संचालक द्वारा मौके पर प्रस्तुत नहीं किये गये।

# जमीनी विवाद पर चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

### अधारताल के पुराना कंचनपुर क्षेत्र में वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अधारताल थाना क्षेत्रांतर्गत पुराना कंचनपुर क्षेत्र में जमीन के कुछ हिस्सें में कब्जा करने को लेकर हुए विवाद पर एक युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस को आरती चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी हरदौल चौक चौधरी मोहल्ला ने बताया कि वीरू चौधरी ने हमारे घर में पीछे बना मकान तीन साल पहले खरीदा था। इसके बाद भी वीरू हमारी जमीन के कुछ हिस्से पर कब्जा करना चाहता था। इसी बात को लेकर बीती रात 11 बजे उसके बड़े भाई अनिल चौधरी से वीरू चौधरी ने बहस की और हत्या करने की नीयत से चाकू लेकर मारने को हुआ। उसका भाई अनिल चौधरी जान बचा कर भागने लगा तो वीरू चौधरी भी अनिल के पीछे चाकू लेकर मारने दौड़ा।

उसका भाई अनिल जैसे ही धर्मेन्द्र चौधरी के घर के पास पहुंचा, तभी वीरू चौधरी ने भाई अनिल चौधरी को पकड़ लिया तथा चाकू से कई बार वार कर भाई अनिल को घायल कर दिया एवं तेजी से भाग गया। जिसके बाद अनिल को 108 एम्ब्यूलेंस से विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे। जहॉ रात्रि 12-20 बजे डाक्टर



ने चैक कर भाई अनिल चौधरी उम्र 36 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये वीरू चौधरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का उद्घाटन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। अंतरराष्ट्रीय मानक स्तर का यह सिंथेटिक कोर्ट रामपुर में शक्ति निवास के पास तैयार किया गया है। खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का कोर्ट उपलब्ध करवाने की दृष्टि से 78 म 36 फुट आकार के इस नए सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण 21.50 लाख रूपए से करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि परिसर में एक क्ले कोर्ट भी टेनिस खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि टेनिस खिलाड़ियों के लिए यह नया कोर्ट वरदान साबित होगा और नए खिलाड़ी भी टेनिस खेलने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक खेल सुविधा खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास एवं प्रतियोगिता का अवसर प्रदान करेगी और खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाएगी। सिंथेटिक कोर्ट के वर्चुअल उद्घाटन के समय मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री राजीव गुप्ता उपस्थित थे।

### नवविवाहिता की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** हनुमानताल थाने में समरेज आलम निवासी आजाद नगर मोहरिया ने सूचना दी कि उसने प्रेम विवाह किया है। 3 जनवरी की शाम 6 बजे मोहल्ले में सोनू होटल में बैठा था। शाम 7 बजे उसके भाभी ने फोन कर बताया कि उसकी पत्नि तस्लीम बानो की तबियत खराब हो गयी है। उसकी पत्नि तस्लीम बानो के मुंह से फेन निकल रहा था। जिसे उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल ले गये। जहां से उसे मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। बीती शाम उसकी पत्नी तस्लीम बानों की उपचार दौरान मौत हो गई।



# नरियल पकड़ते समय नर्मदा नदी में बहे युवक का शव मिला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट सरस्वी घाट में विगत एक जनवरी को नारियल पकड़ते समय पैर फिसलने से नर्मदा नदी में बहे युवक का शव दो किमी. दूर पानी में उतराता हुआ मिला। सूचना पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस का शैलेन्द्र भूमिया उम्र 22 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास भेडाघाट पंचवटी ने सूचना दी कि मूर्ति घिसाई का काम करता है। विगत एक जनवरी को वह एवं उसका साथी सूरज भूमिया, गुरू भूमिया, अनिकेत भूमिया, सरस्वती घाट नर्मदा नदी में नहाने गये थे। उसके चाचा बसंत भूमिया उम्र 41 वर्ष पंचवटी भेडाघाट के सरस्वती घाट नर्मदा नदी में नारियल पकडने् का काम करते हैं, जो नदी में नारियल पकड़ रहे थे, अचानक से नर्मदा नदी के तेज बहाव में बहकर डूब गये। जिनका शव सोमवार को सरस्वती घाट के पानी में उतराता हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### नर्मदा नदी में बहे युवक का एक सप्ताह बाद मिला शव

**जबलपुर(स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थानातंर्गत लम्हेटा घाट खारी विसर्जन के दौरान पैर फिसलकर नर्मदा नदी में बहे युवक का शव एक सप्ताह बाद दो किमी. दूर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि विगत 28 दिसंबर को लम्हेटा घाट में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस को देवकुमार कोल उम्र 27 वर्ष पिपरिया बनियाखेड़ा माढ़ोताल ने बताया कि उसका बड़ा भाई संदीप कोल उम्र 36 वर्ष उसकी दीदी के ससुर की खारी विर्जन में नर्मदा नदी आये थे। दोपहर लगभग 1-30 बजे नर्मदा नदी में नहाते समय पैर फिसलने से नर्मदा नदी के बहाव के कारण नर्मदा नदी में डूब गया है। सूचना पर गुमइंसान कायम कर जांच में लिया गया। बीते दिवस संदीप कोल का शव नर्मदा नदी के पानी में उतराते हुये दिखा । शव को पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसो. के पोस्टर का विमोचन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा 2 पोस्टर का विमोचन ड्रग इंस्पेक्टर देवेन्द्र जैन के द्वारा करवाया गया इस पोस्टर का उद्देश्य दवा की गुणवत्ता, सुरक्षा, और उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है एवं संगठन का विस्तार और फार्मासिस्ट द्वारा संचालित फार्मेसी को प्रदर्शित करना है

ड्रग इंस्पेक्टर ने पोस्टर का अवलोकन किया और इसे बहुत ही उपयोगी और प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि यह पोस्टर दवा की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा।साथ ही यह फार्मासिस्ट द्वारा संचालित दवा दुकान को प्रदर्शित करेगा पोस्टर का विमोचन ड्रग इंस्पेक्टर जी के कार्यालय में किया गया और इसे जल्द ही फार्मासिस्ट द्वारा संचालित मेडिकल शॉप पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर

जिला अध्यक्ष अभिषेक साहू, सचिव अभिषेक निगम, सचिव हरी शर्मा, प्रचार मंत्री विवेक ठाकुर, कोषाध्यक्ष अभिजीत लखेरा, मीडिया प्रभारी आजाद, सुनील मिश्रा, खेमराज गुप्ता, बेनी प्रसाद, धनराज मोगरे, संदीप रजक आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

### अतिक्रमण मुक्त सड़कों से राहगीरों को मिली राहत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात को सुगम बनाना और आम नागरिकों को पैदल चलने के लिए सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शहर के विभिन्न हिस्सों में मुस्तैदी दिखाते हुए अव्यवस्थाओं को दूर किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा से लेकर जॉन कार्यालय और रामपुर चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर से अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इससे सड़कों की चौड़ाई बड़ी है और वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिली है। सगड़ा क्षेत्र में आम रास्ते पर खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानों को हटाकर क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित की गई। इससे स्थानीय निवासियों को गंदगी और दुर्गंध से राहत मिलेगी। सुपर मार्केट और हनुमानताल जैसे व्यस्त क्षेत्रों में की गई कार्यवाही से बाजारों में आवाजाही आसान हुई है, जिसका लाभ व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को मिलेगा। इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निराकरण रही। प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए 20 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान किया, जो शासन की जन-केंद्रित कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता को दर्शाता है। अतिक्रमण के दौरान अवैध रूप से रखी गई टपरियां, गैस टंकियां और अन्य सामग्रियां भी जब्त की गईं। नगर निगम ने सभी नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़कों पर अतिक्रमण न करें और शहर को व्यवस्थित रखने में अपना सहयोग दें।

### बाईक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पनागर पुलिस ने बताया कि अयान खान एवं इरफान खान स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस एक्स 9391 से रिश्तेदारी में पनागर जा रहे थे। दोपहर लगभग 3 बजे जियो पैट्रोलपंप के आगे पटेल टाईल्स एवं कास्मिक ट्रेडर्स के पास पनागर पहुंचे, तभी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एनए 9357 के चालक ने तेज रफतार एंव लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# डेयरी में पानी की टंकी में पाई गई गंदगी और काई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जिला प्रशासन द्वारा गठित गरूड़ दल ने आज सोमवार को रांझी तहसील के ग्राम गौरैयाघाट स्थित अख?तर डेयरी का अकस्मिक निरीक्षण किया। तहसीलदार रांझी मौसमी केवट के नेतृत्व में की गई इस निरीक्षण में डेयरी के जानवरों को पिलाये जाने वाले पानी की टंगी में काई और गंदगी पाई गई तथा मृत जानवरों के शव पाये गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डेयरी से निकलने वाले गोबर का संधारण एवं निस्तारण खुले स्थान पर किया जा रहा था तथा खुले स्थान पर गंदा पानी बहाया जा रहा था। डेयरी में गंदगी पाये जाने के कारण मौके पर ही 5 हजार रूपये का स्पॉट फाइन वसूला गया तथा परीक्षण हेतु पानी के नमूने लिये गये। डेयरी संचालक द्वारा मौके पर रखी दवाईयों के बिल प्रस्तुत नहीं किये जाने पर दो दिन का अवसर दिया गया है। निरीक्षण की इस कार्रवाई में नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# शराब के लिये रूपये न देने पर दो भाईयों पर हमला

### हनुमानताल टेढ़ीनीम के पास वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थानातंर्गत टेढ़ीनीम मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास दो असमाजिक तत्वों ने एक युवक से शराब पीने के लिये उस पर चाकू से हमला कर दिया। जब युवक का भाई बीच बचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि साजिद अहमद उम्र 17 वर्ष निवासी टेढीनीम हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपने दोस्त अली हसन के साथ मोटर सायकिल से सदर से वापस आते समय मदार टेकरी क्रस्तान गेट नंबर- 1 के पास स्थित शौचालय के सामने रूके, तभी एक मोटर सायकिल पर शहबाज अपने एक साथी के साथ आया एवं शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा। उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर शहबाज ने चाकू निकाल लिया एवं चाकू की मूठ से मारपीट की तथा शहबाज के साथी ने अली हसन के साथ हाथ मुक्को से मारपीट कर हाथ, पैर, कंधे में चोट पहुंचा दी। उसकी आवाज सुनकर उसका भाई बीच बचाव करने आया तो दोनों मोटर सायकिल में बैठकर भागने लगे। उसके भाई ने शहबाज को पकडने् का प्रयास किया तो शहबाज ने उसके भाई नूर अहमद को पटक दिया। जिससे नूर अहमद को हाथ में चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।-

### सूने घर का ताला तोड़कर माल ले गये चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार थानातंर्गत तिलहरी स्थित ट्यूलिप परिसर के एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर व नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित परिवार दिल्ली गया हुआ था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।पुलिस ने बताया कि तिलहरी ट्यूलिप परिसर निवासी 40 वर्षीय नीति राव ने बताया कि वह विगत 26 दिसंबर को अपने बच्चों के साथ अपने पिता के घर दिल्ली गई हुई थी। 29 दिसंबर को कालोनी के लोगों द्वारा घर मे चोरी होने की सूचना देने पर वह वापस अपने घर पहुंची। जहां उन्होंने देखा कि मेन दरवाजे का ताला टूटा था। अलमारियों के लॉक टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने की 1 चेन, मंगलसूत्र, चांदी की जूड़ा पिन, गुल्लक में रखे नगदी 7 हजार रूपये ले गये।

# ट्रांसको इंजीनियर्स ने रिकार्ड समय में 50 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को किया ऊर्जीकृत

### तकनीकी दक्षता, सटीक योजना और उत्कृष्ट समन्वय का उदाहरण किया प्रस्तुत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने तकनीकी दक्षता, सटीक योजना और उत्कृष्ट समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लगभग 15 दिन के रिकॉर्ड समय में 50 एमवीए क्षमता के नये पावर ट्रांसफार्मर का ट्रांसपोर्ट, स्थापना, संपूर्ण तकनीकी परीक्षण एवं ऊर्जीकरण कर एक बेहद अनुकरणीय कार्य किया है। सामान्य परिस्थितियों में किसी भी पावर ट्रांसफार्मर के साइट पर पहुंचने के बाद उसके इरेक्शन, टेस्टिंग, आयल फिल्टेरेशन एवं ऊर्जीकरण में एक माह या उससे अधिक समय लग जाता है, किंतु प्रदेश के महत्वपूर्ण मालनपुर ओद्योगिक क्षेत्र मे विद्युत की सामान्य बहाली की प्राथमिकता के कारण एम पी ट्रांसको ने

तकनीकी रूप से जटिल, जोखिमपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य को मुख्य अभियंता (परीक्षण एवं संचार) श्री अमर कीर्ति सक्सेना के कुशल निर्देशन में न्यूनतम संभव समय में सफलतापूर्वक पूरा किया । एम.पी. ट्रांसको के इतिहास में यह विरला अवसर है जब पुराने फेल ट्रांसफार्मर को हटाकर, नए उच्च क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर का सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन , स्थापना, आवश्यक सभी तकनीकी परीक्षण एवं ऊर्जीकरण का बेहद संवेदनशील कार्य लगभग 15 दिनों में संभव हो सका हो।

### न्यूनतम समय में पूर्ण हुआ अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य

एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको के 220 केवी सबस्टेशन मालनपुर (भिंड )में तकनीकी कारणों से 19 दिसंबर को फेल हुए 40 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नए 50 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को न्यूनतम संभव समय में ट्रांसपोर्ट कर सबस्टेशन में स्थापित एवं ऊर्जीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि पावर ट्रांसफार्मर की डिस्मेंटलिंग, ट्रांसपोर्टेशन, साइट प्रिपरेशन, इरेक्शन, ऑयल फिल्ट्रेशन, कमिशनिंग एवं टेस्टिंग की संपूर्ण प्रक्रिया अत्यंत तकनीकी, समय-साध्य एवं सुरक्षा-संवेदनशील होती है।

मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए, एम.पी. ट्रांसको के प्रदेश के विभिन्न भागों से नियुक्त किये गए अनुभवी अधीक्षण अभियंताओं ने स्थानीय तकनीकी टीमों के साथ निरंतर 15 दिनों तक 24*7 कार्य करते हुए उच्च तकनीकी दक्षता, सतर्कता एवं समन्वय के साथ इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा





बालाघाट (स्वतंत्र मत)

05 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के परिवहन की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खरीदी केंद्रो से धान का तेजी से परिवहन करने के निर्देश दिये। विशेषकर लालबर्रा क्षेत्र में धान का कम परिवहन होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि लालबर्रा क्षेत्र से प्रतिदिन 4500 मीट्रिक टन धान के परिवहन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सहकारी समितियों में धान की लोडिंग एवं वेयर हाउस के गोदाम व केप में अनलोडिंग का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को निर्देशित किया कि किसानों से खरीदे गए धान के बोरो की सिलाई का कार्य तेजी से किया जाए। बोरो की सिलाई न होने के कारण धान के परिवहन में व्यवधान नही आना चाहिए। बैठक में राजस्व अधिकारियों को धारा-421 के प्रकरणों में निर्धारित वसूली शीघ्रता से करने के निर्देश दिये गए। स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों को ऋण वितरण का कार्य समय सीमा से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को सातनारी जलाशय का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये गए। परसवाडा एसडीएम श्रीश प्यासी को हर सप्ताह सातनारी जलाशय के कार्य का निरीक्षण कर प्रगति पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रसूति सहायता के प्रकरणों में हितग्राहियों को राशि का शीघ्रता से वितरण करने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर्स एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को होटल, रेस्टारेंट एवं खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। बैठक में उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि 15 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी का अधिक से अधिक उपार्जन किया जाए। कोदो कुटकी विक्रय के लिए पंजीयन कराने वाले सभी किसानों से उनकी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी विक्रय के लिए जिले के 693 किसानों ने पंजीयन कराया है, इसमें से 67 किसानों से 488 क्विंटल कोदो कुटकी की खरीदी की जा चुकी है। बैठक में संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना में जिले में अधिक संख्या में राशि का वितरण हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि संबल योजना में पंजीकृत श्रमिकों की जांच करे और अपात्र लोगो के नाम न जोड़े। अधिकारियों को इस योजना के 03 साल के डेटा की रेंडमली जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए।बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले के वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन किये जाने की कार्यवाही में तेजी लाए। बैठक में जिले के सभी विधायकों के कार्यालय में वीडियों कांफ्रेंस रूम निर्माण की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि इस कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान इन प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना में सहायता राशि वितरण के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गए। न्यायालय के अवमानना प्रकरण में संज्ञान नही लेने पर जनपद पंचायत परसवाड़ा के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट को स्मार्ट फिश पार्लर का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। फिश पार्लर के लिए मत्स्योद्योग विभाग द्वारा नगर पालिका को राशि आवंटित की जा चुकी है।

## त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जयंती समारोह आयोजन की रूपरेखा बनाने हेतु आवश्यक बैठक 11 जनवरी को

**बालाघाट।** त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 7 फरवरी 2026 को आद.लता ताई तायडे जी महाराष्ट्र राज्य संगठक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल के मुख्यातिथि में,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष क्ख्रु की अध्यक्षता में,इस समारोह के प्रमुख अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा एवं केंद्रीय शिक्षक,आर के कटाने जी प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी यो के आतिथ्य में सम्पन्न किया जा रहा है,इस अवसर पर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की जीवनी एवं धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया पर आधारित धम्म ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया,उक्त समारोह गरिमामई रूप से सम्पन्न किए जाने हेतु एवं संगठन के धम्म कार्यों को सुचारू रूप से निरंतर जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने हेतु प्रतिमाह की बैठक के एजेंडे पर आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 11/01/2026 दिन रविवार को समय दोपहर 1 बजे से संस्था के जिला कार्यालय बूढी रेलवे फाटक के बालाघाट मप्र में आहुत की गई है।अत: जिला शाखा के समस्त,सभी तहसील,नगर,सर्कल एवं अन्य शाखाओं के पदाधिकारी यो से अपील की जाती हैं कि अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पे बैठक में अपनी उपसस्थिति दे।



### सांदीपनि स्कूल कटंगी में छात्रों ने वाल पेंटिंग से बिखेरा रंगों का जादू

**बालाघाट।** सांदीपनि स्कूल कटंगी में कक्षा 12वीं गणित संकाय के अध्ययनरत छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर की दीवारों पर आकर्षक वाल पेंटिंग कर रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगों के माध्यम से प्रकृति, संस्कृति और सामाजिक संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण डॉ. गौरी शंकर पटले एवं डॉ. भुनेश्वरी पटले की पुत्री कु. मानसी पटले की वाल पेंटिंग रही, जिसमें उन्होंने सिवनी जिले के प्रसिद्ध पेंच नेशनल पार्क से जुड़ी 'मोगली' के जीवनकाल पर आधारित चित्रकला का मनमोहक चित्रण किया।

# बरसात के भरोसे से शुरू हुआ सफर आत्मनिर्भरता की मंजिल तक पहुंचा

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के बैहर विकासखंड की ग्राम पंचायत बम्हनी के अंतर्गत वनांचल के सुदूर गांव परसाटोला में रहने वाले नन्हूं सिंह तेकाम के लिए खेती कभी उम्मीद से ज़्यादा संघर्ष का नाम हुआ करती थी। शासन से पट्टे में मिली करीब पाँच एकड़ ज़मीन होने के बावजूद उनकी मेहनत हर साल आसमान की ओर टिकी रहती थी। अगर बारिश अच्छी हो जाए तो फसल, नहीं तो पूरा साल चिंता और अभाव में गुजरता था। सिंचाई का कोई स्थायी साधन नहीं था। खेत सूखे रह जाते, पैदावार सीमित होती और परिवार की आर्थिक स्थिति जस की तस बनी रहती। कई बार तो मेहनत के बाद भी लागत निकलना मुश्किल हो जाता था। लेकिन यह कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नन्हूं सिंह तेकाम की ज़िंदगी में एक नया मोड़ आया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत उनकी भूमि पर खेत तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली। यह सिर्फ एक तालाब नहीं था, बल्कि उनके भविष्य की नींव थी। लगभग 3.02 लाख रुपये की लागत से खेत तालाब का निर्माण किया गया। इस कार्य में न सिर्फ नन्हूं सिंह तेकाम को, बल्कि गांव के अन्य मजदूरों को भी रोजगार मिला। इस काम से कुल 873 मानव-दिवस रोजगार का सृजन हुआ। 30 मई से शुरू हुआ यह काम 25 जून 2025 तक पूरा हुआ और इसके साथ ही खेतों की तस्वीर बदलने लगी। अब खेतों में पानी रुकने लगा। सिंचाई की सुविधा मिलने से नन्हूं सिंह तेकाम ने फसलों का दायरा बढ़ाया। पहले जहां उत्पादन सीमित था, वहीं अब पैदावार में लगभग 60 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में वित्तीय साक्षरता पर जोर, योजनाओं की दी गई जानकारी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत कुम्हारी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) तथा डीईएएफ अकाउंट्स जैसी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा एवं भविष्य की स्थिरता पर प्रकाश डाला। श्री संजीव कुमार ने छोटे-छोटे बचत उपायों के महत्व, योजनाओं में नामांकन की आवश्यकता, एटीएम, नेट बैंकिंग, मोबाइल



बैंकिंग, व्हाट्सएप बैंकिंग जैसी आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने ऋण की समय पर अदायगी को आर्थिक अनुशासन के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता टीम प्रत्येक जनपद में सक्रिय है और जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को बैंकिंग सेवाओं व सुरक्षित लेन-देन के प्रति शिक्षित कर रही है।

**वित्तीय साक्षरता पुस्तक का विमोचन**- कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वित्तीय साक्षरता पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक ने कहा कि च्वित्तीय साक्षरता से सशक्त ग्राम, आत्मनिर्भर भारत का निर्माणज्ज केवल नारा नहीं, बल्कि जनभागीदारी से साकार होने वाला संकल्प है। उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था (आरसेटी) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करती है। ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, मोटर बाइंडिंग, मोबाइल रिपेयरिंग सहित विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण केंद्र गायखुरी में पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के समीप स्थित है।

## जिले में 20508 किसानों से 125883.7 मीट्रिक टन धान की गई खरीदी

उमरिया (स्वतंत्र मत)

सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 44 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से जिले में 20508 किसानों से 125883.7 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है । पंजीकृत किसानों की संख्या 27949 है । स्लॉट बुकिंग की संख्या 25943 है । कुल धान परिवहन का प्रतिशत 73 है। जेआईटी पोर्टल के माध्यम से 162.30 करोड रूपये की राशि भुगतान की गई है ।

## सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**उमरिया** । जिला पंचायत उमरिया की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 6 जनवरी को अपरान्ह 1 बजे से जिला पंचायत सभागार में आहूत की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

# फसलों की पाले से सुरक्षा हेतु किसानों को सलाह

उमरिया (स्वतंत्र मत)

उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने पाले से फसलो की सुरक्षा हेतु सलाह दी है कि पाला का पूर्वानुमान: जिस दिन आकाश पूर्णतया साफ हो, वायु में नमी की अधिकता हो या कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा कम हो एवं भूमि का तापमान शून्य डिग्री सेंटीग्रेट अथवा इससे कम हो जाए, ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाता है। इस साथ ही पौधों की पत्तियों में उपस्थित जल ठंड से बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जिससे पत्तियों की कोशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है। पाला से बचाव के उपाय- पाला पड़ जाने पर नुकसान की संभावना अत्यधिक होती है। ऐसी स्थिति में किसान भाई सावधानी अपना कर फसलो को बचा सकते हैं। पाले की संभावना पर रात में खेत में चारो ओर 6 से 8 जगह पर धुआं करना चाहिये। यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तिया जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जिससे खेत गीला हो जाए। रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चले। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है। रसायन से पाला नियंत्रण वैज्ञानिकों द्वारा रसायनों का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये गए हैं। उदाहरणार्थ घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत् का घोल (3 से 5 एम.एल./ली. पानी के साथ) घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत बोरान 0.1 प्रतिशत घोल (3 से 5 एम.एल./ली. .1 एम.एल. पानी के साथ) गंधक के एक लीटर तेजाब को 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़कने से लगभग दो सप्ताह तक फसल पाले के प्रकोप से मुक्त रहती है। रसायनों में विशेषतया गंधक के तेजाब का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक तथा किसी कृषि विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिये। उपरोक्त में से कोई भी एक घोल बनाकर छिड़काव करके फसल को पाले से बचाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये आपके क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं तकनीकी सलाह हेतु नजदीकी कृषि विज्ञान केन्द्र से संपर्क कर सकते है।

# नपा अध्यक्ष ने किया जल शोधन संयंत्र एवं जल वितरण व्यवस्था का निरीक्षण

**उमरिया।** नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह द्वारा खलेसर स्थित जल शोधन संयंत्र एवं जल वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर एवं उपयंत्री श्री देवकुमार गुप्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय जल शोधन प्रक्रिया, संयंत्र में स्थापित मशीनों की कार्यशीलता, जल गुणवत्ता, जल टंकियों की स्थिति तथा नगर की पाइपलाइन वितरण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने इंदौर नगर निगम क्षेत्र में दूषित जल वितरण के कारण हुई जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से सबक लेते हुए उमरिया नगर पालिका क्षेत्र में किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरवासियों को शुद्ध, स्वच्छ एवं



सुरक्षित पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए। जल शोधन संयंत्र के नियमित रख-रखाव, जल गुणवत्ता की समय-समय पर अनिवार्य जांच, जल टंकियों की नियमित सफाई एवं सैनिटाइजेशन तथा पाइपलाइन में संभावित लीकेज की त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष ने जल वितरण की निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से पालन करने एवं नागरिकों की जल संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि जल का सदुपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की जल संबंधी समस्या या संदूषण की आशंका होने पर तत्काल नगर पालिका कार्यालय को सूचित करें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया** । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों,मानवाधिकार के पत्रों,फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि धान उपार्जन केंद्रों में बारदानो की



कमी को दूर किया जाए तथा धान के परिवहन में तेजी लाई जाए। अत्यधिक ठंड की स्थिति को देखते हुए टेंट,अलाव,पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आबकारी विभाग से कहा कि जिले मे हो रही अवैध पैकारी एवं अवैध शराब की बिक्री पर सख्य कार्यवाही की जाए। प्रधानमंत्री आवास का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियो को दिए। उन्होने कहा कि जिन आश्रमों, छात्रावासो मे तीन वर्ष से अधिक समय से अधीक्षक पदस्थ है,उनकी जगह नये अधीक्षको को तैनात किया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, प्रभारी एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर उमरिया जिले में सेवा सप्ताह, तीनों ब्लॉकों में होंगे विविध सामाजिक कार्यक्रम

उमरिया (स्वतंत्र मत)

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा उमरिया द्वारा 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक जिलेभर में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा, भोपाल के निर्देशानुसार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों से जोड़ते हुए सेवा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है। रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के सभापति अखिलेश त्रिपाठी, प्रदेश प्रतिनिधि मान सिंह, सचिव राकेश शर्मा एवं प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन में सेवा सप्ताह के समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रमों के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन हेतु जिले के तीनों विकासखंडों में संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। ब्लॉकवार संयोजक नियुक्ति करकेली ब्लॉक में संयोजक अनुराग तिवारी, सह संयोजक




संतोष त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश तिवारी, शशांक अग्रवाल एवं श्री तेज सिंह ठाकुर , मानपुर ब्लॉक में संयोजक देवेंद्र जायसवालसह संयोजक डॉ. अमृत लाल जायसवाल एवं विनय चतुर्वेदी, पाली ब्लॉक में संयोजक बहादुर सिंह , सह संयोजक योगेश द्विवेदी एवं डॉ. आर.बी. सिंह होगे। सेवा सप्ताह के अंतर्गत 6 जनवरी को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों में वैचारिक चेतना का विकास हो। 7 जनवरी को युवाओं के बौद्धिक विकास हेतु भाषण, वाद-विवाद एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर सार्थक चर्चा की जाएगी। 8 जनवरी को स्वच्छ भारत स्वस्थ समाज अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर प्रदर्शन एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित होंगी। 9 जनवरी को नशामुक्त समाज एवं स्वस्थ युवादृस्वस्थ भारत के संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली निकाली जाएगी। 10 जनवरी को सेवा कार्य दिवस के रूप में वृद्धाश्रम, बाल संरक्षण केंद्रों एवं जरूरतमंद वर्ग के बीच सेवा गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। 11 जनवरी को आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा । 12 जनवरी को सेवा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित कर रक्तदान के महत्व को बताते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि सेवा सप्ताह के कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से संचालित किए जाएंगे तथा यह अभियान युवाओं में सेवा, अनुशासन, मानवीय संवेदना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करेगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा उमरिया ने जिलेवासियों, युवाओं, स्वयंसेवकों एवं सामाजिक संगठनों से सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

## विज्ञान भारती करेंगी रजिस्ट्रेशन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विज्ञान भारती इकाई जिले में ट्रेडिशनल मेडिसिन नॉलेज होल्डर्स का पंजीकरण करेगी। विज्ञान भारती ने पंजीकरण के लिए ट्रेडिशनल मेडिसिन रिसर्च ट्रेनिंग एंड रजिस्ट्रेशन इनिशिएटिव प्रारंभ किया है। इसके अंतर्गत ट्रेडिशनल मेडिसिन नॉलेज होल्डर्स का पंजीकरण किया जा रहा है। भारतीय विज्ञान सम्मेलन 2025 के इवेंट परम्परागत लोक स्वास्थ्य अनुसंधान ट्रेडीशनल हीलर्स कांफ्रेंसमें विस्तार से चर्चा की गई और रोडमैप घोषणा की गई इस इवेंट में परम्परागत जडी-बूटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विकास परिषद एवं अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता को डेलीगेट के रूप में आमंत्रित किया गया था। गजेन्द्र गुप्ता को भारतीय विज्ञान सम्मेलन 2025 में सहभागिता का प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## स्कूलों का अवकाश आज तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वर्तमान में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों केन्द्रीय विद्यालय सीबीएसई बोर्ड एवं अनुदान प्राप्त सहित कक्षा नर्सरी से आठवीं के लिये 5 एवं 6 जनवरी तक सामान्य अवकाश घोषित किया गया है ताकि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने निर्देशित किया है कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यालयीन कार्य किया जाना सुनिश्चित करेंगे अवकाश के कारण बाधित शैक्षणिक पाठयक्रम की पूर्ति अन्य कार्य दिवसों में अतिरिक्त कालखण्ड लगाकर की जाएगी।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्रीमती संतोषी बाई पति रूपलाल निवासी ग्राम मुकास खुर्द, तहसील निवास की 12 अगस्त को कुएं में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पति रूपलाल पिता जेठू के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## कलेक्टर ने ली उपार्जन बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने उपार्जन से जुड़े विभागों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे उपार्जन कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए ज़रूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपार्जित की जाने वाली फसल के परिवहन की गति बढ़ाएं तथा भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें कलेक्टर ने कहा कि खुले में फैले हुए धान को व्यवस्थित करें तथा उपार्जित फसल भीगने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माना एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने उर्वरक की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवहन में लगने वाले वाहनों की जानकारी प्रतिदिन भेजें।

## 31 जनवरी तक अंतिम तिथि

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा इस विभाग की अधिसूचना 30 मार्च 2015 के द्वारा दिव्यांगजन कर्मचारियों को वृत्तिकर में छूट पाने का लेख है। शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग प्रमुख मार्च 2026 में दिव्यांगजन कर्मचारी के वृत्तिकर में छूट प्रावधानों के अंतर्गत कर्मचारी के आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड समग्र सदस्य आईडी एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) संलग्न कर 31 जनवरी 2026 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## अनुदान सहायता स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रेमलाल पिता देवलाल निवासी ग्राम मंगलगंज तहसील नारायणगंज के 25 जून 2025 को अतिवृष्टि से बाढ़ आने के कारण रहवासी कच्चे मकान की खाद्यान्न सामग्री क्षतिग्रस्त तथा गौशाला गिरने से 2 नग बछड़ा, 3 नग भैंस के दबने से मृत्यु हो जाने के कारण अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा गौशाला के 3 हजार रूपए, 2 बछड़ा के 40 हजार रूपए, 3 भैंस के 1 लाख 12 हजार 500 रूपए, इस प्रकार कुल 1 लाख 55 हजार 500 रूपए पीड़ित व्यक्ति प्रेमलाल पिता श्री देवलाल के खाते में अनुदान सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## कलेक्टर ने किया सड़क का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने महाराजपुर की मुख्य सड़क का अवलोकन किया। यहां उन्होंने सड़क निर्माण के साथ-साथ साइड फिलिंग और प्योर ब्लॉक लगाने के कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही समाग्री को सड़क से हटाना सुनिश्चित कराएं। प्योर ब्लॉक लगाने के साथ ही बालू की फिलिंग कराएं।

# पं. ललित मिश्रा की प्रेरणा से की सनातन धर्म में वापसी

## कहा- पारिवारिक संकट के समय उम्मीद और सहारे की तलाश में किया था धर्म परिवर्तन




मण्डला(स्वतंत्रमत)

आस्था और श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम सुरंगदेवरी में आयोजित श्री गणेश पुराण कथा केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं रही बल्कि यह सनातन संस्कृति परंपरा और आत्मिक जागरण का सशक्त मंच बनकर उभरी है। इस पावन आयोजन के दौरान एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक घटनाक्रम सामने आया जब लगभग 15 लोगों ने ईसाई (क्रिश्चियन) धर्म को त्यागकर पुनः हिन्दू धर्म में घर वापसी की है। जो लोग अपने हिन्दू धर्म में पुनः वापस आए उन्हीं लोगों के हाथों से महाआरती संपन्न कराई गई जिससे यह क्षण और भी अधिक भावनात्मक व ऐतिहासिक बन गया। महाआरती के दौरान पूरे आश्रम में हर-हर महादेव, जय श्रीराम, जय श्री गणेश और जय सनातन धर्म के जयघोष गूंज उठे। लौटे हुए लोगों की आंखों में जहां आत्मसंतोष और शांति साफ झलक रही थी वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। महाआरती के समय वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और दीपों की ज्योति ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। जिन हाथों ने वर्षों बाद पुनः अपने आराध्य की आरती उतारी वे हाथ आज गर्व और श्रद्धा से कांपते नजर आए। कई लोगों ने भावुक होकर कहा कि यह क्षण उनके जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय पल है मानो वे फिर से अपने मूल संस्कारों और पूर्वजों की परंपरा से जुड़ गए हों। इस अवसर पर कथावाचक पंडित ललित मिश्रा ने कहा कि यह महाआरती केवल एक धार्मिक क्रिया नही बल्कि घर वापसी करने वाले लोगों के आत्मिक पुनर्जन्म का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कभी किसी को ठुकराता नहीं बल्कि लौटने वाले हर व्यक्ति को खुले हृदय से स्वीकार करता है। महाआरती के बाद सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया और समाज के लोगों ने उन्हें गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि सनातन धर्म प्रेम करुणा और समरसता का मार्ग है जहां कोई भी व्यक्ति अपनी आस्था के साथ कभी भी लौट सकता है। श्री सिद्धेश्वर धाम सुरंगदेवरी में हुआ यह आयोजन आने वाले समय में समाज के लिए प्रेरणा और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त उदाहरण बनेगा। यह क्षण न केवल आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी गहरी आस्था और आत्मचिंतन का विषय बन गया। इस कथा का वाचन कर रहे कथावाचक पंडित ललित मिश्रा ने अपने ओजस्वी, तथ्यपरक और संवेदनशील प्रवचनों के माध्यम से लोगों के मन में सनातन धर्म के प्रति नई चेतना जागृत की। कथा के दौरान उन्होंने भगवान गणेश के जीवन उनके संदेशों धर्म कर्म संस्कार और मानव जीवन के उद्देश्य को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया जिसने श्रोताओं को भीतर तक झकझोर दिया। यही कारण रहा कि वर्षों पहले किसी न किसी मजबूरी, बीमारी या पारिवारिक संकट के कारण धर्म परिवर्तन कर चुके लोग अपने मूल धर्म की ओर पुनः लौटने के लिए प्रेरित हुए। घर वापसी करने वाले अधिकांश लोगों ने स्वयं स्वीकार किया कि उन्होंने किसी धार्मिक वैचारिक असहमति के कारण नहीं बल्कि बीमारी आर्थिक तंगी या पारिवारिक संकट के समय उम्मीद और सहारे की तलाश में धर्म परिवर्तन किया था। उस समय उन्हें लगा कि शायद धर्म बदलने से उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। लेकिन समय के साथ उन्हें यह एहसास हुआ कि धर्म केवल बाहरी पहचान नहीं बल्कि संस्कार परंपरा और आत्मा से जुड़ा विषय है। श्री गणेश पुराण कथा के दौरान जब पंडित ललित मिश्रा ने यह स्पष्ट किया कि सनातन धर्म किसी डर या लालच से नहीं बल्कि ज्ञान करुणा और आत्मबोध से जुड़ा है तो लोगों के भीतर वर्षों से दबा आत्मसंघर्ष सामने आ गया। कथा के मंच पर कई लोगों की आंखों में आंसू थे तो कई ने हाथ जोड़कर अपने पूर्वजों की परंपरा में लौटने का संकल्प लिया। सुरंगदेवरी और आसपास के क्षेत्रों में इस कथा का व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार कथाओं और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन रहा है। पंडित ललित मिश्रा द्वारा लगातार किए जा रहे कथा प्रवचनों से न केवल धर्मांतरण पर रोक लगी है बल्कि पहले से धर्म परिवर्तन कर चुके कई लोग भी अपने मूल धर्म में वापस लौट रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह केवल धर्म परिवर्तन या घर वापसी का विषय नहीं है बल्कि यह अपनी संस्कृति, परंपरा और पहचान को पुनः अपनाने की प्रक्रिया है। सनातन धर्म में लौटने वाले लोगों का मंदिर प्रांगण में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया जिससे वातावरण और भी भावुक और आध्यात्मिक हो गया। कथावाचक पंडित ललित मिश्रा की भूमिका इस पूरे घटनाक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वे अपने प्रवचनों में किसी भी धर्म के प्रति द्वेष नहीं फैलाते, बल्कि सनातन धर्म की वैचारिक गहराई, सहिष्णुता और जीवन दर्शन को सामने रखते हैं। उनका कहना है कि धर्म परिवर्तन किसी मजबूरी का परिणाम नहीं होना चाहिए। सनातन धर्म हर परिस्थिति में मनुष्य को धैर्य, साहस और समाधान का मार्ग दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि घर वापसी करने वाले सभी लोग स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के अपने मूल धर्म में लौटे हैं। कथा के दौरान उन्होंने लोगों को यह समझाया कि ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग आत्मा की शुद्धता से होता है न कि किसी भय या प्रलोभन से।

# गायत्री परिवार की बैठक संपन्न



मण्डला(स्वतंत्रमत)

गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को गायत्री परिजनों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सक्रिय परिजनों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रामजी चंदन द्वारा की गई बैठक के दौरान रामजी चंदन ने गायत्री परिवार के केंद्रीय संस्थान शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त पत्र का वाचन किया। उन्होंने जानकारी दी कि गायत्री परिवार ट्रस्ट का वर्तमान कार्यकाल तीन वर्षों का सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर विगत तीन वर्षों में ट्रस्ट द्वारा किए गए धार्मिक सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की भी संक्षिप्त समीक्षा की गई शांतिकुंज से प्राप्त मार्गदर्शन एवं परिजनों के आपसी विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन 11 जनवरी को दोपहर 1 बजे गायत्री शक्तिपीठ में किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी परिजनों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया ट्रस्ट के परिजनों द्वारा जिले के सक्रिय गायत्री परिजनों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ट्रस्ट के पुनर्गठन की प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें बैठक का समापन युग ऋषि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों के स्मरण एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

## संक्रान्ति के पहले करें पुख्ता व्यवस्थाएं

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने महाराजपुर संगम घाट पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी मकर संक्रान्ति मेला में श्रृद्धालु बड़ी संख्या में संगम घाट पहुंचते हैं। मण्डला के अलावा अन्य जिलों के लोग भी यहां आकर दर्शन-पूजन करते हैं इसलिए संक्रान्ति मेला से पहले साफ सफाई सुरक्षा तथा पेयजल जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने संगम पुरवा पुल निर्माण एजेंसी के प्रबंधक को निर्देशित किया कि पुल निर्माण के दौरान एकत्र मलबा हटवाएं। सीएमओ नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि संगम घाट पर स्नान क्षेत्र की मार्किंग कराएं और आवश्यकता अनुसार मेला स्थल और घाट पर बेरिकेटिंग करें। उन्होंने संगम तट पर गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यहां तत्काल सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर सफाई सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को संक्रान्ति तक प्रतिदिन दो बार मेला स्थल और संगम तक के निरीक्षण करने के लिए कहा। बूढ़ी माई मंदिर परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अव्यवस्थित रेहड़ी लगाए जाने पर परिसर को खाली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेले और रेहड़ी वालों को एक ओर शिफ्ट कराएं ताकि श्रृद्धालुओं को परेशानी न हो।

# शिव पुराण में भक्तों की उमड़ी भीड़



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक तीन सरगम कालोनी में 30 दिसबर से 8 जनवरी तक आयोजित शिव पुराण में विशिष्ट सभी के सहयोग एवं बरगी जबलपुर से आये कथावाचक पंडित रामगोपाल उपाध्याय के द्वारा शिव महापुराण का वाचन किया जा रहा है। यहां हिन्दु धर्म के अठारह प्रमुख पुराणों में से एक है जो कि मुख्य रूप से भगवान शिव और देवी पार्वती पर क्रेन्द्रित है जिसमें उनके विभिन्न रूपों ज्योतिर्लिंग ज्ञान महिमा पूजा पद्धति शिक्षा प्रद कथाओं का विस्तार से वर्णन है जो शैव मत से सम्बंधित है और शिव की सर्वोच्च सत्ता करूणा और सृष्टि का आधार के रूप में व्याख्या करता है तथा इसके अध्ययन और शिव महापुराण कथा सुनने से ही सुख समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है। देवो के दैव महादेव भगवान की शिव पुराण की कथा सरल भाषा अविरल बह रही है जिसको ग्रहण करने क्षेत्र के सैकड़ों भक्तगढ़ मातृ शक्ति का सैलाब उमड़ रहा है।

# राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



नैनपुर( स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर उत्साह और उल्लास के साथ सावित्री और उनके जीवन पर आधारित ड्रामा एवं गानों पर नृत्य, समान शिक्षा अभियान का ड्रामा, शिक्षा के कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान एवं प्रश्नोत्तरी के साथ पुरस्कार वितरण किया गया। उपस्थित बच्चों के द्वारा आओ रे शिक्षा लेने आओ रे% गाने के साथ सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा को मंच पर लाए।

धन्य धन्य सावित्रीबाई% गाने के साथ सावित्रीबाई और उनके योगदान को याद करते हुए लोग भावुक होते देखे गए। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के सम्बोधन में सावित्रीबाई फुले के योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई ने ही हजारों वर्षों से शिक्षा से वंचित समुदायों और महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने सावित्रीबाई के संघर्ष को भी लोगों के सामने रखा। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्विज का भी आयोजन किया गया। इसमें सभी उपस्थित लोग सहभागी हुए। सावित्रीबाई के योगदान, शिक्षा का अधिकार कानून और समग्र शिक्षा अभियान पर आधारित इस अनोखे क्विज में बच्चों और बढ़ों ने सही उत्तर दिए और आकर्षक इनाम भी जीते। इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह की विशेषता यह रही कि इसे समान शिक्षा अभियान के थीम दी गयी थी।

# वन्य जीव अपराध नियंत्रण में सम्मानित



मण्डला/बिछिया

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं सतत पर्यवेक्षण में थाना बिछिया पुलिस द्वारा वन्यजीव अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई थी। 28 जनवरी 2024 को थाना बिछिया पुलिस ने सटीक सूचना एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए बाघ की खाल के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना बिछिया में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की विधिक कार्यवाही की गई थी इस सराहनीय कार्य और दक्षता के लिए वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा तत्कालीन पुलिस टीम को नगद पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है 3 जनवरी को एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी द्वारा थाना बिछिया में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस स्टाफ को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मंडला में होने जा रहे हिंदू सम्मेलन की तैयारी तेज

## अगवानी कलश का नैनपुर में भव्य स्वागत



नैनपुर(स्वतंत्र मत)

मंडला में प्रस्तावित भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में सम्मेलन की अगवानी कलश यात्रा नैनपुर नगर पहुंची । जहां हिंदू संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा उसका भव्य स्वागत किया गया। नगर में अगवानी कलश के आगमन पर जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने कलश का पूजन-अर्चन किया । वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मंडला में आयोजित होने वाला हिंदू सम्मेलन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संदेश देगा। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है और नैनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा के 9 संकल्प यात्रा पर 9400 किमी सायकल यात्रा कर नैनपुर पहुँचे हरियाणा के दीपक शर्मा

## भाजपाईयों एवं जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



नैनपुर( स्वतंत्र मत)

पानीपत हरियाणा से भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा अपनी राष्ट्रव्यापी साइकिल यात्रा के दौरान नैनपुर पहुंचे। नैनपुर आगमन पर आर्यन झारिया सहित भाजपाइयों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

दीपक शर्मा ने नैनपुर पहुंचने के लिए लगभग 9400 किलोमीटर की कठिन साइकिल यात्रा पूर्ण की। वे बीते लगभग 7 महीनों से निरंतर साइकिल यात्रा कर रहे हैं। दीपक शर्मा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान वे तीन धामों की पवित्र यात्रा भी पूर्ण कर चुके हैं। यह यात्रा उनके दृढ़ संकल्प, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक मानते है

यह साइकिल यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संकल्प के साथ तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को दिए गए 9 संकल्पों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दे रहे हैं।

दीपक शर्मा की यह प्रेरणादायक यात्रा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को मजबूती प्रदान करते हुए समाज में सकारात्मक जागरूकता का कार्य कर रही है।

नैनपुर आगमन पर स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने दीपक शर्मा की सुरक्षित, सफल एवं निरंतर यात्रा की कामना की।

संपादकीय

# अमरीका की दहशत

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला पर रात में करीब 2 बजे चौतरफा हमले कराकर और वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को उनके बेडरूम में ही बंधक बनाकर साबित कर दिया है कि दुनिया अमरीका के मुताबिक ही चलेगी। अमरीकी सत्ता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। अमरीकी राष्ट्रपति का आदेश ही 'वैश्विक कानून' है। अमरीकी राष्ट्रपति को वहां की संसद (कांग्रेस) और अदालत की भी परवाह नहीं है। वह ही 'वैश्विक साम्राज्यवादी शासक' है। उसके सामने संयुक्त राष्ट्र आम सभा और सुरक्षा परिषद बिल्कुल बेमानी हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार दोहराया कि जो मादुरो के साथ हुआ है, वह किसी के भी साथ हो सकता है! लिहाजा डर, खौफ और खतरा भांपते हुए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने सेनाओं को अलर्ट कर दिया है और सीमाओं पर तैनाती के आदेश दिए हैं। क्या अगली बारी ईरान के सुप्रीम लीडर की है? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने कथित तानाशाह मादुरो को हटाने और नार्को आतंकवाद के अपराध में दंडित करने के लिए ही वेनेजुएला के रक्षा मंत्री के आवास, हवाई अड्डे, एयरबेस, वायुसेना मुख्यालय, सैन्य रणनीतिक कार्यालय आदि पर बम-वर्षा के आदेश दिए हों, दरअसल ऐसा नहीं है। अमरीका की नजरें वेनेजुएला के करीब 305 अरब बैरल तेल के भंडारों और 1.36 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के बेशकीमती खनिजों पर थी। दुनिया के 20-22 फीसदी से अधिक तेल के भंडार वेनेजुएला में हैं। मादुरो को बंधक बनाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें उन्होंने साफ ऐलान कर दिया कि अब वेनेजुएला पर अमरीका का कब्जा है। जो ऑपरेशन किया गया, वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा ऑपरेशन था। अब वेनेजुएला के तेल कारोबार को अमरीकी कंपनियां देखेंगी। अमरीका खूब पैसा कमाएगा। मादुरो के शासन में अमरीकी तेल की चोरी की गई। अब मादुरो और उनकी पत्नी पर अमरीका में ही मुकदमा चलाया जाएगा। हम मादुरो को कड़ी सजा दिलवाएंगे। अमरीका ने पनामा के तानाशाह राष्ट्रपति मैनुअल नोरिएगा, ग्रेनेडा के शासक, इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन, लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी आदि को गिरफ्त में लेकर जो बर्ताव किया था, संभवतः वही नियति मादुरो की लगती है। अमरीकी विशेष कमांडोज ने ही अलकायदा के सरगना लादेन और आईएसआईएस के खलीफा सरगना बगदादी को भी खत्म किया था। दरअसल अमरीका के सामने वेनेजुएला 'मेमना देश' है, लिहाजा वह क्या चुनौती देता! राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को 'सेफ हाउस' से ही अगवा किया गया, तब पूरी सुरक्षा व्यवस्था क्या कर रही थी? वेनेजुएला के लाखों सैनिक और मिलिशिया कहां थे? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि हमने वेनेजुएला की सैन्य-क्षमता को बिल्कुल शक्तिहीन कर दिया। बेशक यूरोपीय संघ के अधिकतर देशों, रूस, चीन, ईरान, क्यूबा, ब्रिटेन, मेक्सिको, ब्राजील, कोलंबिया आदि ने अमरीकी हमले की निंदा की है। उसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। इन बयानों से क्या होगा? यदि मामला सुरक्षा परिषद में जाता है, तो अमरीका उस प्रस्ताव के खिलाफ 'वीटो' कर देगा। इसी तरह प्रस्ताव रूस और चीन के खिलाफ आए हैं, तो वे 'वीटो' करते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने साबित कर दिया है कि वह ही दुनिया के 'सुप्रीम' हैं। जो अमरीका का विरोध करेंगे या साजिशों में शामिल होंगे, उनका हश्र मादुरो जैसा ही होगा। लिहाजा यूरोप का यह कथन सटीक लगता है कि ट्रंप दुनिया के लिए नया खतरा हैं।

# वेनेज़ुएला संकटः अमेरिकी निरंकुशता और वैश्विक कानूनों का हनन



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

वेनेज़ुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और राष्टपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था वास्तव में नियम-कानूनों से संचालित होती है या फिर ताकतवर राष्ट्रों की इच्छा ही वैश्विक न्याय का नया मानदंड बन चुकी है। निश्चित तौर पर वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमला महाशक्तियों की निरंकुशता को दर्शा ही रहा है, यह वैश्विक कानूनों का अतिक्रमण भी है, जो अमेरिकी दादागिरी का त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण संकेत है, वह केवल लैटिन अमेरिका तक सीमित घटना नहीं है, बल्कि समूची दुनिया के लिये एक खतरनाक मिसाल है। अमेरिका ने जिस तरह से वेनेज़ुएला में सैन्य कार्रवाई करके वहां के राष्टपति को गिरफ्तार किया है, उससे जुड़े कूटनीतिक, राजनीतिक और अन्तराष्ट्रीय कानून संबंधी सवाल जो खड़े हुए ही हैं, पर अमेरिका को हस्तक्षेप का अवसर देने के लिये मादुरो की नीतियां भी चर्चा में आई हैं। वेनेज़ुएला पर अमेरिकी हमले की वजहें हो सकती है, लेकिन ट्रंप को यह तो सुनिश्चित करना ही होगा कि यह राष्ट्र अस्थिरता का अड्डा न बन जाये।

अमेरिका और उसके राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को वैश्विक शांति का मसीहा घोषित करते नहीं थकते, लेकिन उनकी नीतियां और कार्रवाइयाँ बार-बार युद्ध, हस्तक्षेप और सत्ता परिवर्तन की मानसिकता को उजागर करती हैं। यह वही अमेरिका है जो एक ओर लोकतंत्र, मानवाधिकार और संप्रभुता की दुहाई देता है, तो दूसरी ओर एक संप्रभु राष्ट पर आक्रमण और उसके राष्टपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्टीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्टीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। इस तरह की दोहरी नीतियां केवल विडंबनापूर्ण नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिये घातक है। वेनेज़ुएला संकट को केवल मादुरो बनाम अमेरिका के टकराव के रूप में देखना वास्तविकता को सरलीकृत करना होगा। इसमें संदेह नहीं कि मादुरो सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन, दमनकारी नीतियों, चुनावी अनियमितताओं और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर आरोप रहे हैं। लाखों वेनेज़ुएलावासी देश छोड़ने को मजबूर हुए, अर्थव्यवस्था चरमरा गई और जनता त्रस्त हुई। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि किसी देश की आंतरिक विफलताओं को आधार बनाकर बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को वैध ठहराना अंतर्राष्टीय कानूनों की आत्मा के विरुद्ध है। यदि यही मापदंड हो, तो दुनिया के अनेक देशों में बाहरी हस्तक्षेप का अंतहीन सिलसिला शुरू हो सकता है।



दरअसल, वैश्विक कूटनीति के जानकारों का मानना है कि वेनेज़ुएला के मामले में अमेरिका की असली चिंता न लोकतंत्र है और न ही मानवाधिकार, बल्कि वहां के विशाल तेल भंडार हैं। वेनेज़ुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक पर बैठा देश है और ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की अमेरिकी भूख कोई नई बात नहीं है। इराक, लीबिया और अफगानिस्तान इसके उदाहरण हैं, जहां 'लोकतंत्र स्थापना' के नाम पर हस्तक्षेप हुआ, लेकिन परिणामस्वरूप अस्थिरता, गृहयुद्ध और मानवीय संकट ही पैदा हुआ। ट्रंप का यह बयान कि मादुरो को पकड़ने के अभियान का खर्च वेनेज़ुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, इस पूरे घटनाक्रम की मंशा को बेनकाब करता है। यह कथन स्पष्ट करता है कि यह कार्रवाई न्याय या नैतिकता से नहीं, बल्कि संसाधनों पर नियंत्रण की साम्राज्यवादी सोच से प्रेरित है। किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों पर इस तरह दावा करना उपनिवेशवादी मानसिकता का आधुनिक संस्करण है।

इस अमेरिकी कार्रवाई के भू-राजनीतिक परिणाम भी गहरे और दूरगामी होंगे। रूस और चीन ने इसे नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये गंभीर खतरा बताया है। मादुरो के आलोचक रहे कुछ अमेरिकी सहयोगी देश भी अब खुलकर चिंता जता रहे हैं। यह संकट वैश्विक ध्रूवीकरण को और तेज कर सकता है। विशेष रूप से चीन को इस घटनाक्रम से अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर ताइवान पर अमेरिकी आलोचना को कमजोर करने का अवसर मिल सकता है। यदि अमेरिका स्वयं संप्रभुता का उल्लंघन करता है, तो वह दूसरों को किस नैतिक आधार पर संयम की सलाह देगा? वेनेज़ुएला संकट का एक और चिंताजनक पहलू वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला प्रभाव है। तेल उत्पादन और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का सीधा असर अंतर्राष्टीय बाजारों पर पड़ता है। तेल कीमतों में उछाल पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर सकता है, विशेषकर विकासशील देशों को। भारत जैसे देशों के लिये यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है, जहां ऊर्जा आयात पर निर्भरता अधिक है। यही कारण है कि भारत ने इस घटनाक्रम पर संतुलित रुख अपनाते हुए चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संवाद व कूटनीतिक समाधान की वकालत की है।

भारत का यह दृष्टिकोण न केवल व्यावहारिक है, बल्कि नैतिक रूप से भी अधिक जिम्मेदार है। युद्ध और हस्तक्षेप किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। इतिहास गवाह है कि इराक और अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप के बाद अमेरिका को अंततः अपमानजनक विदाई का सामना करना पड़ा, लेकिन वे देश आज भी स्थिरता और शांति से कोसों दूर हैं। युद्ध शुरू करना भले आसान हो, लेकिन शांति और सुशासन स्थापित करना अत्यंत कठिन होता है-यह सत्य अमेरिका बार-बार भूलता रहा है। ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह स्वयं को शांति का अग्रदूत बताता है, लेकिन उसकी हर बड़ी विदेश नीति पहल टकराव और दबाव की राजनीति पर आधारित दिखती है। यह दोहरी मानसिकता न केवल अमेरिका की विश्वसनीयता को कमजोर करती है, बल्कि संयुक्त राष्ट और अंतर्राष्टीय कानूनों की प्रासंगिकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि शक्तिशाली राष्ट अपने हितों के अनुसार नियम तोड़ने लगें, तो वैश्विक व्यवस्था अराजकता की ओर बढ़ेगी।

वेनेज़ुएला का संकट पूरी दुनिया के लिये एक चेतावनी है। यह बताता है कि आज भी शक्ति-राजनीति मानवता, शांति और कानून से ऊपर रखी जा रही है। जरूरत इस बात की है कि अंतर्राष्टीय समुदाय एकजुट होकर इस तरह के एकतरफा हस्तक्षेपों का विरोध करे और संवाद, कूटनीति तथा बहुपक्षीय समाधान को प्राथमिकता दे। किसी भी देश में सत्ता परिवर्तन का निर्णय वहां की जनता को करना चाहिए, न कि विदेशी सेनाओं को। अंततः, अमेरिका को यह समझना होगा कि किसी 'निरंकुश शासक' को हटाना शायद सैन्य शक्ति से संभव हो जाए, लेकिन किसी देश को स्थायी शांति, स्थिरता और समृद्धि देना केवल टैंकों और बमों से नहीं हो सकता। इसके लिये धैर्य, संवेदनशीलता और अंतर्राष्टीय कानूनों के प्रति सम्मान आवश्यक है। यदि अमेरिका वास्तव में वैश्विक शांति का पक्षधर है, तो उसे अपनी दोहरी नीति त्यागनी होगी। अन्यथा, वेनेज़ुएला जैसी घटनाएँ बार-बार दोहराई जाएंगी और दुनिया एक और अस्थिर, असुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ती जाएगी।

# 'शांतिदूत' की दादागिरी



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांतिदूत वाली अपनी छवि बनाने की कोशिश तो बहुत की। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष समेत आठ युद्ध रुकवाने का दावा किया और खुद को शांति का मसीहा बताया। यहां तक कि नोबेल शांति पुरस्कार पर दावा भी जता दिया लेकिन उन्होंने नववर्ष के तीसरे ही दिन वेनेजुएला पर हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। ऐसा करके ट्रंप ने दुनिया में अशांति फैला दी है। यह अमेरिकी सेना का हैरतंगेज मिशन था जिसमें उसका कोई प्रतिरोध नहीं हुआ यह एक संप्रभु देश के खिलाफ ताकत का घोर इस्तेमाल और अमेरिका की अधिपत्यवादी कार्रवाई है। अमेरिका का हमला अंतर्राष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है और शांति और सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाला एक्शन है। वेनेजुएला पर हमले को लेकर दुनिया बंटी हुई है। संयुक्त राष्ट्र एक मृत संस्था है, उसकी सुनेगा कौन?

ट्रंप ने दादागिरी करके न केवल लैटिन अमेरिकी देशों को बल्कि चीन और रूस को भी दिखा दिया है कि अगर कोई भी देश उसकी खींची गई लाइन पर नहीं चलेगा तो वहां तख्तापलट करवा दिया जाएगा। वैसे ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में विदेशी धरती पर कुल 622 बम गिरा चुके हैं। सीरिया, नाइजीरिया, ईरान, सोमालिया, यमन और ईराक पर अमेरिका बम गिरा चुका है। ट्रंप के इशारे पर ही बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को कार्यवाहक सरकार का मुखिया बनाकर अपनी कठपुतली बनाया है। ऐसा ही वेनेजुएला में करना चाहता है। वेनेजुएला पर कहानी के पीछे खेल कुछ और है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है जिसे 303 अरब बैरल से भी ज्यादा बताया जाता है। कई प्रतिबंधों की वजह से यह अब तक अनछुआ भंडार है। इसके अलावा उसके पास सोने और गैस का भी जबर्दस्त भंडार है। यूं तो वेनेजुएला की ओर से इन पदार्थों का निर्यात न के बराबर है लेकिन अगर अमेरिका की इस तक पहुंच होती है तो ट्रंप प्रशासन को मध्य पूर्व (भारत के पश्चिम एशिया) में तेल की खरीद पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वह सीधे वेनेजुएला के तेल भंडार का दोहन करके अपने ऊर्जा बाजार को आगे बढ़ा सकता है और अपने तेल रिजर्व को सुरक्षित भी रख सकता है। इसके अलावा वेनेजुएला में बीते वर्षों में जिस तरह से भू -राजनीतिक घटनाक्रम बदले हैं, वह भी अमेरिका के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। दरअसल, वेनेजुएला के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण होने के बाद से चीन और रूस ने वेनेजुएला से रिश्ते बढ़ाए हैं और उसे अरबों डॉलर की सहायता मुहैया कराई है। कई बार यह सहायता वेनेजुएला के तेल के लिए ही की गई है। दूसरी तरफ वेनेजुएला ने रूस, चीन, ईरान और क्यूबा से हथियार और सुरक्षा के लिए कई उपकरण भी हासिल किए हैं। ऐसे में ट्रंप सरकार वेनेजुएला पर दबाव बनाकर एक बार फिर पूरे दक्षिण अमेरिका में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश में है। निकोलस मादुरो तब से ट्रंप की आंखों में खटक रहे थे जब से उन्होंने अमेरिकी तेल कम्पनियों की सम्पत्ति जब्त की थी। अमेरिका आरोप लगाता रहा है कि वेनेजुएला की सरकार अमेरिका के लिए खतरा है। मादुरो ड्रग्स कार्टल चलाते हैं और खतरनाक ड्रग्स की तस्करी अमेरिका भी की जाती है। ट्रंप का यह भी आरोप है कि मादुरो की नीतियों से लाखों वेनेजुएलाई नागरिक देश छोड़ अमेरिका पहुंचे हुए हैं। अमेरिका पिछले कुछ दिनों से कथित रूप से ड्रग्स ले जाने वाली नावों को निशाना बना रहा था लेकिन नार्कोटिक विशेषज्ञों का कहना है कि वेनेजुएला तो ड्रग्स तस्करी का बहुत छोटा खिलाड़ी है। यह सही है कि मादुरो की सत्ता अवैध है लेकिन यह उसका आंतरिक मामला है। ट्रंप का असली मकसद तो तेल का खेल है। ऐसे विध्वंसक खेल अमेरिका पहले भी खेलता आया है लेकिन जब हम थोड़ा इतिहास पलटते हैं, तब हमें कुछ और ही कहानी दिखती है। वियतनाम वॉर में हजारों बेगुनाह मारे गए। अफगानिस्तान में 20 साल युद्ध चला। अफगान नागरिक आज भी उसका दंश झेल रहे हैं। एक झूठी खुफिया जानकारी के आधार पर इराक को तबाह कर दिया गया। इसी वजह से इस्लामिक स्टेट पैदा हुआ। हवाई हमलों में मासूम बच्चों की हत्याएं हुईं। मगर इन सबके सूत्रधार अमेरिका पर किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने उंगली तक नहीं उठाई। किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ आईसीसी ने अरेस्ट वॉरंट नहीं निकाला। मसलन, मार्च 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यु बुश ने इराक पर हमले का आदेश दिया था। कहना ये कि सद्दाम हुसैन के पास वैपंस ऑफ मास डिस्ट्रक्शन हैं। यानी, भयानक बर्बादी पैदा करने वाले हथियार। इसी को आधार बनाकर अमेरिका ने सेना उतारी। सद्दाम को अरेस्ट कर फांसी पर लटकाया और फिर कहा कि कैमिकल वैपन की बात भ्रामक थी। हमें इराक में ऐसा कोई हथियार नहीं मिला।

अमेरिका ने लीबिया में घुसकर कर्नल गद्दाफी को मारकर तख्तापलट किया था। जिस देश में भी अमेरिका घुसा वे सभी तबाह होकर रह गए। एक तरफ से अमेरिका ने वेनेजुएला को हड़प लिया है। ट्रंप वहां भी ऐसे नेता को सत्ता में लाकर कठपुतली सरकार बनाना चाहते हैं जो उनके इशारों पर चले। न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी कार्रवाई को एक्ट ऑफ वार बताया है। अमेरिका के विपक्षी दल और कमला हैरिस ने भी अमेरिकी कार्रवाई का विरोध किया है। ट्रंप ने मादुरो पर मुकदमा चलाने और सजा देने की बात कही है। इस मौके पर यह नहीं कहा जा सकता कि विश्व इस पर क्या प्रतिक्रिया देगा क्योंकि इजराइल-हमास युद्ध और रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी दुनिया बंटी हुई हैं। बड़े-बड़े देश बयानबाजी तो बहुत करते हैं लेकिन बड़ी ताकतों के सामने कोई किसी देश का साथ नहीं देता।

फिलिस्तीन और यूक्रेन के उदाहरण हमारे सामने हैं। जिस की लाठी उसकी भैंस इसी मुहावरे को प्रमाणित करती हुई दुनिया चल रही है। चीन, रूस और ब्राजील वेनेजुएला की कितनी मदद करते हैं यह देखना होगा। दुनियाभर के देशों को सतर्क होकर अपनी लाठी को मजबूत करना पड़ेगा अन्यथा दूसरे देशों में अमेरिकी दखल का खूनी इतिहास बार-बार दोहराया जाता रहेगा। मैं पहले कई बार लिखता आ रहा हूं कि विश्व शांति के लिए अगर कोई खतरा है तो वह है अमेरिका। शांति के नाम पर वह लगातार विध्वंस का खेल खेलता आया है। उसका अगला निशाना ईरान होगा यह भविष्य ही बताएगा। प्रमुख की लड़ाई जारी रहेगी।

# नए साल में संकल्प

संतोष उत्सुक

हमारे पास अभी काफी समय बाकी है। नए साल के लिए ज़रूरी संकल्प लेने में कई घंटे बाक़ी हैं। संकल्प लेने में दो चार मिनट ही लगते हैं और यह भी ज़रूरी नहीं कि संकल्प नया साल शुरू होने से पहले यानी इकतीस दिसंबर की रात बारह बजे से पहले लेना ही है। नए साल की पन्द्रह जनवरी तक ले सकते हैं मनचाहा संकल्प। हम तो लेट लतीफ़ हैं। क्या फर्क पड़ता है अगर दो चार दिन या सप्ताह देर हो गई। सब कहते हैं कि संकल्प ऐसा लेना चाहिए जो टूटे नहीं लेकिन लचीले वक्त की नजाकत को देखते हुए, ऐसा संकल्प लेना चाहिए जो टूट सके, तोडा मरोड़ा जा सके।



व्यंग्य

नए साल के लक्ष्य ज़रूरी नहीं कि हमारे विचार या शौक से सम्बद्ध हो या जिन्हें पूरा करना आसान हो। संकल्प अपने लिए तो होता नहीं, फेसबुक पर डालने या दूसरों को दिखाने, जताने और जलाने के लिए होता है। संकल्प हमेशा घुमा फिर कर लेना चाहिए, मन ही मन सोचें वक्त मिला तो कर लेंगे। महीने में सिर्फ एक बार करेंगे। सिर्फ रात को करेंगे या फिर जब संसार सो रहा होगा तब करेंगे। सोते हुए करेंगे।

संभावित लक्ष्य के प्रति ज़्यादा संजीदगी दिखाने की ज़रूरत नहीं। ऐसा करने से ज़िंदगी के दूसरे काम छूट जाते हैं। संकल्प समाज के लिए लेने चाहिए। उससे अन्य लोगों का जुड़ना आसान हो जाता है। संकल्प कभी एक नहीं लेना चाहिए, कम से कम छ तो लेने ही चाहिएं ताकि बाद में चुनकर एक रख लें और बाक़ी छोड़ सकें। बड़ा संकल्प लेने से सोच को भी फैलाव मिलता है। बड़ा सोचना अच्छा लगता है। लिया गया संकल्प पूरा हो सके इसके लिए एक समूह बना लें। अपने यार दोस्तों को साथ जोड़ें। सबसे पहले बैठक का स्थान निश्चित करें। बातचीत के दौरान खानपान का खर्च बारी बारी करें ताकि किसी एक को आर्थिक बोझ महसूस न हो। कोई यह कहे कि आपने बड़ा ज़बर्दस्त संकल्प लिया है तो वह संकल्प उसे उपहार में दे दें। इस बहाने नए साल के दौरान संकल्प संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। आपको भी अच्छा लगेगा कि कोई दूसरा आपका संकल्प पूरा करने को तैयार है। समय समय पर उन मित्र से जान सकते हैं कि उस संकल्प की प्रगति का क्या रहा।

अगर संकल्प का आधार काफी बैठकों के बाद भी स्पष्ट नहीं हो रहा तो परेशान महसूस न करें। किसी और से माफी न मांग कर खुद से चुपचाप माफी मांग लें और दूसरा संकल्प ले लें। फिर से संकल्प लेकर मज़ा न आ रहा हो, रोज़मर्रा यानी निजी, पारिवारिक, व्यावसायिक, राजनीतिक, धार्मिक या आर्थिक कामों में रूकावट महसूस हो रही हो तो एक संकल्प मन ही मन लें कि पहले लिया गया संकल्प निरस्त करता हूं। अपने आप से कहें, एक संकल्प हमेशा के लिए लेता हूं कि ज़िंदगी भर कोई संकल्प नहीं लूंगा। ऐसा करने के बाद भी सार्वजनिक रूप से कहते रहें कि मैंने इस साल ख़ास संकल्प लिए हैं जो मैं सार्वजनिक रूप से बता नहीं सकता। समय आने पर उनका असर दिखेगा। इससे दूसरों को आपके संकल्पों बारे उत्सुकता बनी रहेगी। आपको भी अहसास होगा कि संकल्प लेने से कहीं अच्छा है संकल्प न लेना।

# नेताओं की तो नाक ही कटा दी बिहार के गन्ना मंत्री ने...

बिहार के गन्ना मंत्री संजय कुमार ने तमाम राजनेताओं की नाक कटा दी अब नाक कैसे कटाई ये हम आपको बताना चाहते हैं। पूरे भारत के तमाम नेता जब अपनी संपत्ति की घोषणा करते हैं तो करोड़ से नीचे तो होती नहीं है, कोई पचास करोड़ का मालिक है तो कोई बीस करोड़ का तो कोई दस करोड़ का लेकिन बिहार के गन्ना मंत्री संजय कुमार ने अपनी संपत्ति का जो विवरण दिया है वो कुल जमा तेईस लाख है अब आप ही बताओ कि देश राजनेताओं को कितना दुख नहीं पहुंचा होगा कि उनकी जमात का एक आदमी मंत्री होने के बावजूद कुल जमा तेईस लाख का मालिक है, शर्म से उन लोगों की आंखें गड़ गई होगी वे भी सोच रहे कि इस गन्ना मंत्री को अपनी जमात से कैसे बाहर किया जाए जो मंत्री होने के बाद भी करोड़ों का मालिक नहीं बन पाया ऐसे मंत्री की जरूरत क्या है? आजकल तो राजनीति में वही आता है जो चुनाव जीतने के लिए करोड़ों रुपया अपनी जेब में रखता हो लेकिन इस गन्ना मंत्री के पास कुल जमा तेईस लाख की संपत्ति के बावजूद लोगों ने इसे कैसे जिता दिया और वो मंत्री कैसे बन गया ये वास्तव में शोध का विषय हो सकता है। कम से कम इस गन्ना मंत्री को अपने ही प्रदेश के एक मंत्री अशोक चौधरी से कुछ तो शिक्षा लेनी चाहिए थी जिनकी संपत्ति चवालीस करोड़ रूपया है ,इतना ना करते तो डिप्टी सीएम से ही कुछ शिक्षा ले लेते जिनकी संपत्ति आठ करोड़ से ज्यादा है लेकिन पता नहीं इस मंत्री को क्या हो गया है गन्ना जैसे प्रमुख विभाग का मंत्री होने के बावजूद वो तेईस लाख की संपत्ति जोड़ पाया ,सोचो जरा आजकल तेईस लाख रुपए की औकात ही क्या है वन बीएचके फ्लैट तक नहीं




मिलेगा , लक्जरी कार लेने जाओगे तो शोरूम वाला बाहर से ही भगा देगा । नेताओं को छोड़ो, मंत्रियों को छोड़ो, अपने तक को शर्म आ रही है कि एक मंत्री बेचारा तेईस लाख की संपत्ति लेकर अपनी रोजी-रोटी चला रहा है । राजनीति में आने के बाद यदि आप करोड़पति नहीं बने तो क्या किया इससे बेहतर है कि सरकारी नौकरी कर लेते तो अभी तक इससे ज्यादा संपत्ति इकट्ठी हो जाती है लेकिन गन्ना मंत्री की किस्मत में लगता है पैसा है नहीं, लक्ष्मी उनसे नाराज है वरना वे भी करोड़पति मंत्रियों की श्रेणी में शामिल हो जाते। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है के ऐसे नेता को राजनीति में रहने का कोई हक नहीं है बेवजह दूसरे मंत्रियों को बदनाम होना पड़ रहा है अपनी तो संजय कुमार को एक ही सलाह है कि भैया यदि आपने ऐसा ही सादा जीवन उच्च विचार अपना लिया है तो काहे को राजनीति में अपना टाइम बर्बाद कर रहे हैं । साधु बन जाओ कम से कम किसी और नेता को मंत्री बनने का मौका मिलेगा और वो करोड़पति तो बन ही जाएगा ।

## बाबाजी का ठुल्लू और घंटा

मालवा के सबसे ताकतवर कहे जाने वाले नेता कैलाश विजयवर्गीय ने एक पत्रकार को घंटा क्या कह दिया लोगों ने आसमान सिर पर उठा लिया। अरे भाई घंटा कोई बुरा शब्द थोड़ी है ,अपन जब स्कूल में पढ़ा करते थे तब छुट्टी के लिए घंटा बजता था, मंदिर में जाओ तो घंटा बजाना पड़ता है, पूरी दुनिया में समय सेकंड मिनट और घंटा के दम पर ही चल रहा है, यदि घंटा न होता तो कैसे पता चलता है कि फिल्म का शो तीन घंटे का है, यदि घंटा ना होता तो यह कैसे पता चलता कि आसपास कहीं मंदिर है या स्कूल है बच्चे क्लास में जरूर रहते हैं लेकिन उनका पूरा ध्यान घंटा पर लगा रहता है कि कब घंटा बजे और वे बस्ता उठा कर दौड़ लगा दें आप खुद सोचो कि घंटा का कितना महत्व है जीवन में । अब ऐसे में अगर कैलाश जी ने किसी को घंटा कह दिया तो ऐसा क्या कह दिया जो इस पर इतना शोरगुल हो रहा है टीवी चैनल्स पर डिबेट हो रही हैं सोशल मीडिया पर घंटा के अलावा कुछ पढ़ने नहीं मिल रहा है मशहूर फिल्म निर्माता राजकपूर के महत्वाकांक्षी फिल्म मेरा नाम जोकर में भी घंटा का महत्व समझाया गया था जिसके एक गीत के बोल थे पहला घंटा बचपन है दूसरा जवानी तीसरा बुढ़ापा कुछ समय पहले तक अपन को स्टैंड अप कॉमेडियन कपिल शर्मा के बाबा जी के ठुल्लू के बारे में जानकारी थी अब ठुल्लू के बाद कैलाश जी का घंटा सामने आ गया है अब देखना यह है कि और दूसरा कौन सा नेता कौन सा शब्द किसी पत्रकार के लिए उपयोग में लाता है लेकिन एक बात जरूर है की घंटा शब्द को लेकर किसी को इतना बुरा नहीं मानना चाहिए और फिर कैलाश जी के बारे में तो मशहूर है कि वे कब क्या कह दें कोई नहीं जानता वैसे उन्होंने बाद में खेद भी व्यक्त कर दिया था कि मीडिया के एक साथी के बारे में उनके मुंह से एक गलत शब्द निकल गया था लेकिन इससे क्या होता है जुबान से निकला शब्द और कमान से निकला तीर कभी वापस नहीं आता। अपने को तो लगता है कि जितनी छीछालेदर इस शब्द को लेकर मंत्री जी की हुई है वे अपनी डिक्शनरी से घंटा शब्द ही हटा देंगे ना रहेगा घंटा ना बनेगा फंडा।

## उमा भारती उवाच

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती इन दोनों अपने पूरे फॉर्म में हैं जो कुछ बोल रही है सच ही बोल रही हैं ये बात अलग है कि उनके मुखारविंद से जो कुछ भी निकल रहा है वो राजनेताओं को खल रहा है ,अब देखो ना उन्हें साफ-साफ कह दिया कि राजनेताओं का दो नंबर का पैसा खर्चीली शादियों में खर्च होता है बड़े-बड़े रिसोर्ट में, मैरिज गार्डन में राजनेता अपने बेटे बेटियों की शादी ब्याह करते हैं उसमें उनका दो नंबर का पैसा खप जाता है अब उमा जी को कौन समझाए कि आजकल का जमाना शो बाजी का है यदि राजनेता अपने बेटे बेटियों की शादी मंदिर में करने लगे, धर्मशाला से करने लगे, अपने घर के बाहर की गली में टेंट लगाकर करने लगे तो धिक्कार है ऐसे राजनेता होने का। अरे भाई राजनेता हैं हजारों लोग उनके परिचित होते हैं सबको शादी ब्याह में बुलाना पड़ता है और फिर यह भी बताना पड़ता है कि बड़े बड़े नेता, व्यापारी, उद्योगपति,अफसर उनकी बेटी बेटियों की शादी में आए थे, पैसे देकर अभिनेताओं को बुलाया जाता है जो वहां जाकर डांस भी करते हैं फाइव स्टार होटल में बारातियों को ठहराना पड़ता है दो ढाई हजार रुपए प्लेट का खाना भी रहता है और फिर जब कमाई है तो फिर खर्च करने में पीछे क्यों रहे यह भी तो आपको सोचना चाहिए। इधर दूसरी तरफ इंदौर के महापौर के बारे में भी उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि अगर अफसर आपकी नहीं सुन रहे तो आपको पद रहने का क्या हक है? वैसे भी अफसर तो अफसर होता है वो अगर किसी की सुनने लगा तो फिर काहे के अफसर। उनको मालूम है कि नेता तो आते जाते रहते हैं अपन तो तीस पैंतीस साल तक नौकरी करेंगे इसलिए वे किसी को तवज्जो नहीं देते। उनको ये भी मालूम है कि सारा काम तो उन्हीं को करना होता है नेताओं को जैसा समझा दो वैसा भी समझ जाते हैं अकेले इंदौर के महापौर को पद छोड़ने के लिए काहे को आप कह रही हैं किसी भी मंत्री से पूछ लो कि उनके डिपार्टमेंट के सचिव उनकी कितनी सुनते हैं ना उनकी आंखों में आंसू आ जाए तो कहना।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमती जी को खुश करने के लिए श्रीमान जी ने सुबह उठ कर फ्रिज से दूध का बर्तन निकाल कर पकने के लिए गैस पर रख दिया

दस मिनट के बाद श्रीमती जी ने आकर देखा और चिल्ला कर बोली

दो पैसे की भी अकल नहीं है तुममें वो दूध नहीं इडली का घोल है।

# भूजल में यूरेनियम का जहर, दिल्लीवासियों के दिमाग और मानसिक स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

नई दिल्ली

दिल्ली में पीने के पानी को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाला खतरा सामने आया है। राजधानी के कई इलाकों के भूजल में सुरक्षित सीमा से अधिक यूरेनियम पाए जाने से न सिर्फ किडनी और हड्डियों पर, बल्कि सीधे दिमाग, नर्वस सिस्टम और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह समस्या धीरे-धीरे बढ़ रही है और बिना किसी तात्कालिक लक्षण के लाखों लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है, जिससे दिल्ली एक 'साइलेंट हेल्थ इमरजेंसी' की ओर बढ़ रही है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में लिए गए 103 भूजल नमूनों में से 13 नमूनों यानी 12.63 प्रतिशत में यूरेनियम की मात्रा तय सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक पाई गई है। इसका अर्थ यह है कि हर आठ में से लगभग एक नमूना दूषित है। उत्तरी दिल्ली, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के साथ-साथ रोहिणी, बवाना औद्योगिक क्षेत्र और नांगलोई-राजपुरा जैसे इलाकों में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक यूरेनियम युक्त पानी का सेवन केवल किडनी या हड्डियों तक सीमित नुकसान नहीं करता, बल्कि यह पूरे नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। इससे दिमागी कार्यक्षमता, याददाश्त, एकाग्रता और मानसिक संतुलन पर गहरा असर पड़ता है। समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद भयावह हो सकते हैं।

## साइलेंट किलर बन रहा यूरेनियम

यूरेनियम को 'साइलेंट किलर' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर में धीरे-धीरे जमा होता है और शुरुआत में कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते। एम्स के इंटरनल



मेडिसिन विभाग के डॉ. हर्षल आर. सावले के अनुसार, यूरेनियम से होने वाली न्यूरोटाक्सिसिटी तंत्रिका-तंत्र को नुकसान पहुंचाती है। इसका सीधा असर दिमाग पर पड़ता है, जिससे याददाश्त कमजोर होती है, सीखने की क्षमता घटती है और मूड डिस? ऑर्डर की समस्या बढ़ती है। शरीर में जमा यूरेनियम नर्व सिग्नलिंग को बाधित करता है, जिससे तनाव, चिंता और अवसाद का खतरा बढ़ जाता है।

## क्या है सुरक्षित सीमा

पेयजल मानकों के अनुसार, पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 माइक्रोग्राम प्रति लीटर (30 पीपीबी) तय की गई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में यह मात्रा 59 पीपीबी तक दर्ज की गई, जबकि 13 नमूनों में यूरेनियम 30 पीपीबी से अधिक पाया गया।

## बच्चों-बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

यूरेनियम युक्त पानी का असर विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा गंभीर बताया जा रहा है। इससे एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन, नींद में गड़बड़ी और मानसिक थकान जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दिल्ली में प्रतिदिन करीब एक हजार करोड़ लीटर पानी की खपत होती है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड लगभग 900 करोड़ लीटर की आपूर्ति कर पाता है। इसमें 10 से 13 प्रतिशत हिस्सा भूजल का है। जिन इलाकों में भूजल दूषित है, वहां यह अदृश्य जहर लोगों के स्वास्थ्य को लगातार प्रभावित कर रहा है।

एम्स के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. अनंत मोहन बताते हैं कि यूरेनियम सबसे पहले किडनी को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन इसका गहरा असर दिमागी कार्यप्रणाली पर पड़ता है। लंबे समय तक ऐसे पानी का सेवन ब्रेन सेल्स की कार्यक्षमता को धीमा कर देता है।

विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि प्रभावित इलाकों में आरओ आधारित जल फिल्टर का इस्तेमाल किया जाए, बच्चों को विशेष रूप से ऐसे पानी से दूर रखा जाए, भूजल की नियमित निगरानी हो और प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर वैकल्पिक जल स्रोत उपलब्ध कराए जाएं।

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद ही बर्बाद हो रहा है: ट्रंप

वाशिंगटन, (वार्ता)



वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। श्री ट्रंप ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है। उन्होंने कहा, क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गये 32 क्यूबाई नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ये 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किये गये थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गये। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गये थे। श्री ट्रंप ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों बहुत बीमार देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोकीन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, और मैं आपको बता दूँ, वह बहुत लंबे समय तक ऐसा नहीं कर पाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका कोलंबिया के खिलाफ किसी अभियान की योजना बना रहा है, तो उन्होंने कहा, यह मुझे सुनने में अच्छा लग रहा है। मेक्सिको पर सवाल पूछे जाने पर श्री ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको को अपनी व्यवस्था सुधारने की जरूरत है क्योंकि उस देश के रास्ते मादक पदार्थों की बाढ़ आ रही है और अमेरिका को इस बारे में कुछ करना होगा। उन्होंने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम को एक शानदार व्यक्ति बताया।

## ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से जरूरी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फिर दोहराया कि अमेरिका को रणनीतिक दृष्टिकोण के मद्देनजर ग्रीनलैंड की आवश्यकता है। विमान एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि आर्कटिक क्षेत्र में रूस और चीन की बढ़ती मौजूदगी के कारण ग्रीनलैंड अमेरिकी सुरक्षा के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है, क्योंकि इस समय यह बहुत रणनीतिक जगह है और वहां हर जगह रूस और चीन के जहाज फैले हुए हैं। श्री ट्रंप ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्हें ग्रीनलैंड की आवश्यकता है और डेनमार्क इसे संभालने में सक्षम नहीं होगा। उन्होंने दावा भी किया कि यूरोपीय संघ भी उनके इस विचार का समर्थन करता है और वह इस बात को जानते हैं। श्री ट्रंप की यह टिप्पणी वेनेजुएला में वाशिंगटन के सैन्य अभियान के बाद आयी है। एक संप्रभु देश के खिलाफ अमेरिकी सेना की इस कार्रवाई ने ग्रीनलैंड को लेकर उन आशंकाओं को फिर बढ़ा दिया है, जिसके बारे में श्री ट्रंप बार-बार कह चुके हैं कि वह आर्कटिक में इसकी रणनीतिक स्थिति के मद्देनजर इसका विलय करना चाहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने पहले भी कई बार कहा है कि वह अटलांटिक महासागर स्थित एक विशाल और संसाधन संपन्न द्वीप ग्रीनलैंड अपने देश में विलय करना चाहते हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वशासित क्षेत्र है। श्री ट्रंप के इस बयान के बाद डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने अमेरिका के राष्ट्रपति से इस क्षेत्र को धमकी देना बंद करने का आग्रह किया है। सुश्री फ्रेडरिक्सन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के ग्रीनलैंड पर कब्जा करने को आवश्यक बताया जाना पूरी तरह से तर्कहीन है।

## युवाओं को मेडिकल शिक्षा देने में असफल हुई सरकार : खन्ना

**संगरूर (वार्ता)।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरविंद खन्ना ने सोमवार को कहा कि अपने चार साल के कार्यकाल में राज्य सरकार युवाओं को मेडिकल शिक्षा देने में असफल रही है।

यहां जारी एक बयान में श्री खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने पहले बजट (2022) में पांच साल के कार्यकाल में 16 मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना की घोषणा की थी। वर्तमान में, पंजाब में केवल चार सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं, जबकि सात निजी कॉलेज राज्य की कुल एमबीबीएस सीटों का लगभग 60 प्रशित हिस्सा संभालते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे पंजाब में चुनाव करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे आप सरकार के झूठ बेनकाब हो रहे हैं। पहले से चल रही पीएचसी एवं सीएचसी तथा सांझ केंद्रों की इमारतों को मोहल्ला क्लीनिक में बदलना कोई उपलब्धि नहीं है। राज्य सरकार पंजाब के अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने में बुरी तरह से फेल साबित हुई है।

## उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच मोदी से मिले योगी



नयी दिल्ली, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं।यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज नई दिल्ली में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। आपका पाथेय नये उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने हेतु सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है।

अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी श्री मोदी से मुलाकात की। गुप्ता ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट में लद्दाख में जन कल्याण, मुख्य विकास प्राथमिकताओं, अवसंरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और समावेशी विकास पर चर्चा की।

## मेरी जीत हमेशा जीत में नहीं, हार में लिखी : ईरानी

जयपुर, (वार्ता)

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि उनकी जीत, हमेशा जीत में नहीं बल्कि हार ने उनकी किस्मत लिखी है। मश्रीमती ईरानी सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 के दूसरे दिन सोमवार को लीडरशिप बियॉण्ड लेबल्स- वीमन, पावर एंड पब्लिक सर्विस सत्र में महिला नेतृत्व, सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी, दृढ़ता और अनुशासन जैसे विषयों पर बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने टाई ग्लोबल के संयोजक महावीर प्रताप शर्मा से बातचीत करते हुए अपने अनुभवों के आधार पर नेतृत्व की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं तकनीक, नीति, स्टार्टअप और सार्वजनिक क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने अपने जीवन की यात्रा पर खुलकर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश किया और जीवन भर मल्टीटास्किंग की क्षमता विकसित की। उन्होंने चुनाव हारने के अनुभवों पर भी ईमानदारी से चिंतन किया और बताया कि इनसे उन्हें क्या सीख मिली। उन्होंने कहा कि उनकी जीत, जीत में नहीं, बल्कि हार में है। हार ने उनकी किस्मत लिखी है। उन्होंने कहा कि हार या जीत को महिला से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, यह लैंगिक समानता का विषय है। उन्होंने कहा कि अपना जीवन सार्वजनिक भलाई के लिए समर्पित किया है। श्रीमती ईरानी ने भारत में महिला उद्यमियों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों पर भी संवाद किया और उन्होंने लैंगिक समानता पर बात करते हुए महिलाओं के नेतृत्व वाली पहलों को समर्थन देने की अपनी प्रेरणा साझा की। उन्होंने कहा कि नौ करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नए भारत की उजली तस्वीर दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों का उद्देश्य एक लाख महिलाओं को सशक्त बनाना, 300 स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और 100 मिलियन डॉलर से अधिक का फंड बनाना है। ये पहलें महिलाओं के उद्यमिता इकोसिस्टम को मजबूत करने, अवसरों, पूंजी और मेंटरशिप तक पहुंच सुनिश्चित करने की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में मारे गए 3 फिलिस्तीनी

**गाजा, (वार्ता)।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

## बंगलादेश के मामले में केंद्र सरकार गंभीर, योग्य निर्णय का इंतजार : स्वामी देवगिरी

बारां, (वार्ता)

बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार एवं बर्बरता का मुखर स्तर पर विरोध होना चाहिए, इस मामले में सरकार को आंखें मूंदकर समय नहीं बिताना चाहिए।

प्रसिद्ध भारतीय आध्यात्मिक गुरु एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय संत स्वामी गोविंद देव गिरी ने सोमवार को राजस्थान में बारां में पत्रकारों से कहा कि अत्याचार सहते जाएंगे, तो धर्म की हानि होगी। ऐसे में हमें आभास हो रहा है कि केंद्र सरकार बंगलादेश मामले को लेकर गंभीर है, सरकार संवेदनहीन नहीं है। उन्होंने कहा कि लगता है, अब कुछ बड़ा होने वाला है। केंद्र सरकार को भी योग्य निर्णय का इंतजार है। विलंब का कारण अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखना भी होता है।

स्वामी देवगिरी ने कहा कि धर्म विवेद संविधान की दृष्टि से देखा जाये, तो उनका स्पष्ट मत है कि वह धर्म को एक मानते हैं। धर्म का मूल उद्देश्य क्या है, धर्म क्या है, यह समझना होगा। धर्म की व्याख्या होती है। व्यक्ति, समाज, प्रकृति और परमात्मा शामिल होते हैं। मानव मात्र के लिए एक ही धर्म है, क्योंकि धर्म विश्वव्यापी है इसमें सौदेबाजी नहीं होनी चाहिए।

युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए स्वामी गोविंददेव गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या राम मंदिर पर ध्वजारोहण के समय संदेश दिया था कि आने वाले 10 वर्षों में गुलामी का जो चित्र है, वह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवकों का रुझान हमारी सनातन, संस्कृति की ओर बढ़ रहा है, जिसका उदाहरण यह है कि नये वर्ष में युवाओं की भारी तादाद एवं भीड़ मंदिरों में दर्शनार्थ थी। अब युवा भटक नहीं रहे हैं, अपनी संस्कृति की ओर बढ़ रहे

## उत्तरी नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा, (वार्ता)।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं। आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे सी रामचंद्र



भारतीय सिनेमा जगत में सी.रामचंद्र का नाम एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने न केवल संगीत निर्देशन की प्रतिभा से बल्किगायकी,फिल्म निर्माण, निर्देशन और अभिनय से भी सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाये रखा । फिल्म जगत में ..अन्ना साहब.. के नाम से मशहूर सी.रामचंद्र से फिल्मों से जुड़ी कोई भी विधा अछूती नहीं रही । वर्ष 1918 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के एक छोटे से गांव पुंतबा में जन्में सी.रामचंद्र का रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा गंधर्व महाविद्यालय के विनायकबुवा पटवर्धन से हासिल की। सी.रामचंद्र ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर अभिनेता यू.भी.राव की फिल्म.नागानंद.से की । उसी दौरान उन्हें मिनर्वा मूवीटोन की निर्मित कुछ फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिला,तभी उनकी मुलाकात महान निर्माता निर्देशक सोहराब मोदी से हुयी।सोहराब मोदी ने सी.रामचंद्र को सलाह दी कि यदि वह अभिनय के बजाये संगीत की ओर ध्यान दें तो फिल्म इंडस्ट्री में सफल हो सकते है।इसके बाद सी.रामचंद्र मिनर्वा मूविटोन के संगीतकार बिंदु खान और हबीब खान के ग्रुप में शामिल हो गये और बतौर हारमोनियम वादक काम करने लगे। बतौर संगीतकार उन्हें सबसे पहले एक तमिल फिल्म में काम करने का मौका मिला। वर्ष 1942 में प्रदर्शित फिल्म ..सुखी जीवन .. की सफलता के बाद सी.रामचंद्र कुछ हद तक बतौर संगीतकार फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे । चालीस के दशक में सी.रामचंद्र ने संगीतकार के रूप में जिन फिल्मों को संगीतबद्ध किया उनमें सावन ,शहनाई, पतंगा, समाधि एवं सरगम प्रमुख रही। वर्ष 1951 में सी.रामचंद्र को भगवान दादा की निर्मित फिल्म ..अलबेला ..में संगीत देने का मौका मिला । फिल्म अलबेला में अपने संगीतबद्ध गीतों की कामयाबी के बाद सी.रामचंद्र बतौर संगीतकार फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गये । यूं तो फिल्म.अलबेला.में उनके संगीतबद्ध सभी गाने सुपरहिट हुये लेकिन खासकर ..शोला जो भड़के दिल मेरा धड़के,भोली सूरत दिल के खोटे नाम बड़े और दर्शन छोटे,मेरे पिया गये रंगून किया है वहां से टेलीफून ने पूरे भारत वर्ष में धूम मचा दी। वर्ष 1953 में प्रदीप कुमार- बीना राय अभिनीत फिल्म अनारकली. की सफलता के बाद सी.राम चंद्र शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंची । फिल्म अनारकली में उनके संगीत से सजे ये गीत ..जाग दर्द इश्क जाग . ये जिंदगी उसी की है ..श्रोताओं के बीच आज भी लोकप्रिय है। वर्ष 1953 में सी.राम चंद्र ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रखा और ..न्यू सांई प्रोडक्शन..का निर्माण किया जिसके बैनर तले उन्होंने झंझार,लहरें और दुनिया गोल है जैसी फिल्मों का निर्माण किया लेकिन दुर्भाग्य से इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नही हुयी जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माण से तौबा कर ली और अपना ध्यान संगीत की ओर लगाना शुरू कर दिया । वर्ष 1954 मे प्रदर्शित फिल्म नास्तिकमें उनके संगीतबद्ध गीत..देख तेरे संसार की हालत क्या हो गयी भगवान कितना बदल गया इंसान ..समाज में बढ़ रही कुरीतियों पर उनका सीधा प्रहार था। पचास के दशक में स्वर साम्राग्यी लता मंगेश्कर ने संगीतकार सी.रामचन्द्र की धुनो पर कई गीत गाये । फिल्म अनारकली के गीत ये जिंदगी उसी की है .जाग दर्द इश्क जाग.जैसे गीत इन दोनों फनकारों की जोड़ी की बेहतरीन मिसाल है।साठ के दशक मे पाश्चात्य गीत. संगीत की चमक से फिल्मकार अपने आप को नहीं बचा सके और धीरे धीरे निर्देशकों ने सी.रामचंद्र की ओर से अपना मुख मोड़ लिया लेकिन वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म .तलाक . और वर्ष 1959 मे प्रदर्शित फिल्म .पैगाम. में उनके संगीतबद्ध गीत ..इंसान का इंसान से हो भाईचारा ..की कामयाबी के बाद सी.राम चंद्र एक बार फिर से अपनी खोयी हुई लोकप्रियता पाने में सफल हो गये । संगीत निर्देशन के अलावे सी.रामचंद्र ने अपने पार्श्वगायन से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इन गीतों में मेरी जान मेरी जान संडे के संडे कदम कदम बढ़ाये जा खुशी के गीत गाये जा, भोली सूरत दिल के खोटे नाम बड़े और दर्शन छोटे, शोला जो भड़के दिल मेरा धड़के,कितना हसीं है मौसम कितना हसीं सफर है,अरे जा रे हट नटखट ना छू रे मेरा घूंघट जैसे न भूलने वाले गीत शामिल है । सी.राम चंद्र ने अपने चार दशक लंबे सिने करियर में लगभग 150 फिल्मों को संगीतबद्ध किया । उन्होंने हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल. मराठी .तेलगु और भोजपुरी फिल्मों को भी संगीतबद्ध किया।अपने संगीतबद्ध गीतों से श्रोताओं के दिलो में खास पहचान बनाने वाले संगीतकार सी.रामचंद्र पांच जनवरी 1982 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

## 40 वर्ष की हुयी दीपिका पादुकोण



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण आज 40 वर्ष की हो गयी। दीपिका पादुकोण का जन्म 05 जनवरी 1986 को हुआ। दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण देश के मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुके है।दीपिका ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की।वर्ष 2006 में प्रदर्शित कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या से दीपिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की। वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से दीपिका ने बॉलीवुड में भी कदम रख दिया।फराह खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीपिका ने दोहरी भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।इस फिल्म में दीपिका के अपोजिट शाहरूख खान थे। शाहरूख-दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।साथ हीं फिल्म भी सुपरहिट साबित हुयी।इस फिल्म के लिये दीपिका को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2008 में दीपिका की बचना ऐ हसीनो प्रदर्शित हुयी।इस फिल्म में दीपिका की जोड़ी रणबीर कपूर के साथ थी। 2010 में दीपिका पादुकोण के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म हाउसफुल प्रदर्शित हुयी। दीपिका पादुकोण की वर्ष 2014 में हैप्पी न्यू इयर और फाइडिंग फेनी प्रदर्शित हुयी। हैप्पी न्यू ईयर ने 200 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की है।दीपिका की वर्ष 2015 में पीकू ,तमाशा और बाजीराव-मस्तानी प्रदर्शित हुयी है । पीकू और बाजीराव-मस्तानी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 2017 में दीपिका पादुकोण की एक और सुपरहिट फिल्म पद्मावत प्रदर्शित हुयी। वर्ष 2018 में दीपिका ने रणवीर सिंह के साथ शादी कर ली। इसके बाद दीपिका ने छपाक, 83 ,गहराइयांब्रह्मास्त्र,पठान,जवान, फाइटर,कल्कि 2898 एडी, और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों में काम किया है।दीपिका पादुकोण सितंबर 2024 में मां बनीं और उन्होंने रणवीर सिंह के साथ अपनी बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका की आने वाली फिल्मों में किंग प्रमुख है।

## अंजना सिंह ने वर्ष 2025 में 25 फिल्मों की शूटिंग पूरी कर बनाया नया कीर्तिमान



अभिनेत्री अंजना सिंह ने वर्ष 2025 में 25 फिल्मों की शूटिंग पूरी कर नया कीर्तिमान बनाया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में वर्ष 2025 अंजना सिंह के नाम रहा। मेहनत, निरंतरता और दर्शकों की मजबूत पसंद के दम पर अंजना सिंह ने न केवल खुद को वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया, बल्कि एक ऐसा रिकॉर्ड भी बनाया जो किसी भी मुख्यधारा की अभिनेत्री के लिए आसान नहीं है। महज एक साल में 25 फिल्मों की शूटिंग पूरी करना और 11 फिल्मों का रिलीज होना, उनके करियर के स्वर्णिम दौर को दर्शाता है। अंजना सिंह का भोजपुरी सिनेमा में आगमन किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके अभिनय ने कई निर्माताओं और निर्देशकों का ध्यान खींच लिया। नतीजा यह हुआ कि पहली फिल्म पूरी होते-होते ही उन्होंने एक-दो नहीं, बल्कि 10 फिल्मों पर साइन कर लिया। अपने पहले ही साल में 11 फिल्मों की शूटिंग पूरी कर वे कुल 17 फिल्मों की अभिनेत्री बन चुकी थीं। इसके बाद कई वर्षों तक उनका यही सिलसिला जारी रहा और वे लगातार फिल्म दर फिल्म दर्शकों के बीच अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराती रहीं। हाल ही में अयोध्या सिने अवार्ड 2025 में उहें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री समीक्षक का अवार्ड फिल्म छोटकी दीदी बड़की दीदी के लिए दिया गया । हालांकि, करियर के बीच एक ऐसा दौर भी आया जब उनका उफान कुछ कम हुआ, लेकिन अक्टूबर 2023 के बाद अंजना सिंह ने जबरदस्त वापसी की। सिनेमा हॉल के दौर में 'हॉट केक' कही जाने वाली अंजना अब छोटे पर्दे और टीवी प्लेटफॉर्म पर टीआरपी क्वीन बन चुकी हैं।

# श्रीगीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान का त्रैमासिक अनौपचारिक मिलन समारोह ब्रह्माण्ड घाट नर्मदा तट पर संपन्न



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ ब्रह्माण्ड घाट नर्मदा तट बरमान में श्रीगीता निकुञ्ज आध्यात्मिक संस्थान का त्रेमासिक अनौपचारिक मिलन समारोह कार्यक्रम श्रद्धा-भक्ति,सेवा और साधना भाव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रीगीता निकुञ्ज परिवार के अंतर्गत नियमित एवं नैमित्तिक गतिविधियों जैसे रात्रि कालीन 9 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन ऑनलाइन श्रीमद्भगवद्गीता जी का अध्ययन-अध्याप,साधक परिवार में पाक्षिक(रविवार) प्रत्यक्ष सत्संग जहाँ श्रीमद्भगवद्गीता जी के एक श्लोक का अनुवाद व भावार्थ के साथ चर्चा की जाती है तथा त्रेमासिक अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम जिसके अन्तर्गत साधकों द्वारा स्वच्छता,पर्यावरणीय गतिविधियों के साथ समरसता भोज व आध्यात्मिक चर्चा सहित कुटुम्ब में भारतीय संस्कृति का प्रगटीकरण जैसे सामूहिक भोजन,भजन एवं समूहितक भृमण में परिवार जनों की सहभागिता व वेश-भूशा तथा स्वभाषा के प्रयोग इत्यादि विषयों की चर्चा की जाती है और वर्ष में एक बार दो-दिवसीय आवासीय वर्ग का आयोजन किया जाता है,जहाँ साधक वर्ष भर की गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करने के साथ पूर्व कार्यों व गतुविधियों का विहंगम अवलोकन,सिंहावलोकन तथा आत्मावलोकन द्वारा किया जाता है,इसी क्रम में यह त्रेमासिक अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसका शुभारम्भ प्रात: माँ नर्मदा के पावन तट सूरजकुण्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर सभी साधकों ने स्वच्छता श्रमदान कर घाट को स्वच्छ किया गया जिस सेवा कार्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। साधकों ने बताया कि स्वच्छता भी साधना का ही एक रूप है, जो व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण के साथ समाज से जोड़ती है। क्रमश: श्रद्धालुओं ने ब्रह्मा जी की तपस्या स्थली दीपेश्वर महादेव जी के मंदिर में विधिवत भगवान शिव जी के दर्शन एवं उनकी पूजा-अर्चना किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीराम जानकी बड़ा मंदिर बरमानकला में सभी साधकों ने प्रेम, समरसता और सेवा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। सामुदायिक भोजन प्रसाद करने से आपसी आत्मीयता और संगठनात्मक एकता अधिक सुदृढ़ होती है इसके बाद साधकों ने माँ नर्मदा जी के दर्शन एवं नौका विहार के आनंद सहित सम्पूर्ण घाट का समग्र दर्शन किया।श्री राम जानकी बड़ा मंदिर बरमानकला के परम पूज्यनीय महामंडलेश्वर 1008 श्रीसीतारामदास त्यागी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन स्वरूप कहा कि इस प्रकार के आयोजन, साधकों को आध्यात्मिक चिंतन-शान्ति, सेवा-भक्ति और आपसी सौहार्द भाव से जोड़ते हैं। परिवार,समाज में आध्यात्मिक चेतना, स्वच्छता और सेवा भाव के विस्तार का उदाहरण श्रीराम जानकी बड़ा मंदिर के पूजनीय महंत श्री रघुनाथ दास जी महाराज ने अपने संत स्वभाव व कार्य व्यहार से साधकों को स्नेह के साथ प्रेरणा दिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक नरसिंहपुर जय नारायण शर्मा ,श्रीगीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान के संचालक व व्याख्याकार श्रद्देय गुरुजी शशिकांत मिश्र,साधक यमुना विश्वकर्मा, रंजना शर्मा , संगीता लोधी , हेमलता राजपूत , संगीता साहू ,वैष्णवी साहू , अमित नामदेव , शिवमनाथ ,कनिष्क शर्मा , मुकेश साहू ,कल्पना साहू , मनीष विश्वकर्मा , विनोद राजपूत , कमल स्वरुप शर्मा, बाबूलाल नोरिया , राधेश्याम मल्लाह एवं श्री रघुनंदन लोधी की गरिमामयी सहभागिता रही।

# गणनायक के दर्शन-पूजन से मिटेंगे संकट

## गणाध्यक्ष को लगेगा तिल के लड्डुओं का भोग

## श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में तिल चतुर्थी महोत्सव पर लगेगा मेला-पूरे दिन खुला रहेगा मंदिर

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सनातन धर्म के वेद पुराणों में वर्णित है कि माघ मास की तिल संकटा चतुर्थी पर प्रथम पू'य के दर्शन व पूजन से भक्तों के संकट हरते हैं और मनोकामना पूरी होती है। इस बार 6 जनवरी मंगलवार को हर वर्ष की तरह सुप्रसिद्व श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में तिल के लड्डुओं का विशेष भोग लगेगा व एक दिवसीय मेला भी भरेगा। आयोजन के व्यवस्थापक पं शैलेष पुरोहित ने बताया कि सुबह के प्रथम पहर में गणाध्यक्ष का विधि-विधान से अभिषेक होगा। इसकी शुरूआत सिद्वपीठ के संस्थापक स्वर्गीय पं कृष्णकुमार जी पुरोहित ने तीन दशक पहले की थी।

**होगा आकर्षक श्रंगार**-इस दिन गौरी सुत का विशिष्ट श्रंगार किया जाएगा। इसमें नए वस्त्र के अलावा चॉदी क मुकुट, कुंडल व छत्र, सोने का तिलक आदि लगाकर विशिष्ट आव्हान भी होगा। इसके अलावा 25 फिट ऊँची धर्मध्वजा भी फहराई जाएगी।

**पूरे दिन खुला रहेगा मंदिर**-आयोजन समिति सिद्वि विनायक आरती मंडल के सदस्यों ने बताया कि त्यौहार में भक्तों की सुविधा के लिए पूरे दिन मंदिर खुला रहेगा।



दर्शन से मिटेगें संकट-आचार्य कृष्णकांत उदेनिया ने बताया कि पुराणों के अनुसार तिल चतुर्थी पर प्रथम पू'य के भक्ति भाव से दर्शन, पूजा-पाठ व व्रत करने से तिल के बराबर भी संकट समास होते है। इसलिए बडी संख्या में श्रद्वालु मंदिर पहुंचते है। कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका व एमपीईबी से अपील की गई है।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने टीएल पत्रों और आयोग से प्राप्त विभिन्न पत्रों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले बरमान मेला की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की और आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जो दायित्व अधिकारियों को सौंपे गए हैं, उनका समय सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और समाधानकारक होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने आयुष्मान की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने संबल योजना से जुड़े आवेदनों, उनके निराकरण तथा अनुग्रह सहायता प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। जिले में किसानों के लिए खाद वितरण की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि लंबित पेंशन प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करें, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर लाभ मिल सके।



## नपा अध्यक्षता की सहजता कायल हुए लोग

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गाडरवारा से कामती मुख्य मार्ग पर नमामि पेलेस से गुरुकृपा ढाबा तक कालोनियों के गंदे पानी के भराव से राहगीरों को बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा था..बड़ी गाड़ियों से बाइक सवार स्कूली बच्चों के कपड़े खराब हो रहे थे...साथ ही अन्याशयक जाम भी लग रहा था ..जिसकी सूचना पर नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा स्वयं दल बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंच गए।

# जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** बरमान रेत घाट पर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश एवं एक कर्मचारी द्वारा एक बुजुर्ग और एक युवा के साथ अभद्रता, गाली गलौज एवं मारपीट किए जाने की घटना को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने सोमवार को पूर्व घोषणा अनुसार नरसिंह भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रारंभ कर दिया। धरना स्थल पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि इतने विरोध के बावजूद भी तानाशाही नही छोड़ रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है कि जिले को अपमानित करने वाले अधिकारी को संरक्षण मिल रहा है। किंतु हम सब सभी के सहयोग से ऐसे अधिकारी को सबक सिखाएंगे। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि अधिकारी का आचरण आम आदमी के सम्मान के खिलाफ है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि जिद छोड़कर जिला प्रशासन चाहे तो मामले का हल हो सकता है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा के संरक्षण में अधिकारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं किंतु हम आम आदमी के साथ अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी दीवान शैलेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में अधिकारी जनता के प्रति जिम्मेदार होते हैं । मांझी समाज के अमर नोरिया ने आरोप लगाया कि जिले के कई अधिकारियों के तानाशाही रवैये से आम आदमी अपमानित होता है। जिले में अराजकता का माहौल है। वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पटेल ने कहा कि अधिकारी अपने को सर्वेसर्वा न समझे, ऐसे अधिकारियों को हमें सीधा करना आता है। पूर्व जनपद अध्यक्ष चौधरी प्रदीप रघुवंशी ने जिला सीईओ की कार्यप्रणाली की लोकतंत्र के विरोध बताया। वरिष्ठ नेता गौतम पटेल ने कहा कि अफसोस है कि जिले में भ्रष्टाचार और अराजकता बनी हुई है । नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रूद्रेश तिवारी ने कहा कि जिले की जनता सम्मान चाहती है यहां किसी को डराया धमकाया नहीं जा सकता। इस मौके पर संतोष पटेल, मनीष साहू, जिनेश जैन, अनीता जायसवाल, धनीराम पटेल, देवेंद्र शुक्ला, द्वारका राजपूत, दिग्विजय सिंह, छोटे राजा कौरव, रामरतन पटेल, ओम प्रकाश पटेल, लखन पटेल, राधा बाई अहिरवार, अतुल चौरसिया, विवेक पटेल, प्रियंका दिक्षित, आरती पटेल, सतीश सेनी, राजीव दुबे, अभिषेक कौरव उपस्थित रहे।

# शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होनी चाहिये हर-घर

## नपा अध्यक्ष ने नगर के हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर नागरिकों से की सहयोग की अपील

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** शुद्ध पेयजल स्वस्थ्य के लिये लाभदायक है और दूषित पेयजल से अनेकों बीमारियां उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुये नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने नगर में नगर पालिका द्वारा की जाने वाली पेयजल आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने एवं हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसके लिये पेयजल आपूर्ति की जाने वाली मुख्य नपा की पाईप लाईनों से दुरस्त किया जाएगा और नालियों एवं गंदगी से गुजरी पाईप लाईनों को व्यवस्थित किया जाएगा। साथ ही जगह-जगह टूटी-फूटी पाईप लाईनों को दुरस्त किये जाने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं।

**नागरिकों से सहयोग की अपील**-नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने हर घर शुद्ध जल अभियान को सफल बनाने के लिये नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि स्वस्थ पेयजल तो स्वस्थ परिवार की भावना को लेकर हमने यह कदम उठाया है, नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो ऐसी हमारी मंशा है। इसके लिये हमने नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा - निर्देशा जारी किये हैं, और नपा अपने माध्यम से इस अभियान में जुट गई है। लेकिन स्वच्छता की इस पहल के लिये नागरिकों का सहयोग भी अपेक्षित है। नागरिकों से निवेदन है कि जिनकी भी घर में जलापूर्ति की जाने वाली पाईप लाईने नालियों या गंदगी जैसी जगह से गुजरी है कृपया कर अपने स्तर से पाईप लाईनों को व्यवस्थित करवा लें।

# बम्हौरी कला में जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

बम्हौरी कलॉ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जनशिक्षा केन्द्र के माध्यमिक विद्यालय टुईयापानी, मड़गुला, खिरिया, सोकलपुर, बम्हौरी कलॉ के कक्षा 6 से 8 तक अध्ययनरत् विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में पारदर्शिता हेतु मूल्यांकन कर्ता दुर्गेश सिंह, श्रीमती प्रियंका भोंसले, सुश्री दीपिका पटैल, श्रीमती मंजू प्रजापति को नियुक्त किया गया। मॉडल चयन हेतु निर्धारित प्रारूप एवं चयन बिंदु में दिये गये मानक के प्राप्त अंक के आधार पर ही चयनकर्ताओं द्वारा प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त माडल का चयन किया गया। इसके उपरांत पर्यावरण गीत



प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उन विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने शाला स्तर आयोजन में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। तथा स्कूल की आईडी से पोर्टल पर एंट्री की गई।

जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के लिए पारितोषिक में ज्ञानवर्धक पुस्तक नगेंद्र कुमार त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, अवधेश सिंह पटैल, दुर्गेश सिंह, सुश्री दीपिका पटैल, श्रीमती मंजू प्रजापति,श्रीमती मोहन कोरी, श्रीमती हेमलता कोरी, श्रीमती शबनम निशा, शिवकुमार सोनी, श्रीमती महिमा पचौरी, अभिषेक राजपूत, दुलीचंद अहिरवार, दिनेश राजपूत, नारायण तिवारी, श्रीमती शिखा दुबे एवं उपस्थित शिक्षकों के द्वारा प्रदान की गई। प्रदर्शनी के नोडल दुर्गेश सिंह एवं संचालन राघवेंद्र सिंह चौधरी के द्वारा किया गया। इस शुभअवसर पर संस्था के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का आयोजन जनशिक्षक सुरेंद्र सिंह राजपूत एवं अवधेश सिंह पटैल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# उपार्जित धान की असमायिक वर्षा से सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में उपार्जित धान की असमायिक वर्षा से सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जारी आदेश के मुताबिक समिति स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर भंडारित धान का त्वरित परिवहन कराकर गोदामों में सुरक्षित भंडारण कराया जाए। आवश्यक हो, तो धान परिवहन के लिए अतिरिक्त ट्रक भी लगाए जाएं। उपार्जन केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग कराकर धान विक्रय के लिए मौजूद किसानों की धान की तौल शीघ्रता से कराने और उपार्जन केन्द्र पर अतिरिक्त तौल कांटे एवं हम्मालों/ तुलावटी की व्यवस्था समिति के माध्यम से की जाए। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जित धान को उपार्जन दिवस में ही गोदाम में भंडारण कराना सुनिश्चित किया जाए। समिति स्तरीय केन्द्रों पर भी यथासंभव कवर्ड स्थान पर धान खरीदी की जाए, ताकि उपार्जित धान को बारिश से बचाया जा सके। उपार्जन केन्द्रों पर धान की तौल के उपरांत बारदानों की तत्काल सिलाई कर ऊंचे व पक्के स्थान पर स्टेकिंग लगाकर रखी जाए। वर्षा के समय बचाव के लिए तिरपाल आदि से धान को कवर किया जाए। उपार्जन केन्द्र परिसर में धान को लूज में संग्रहित कदापि न कराया जाए एवं गुणवत्ता परीक्षण में एफएक्यू पाए गए धान को बोरों में भरकर रखा जाए। य?ह सुनिश्चित किया जाए कि उपार्जन केन्द्र के परिसर में वर्षा के पानी का भराव न हो। आवश्यक होने पर उपार्जन केन्द्र को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। किसानों को अपनी उपज तिरपाल आदि से कवर कर लाने हेतु अवगत कराया जाए।

# सशक्त किसान, समृद्ध गांव कार्यक्रम के लिए एनसीएल ने किया एमओयू



**सिंगरौली।** जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों एवं गरीब परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बायफ लाइवलीहुड्स एवं नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सिंगरौली के बीच च्ब्सशक्त किसान, समृद्ध गांवज्ज एकीकृत सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।यह एमओयू सिंगरौली जिले की चार ग्राम पंचायतों ; चुरकी, छतरी, चकरिया एवं बरिहावा के कुल 10 गांवों में निवासरत गरीब एवं वंचित परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। समझौते पर बायफ लाइवलीहुड्स की ओर से डॉ. रविराज जाधव, क्षेत्रीय निदेशक तथा एनसीएल की ओर से राजीव रंजन, महाप्रबंधक (सीएसआर, विभाग) ने निदेशक (मानव संसाधन) एनसीएल मनीष कुमार और पवन पाटीदार, राज्य प्रमुख, बायफ लाइवलीहुड्स की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनसीएल के सीएसआर विभाग एवं बायफ लाइवलीहुड्स की परियोजना टीम के अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु-संवेदनशील कृषि पद्धतियों को बढ़ावा, वाड़ी विकास, जल संसाधन विकास, पशुधन विकास एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इन प्रयासों के माध्यम से लगभग 2000 परिवारों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# व्यवसायिक उत्कृष्टता की नई उड़ान एनटीपीसी विंध्याचल में बिज़नेस एक्सीलेंस आकलन का शुभारंभ

**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** एनटीपीसी विंध्याचल में व्यवसायिक उत्कृष्टता का आकलन 2024/25 का शुभारंभ 5 जनवरी 2026 को मैत्री सभागार में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने किया। बीई आकलन दल का नेतृत्व एमएस श्रीनिवासन क्वालिटी चैंपियन एवं टीआर राजगोपालन वरिष्ठ आकलक ने किया। आकलन दल में यूवीवीएस श्रीनिवास राव, विजय कुमार, जगदीश लाल भांभी, रितेश लाल भारद्वाज एवं जीवनलाल भुक्या जैसे अनुभवी आकलकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका सामूहिक अनुभव स्टेशन को परिचालन उत्कृष्टता के उच्च मानकों की ओर अग्रसर करेगा।



इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों की सशक्त उपस्थिति रही, जिनमें एजे राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, एम सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम, एस के सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम, डॉ बी के भराली महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं तथा सुश्री रुमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल शामिल रहे। विभागाध्यक्षों एवं बीई टास्क फोर्स के सदस्यों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलनए एनटीपीसी गीत के सस्वर गायन तथा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने संबोधन में संजीब कुमार साहा ने भारत के ऊर्जा परिदृश्य में विंध्याचल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आकलकों से प्राप्त सुझावों एवं मार्गदर्शन को प्रदर्शनए दक्षता एवं सततता को और सुदृढ़ करने में उपयोग करने पर बल दिया।

इसके पश्चात प्रस्तुत कॉरपोरेट फिल्म के माध्यम से पर्यावरणीय पहलोंए सीएसआर गतिविधियों तथा कर्मचारी.केंद्रित सुविधाओं की झलक प्रस्तुत की गई। राम सेवक जायसवाल उप महाप्रबंधक ईईएमजी ने स्टेशन की उपलब्धियों एवं नवाचारों पर विस्तृत प्रस्तुति दीए जिसमें अग्रणी कार्बन टू. मेथनॉल परियोजना पर विशेष जोर दिया गयाए जो सतत ऊर्जा समाधान में एनटीपीसी की अग्रणी भूमिका को दर्शाती है।

मानव संसाधन एवं सामुदायिक आयाम को रेखांकित करते हुए श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने प्रगतिशील एचआर पहलों, कर्मचारी कल्याण उपायों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों तथा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 सहित प्रभावी सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों की जानकारी दी। सीटीएम परियोजना एवं संविदा श्रमिकों हेतु श्रम की रोशनी पहल पर आधारित लघु फिल्मों ने स्टेशन के समावेशी एवं समग्र दृष्टिकोण को और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

विंध्याचल टीम की गर्मजोशी भरे आतिथ्य एवं कार्य के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए एम एस श्रीनिवासन ने कहा कि उत्कृष्टता एक सतत यात्रा हैए जिसमें निरंतर सुधार की सदैव संभावनाएं रहती हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुश्री पियूषा उप महाप्रबंधक बीई द्वारा किया गया तथा अंत में डॉ एम आर शैजू अपर महाप्रबंधक बीई ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्यवसायिक उत्कृष्टता एवं सतत सुधार के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# जिला अस्पताल में कंबल की कमी

## कड़ाके की ठंड में ठिठुरने को मजबूर मरीज





कटनी (स्वतंत्रमत)

जिला अस्पताल में भीषण ठंड के दौरान मरीजों को कंबल नहीं मिलने की खबर सामने आई है। अस्पताल में 350 बिस्तर हैं, लेकिन मरीजों को ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कंबल नहीं दिए जा रहे हैं। तो क्या सरकार के अलावा शहर के समाजसेवियों द्वारा किए जा रहे सहयोग के बाबजूद भीषण ठंड के दौरान मरीजों के लिए कंबल की भारी कमी है। अस्पताल में 350 बिस्तर हैं, लेकिन मरीजों को ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कंबल नहीं दिए जा रहे हैं। मरीज के परिजनों का कहना है की मरीजों को आधार कार्ड के बिना कंबल नहीं दिया जा रहा है, जो मानवता पर सीधा सवाल खड़ा करता है। मरीजों को इलाज से पहले ठंड से जूझना पड़ रहा है। मरीजों के परिजन भी खुले फर्श और बेंचों पर ठिठुरते हुए रात काटने को मजबूर हैं। मरीजों और परिजनों के गिड़गिड़ाने के बावजूद नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल प्रबंधन का रवैया पूरी तरह असंवेदनशील नजर आया।

### प्रशासन की जिम्मेदारी

हॉस्पिटल प्रशासन को इस समस्या का समाधान करना चाहिए। अस्पताल में कंबल की कमी को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। मरीजों को ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कंबल और अन्य सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।

### हॉस्पिटल की अव्यवस्था

मरीजों को आधार कार्ड के बिना कंबल नहीं दिया जा रहा है, मेडिसिन वार्ड और सर्जिकल वार्ड में कंबल की कमी है, 50-70 मरीजों वाले वार्ड में सिर्फ 20-22 कंबल हैं, मरीज और परिजन ठंड से जूझ रहे हैं और प्रबंधन असंवेदनशील है, अस्पताल में दानवीरों और समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण की बातें केवल दिखावा साबित हो रही हैं।

# छात्रावास में वितरित किए ऊनी वस्त्र

## लायंस क्लब कटनी रॉयल द्वारा मझगवां गांव में सेवा कार्य

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मझगवां में स्थित छात्रावास के 95 बच्चों को लायंस क्लब रॉयल के सदस्यों के सहयोग से सभी बच्चों को सर्दी के इनर और लोअर दिया। दोपहर का भोजन करवाया एवं क्लब की सदस्य लायन राजू अग्रवाल राज अग्रवाल द्वारा एक फ्रिज दिया गया। लायन हंसा, अजय खंडेलवाल के द्वारा 50 किलो चावल दिया गया। सभी बच्चे गर्म कपड़े पाकर प्रसन्न हुए। यहां पर समीपस्थ गावों के निर्धतम बच्चे रहते हैं पास ही सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। क्लब की सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में क्लब प्रेसिडेंट लायन समता जैन, लायन दिनेश जैन, लायन ऊषा वर्मा, लायन राज अग्रवाल, लायन राजू अग्रवाल, लायन राकेश जैन, लायन सुमन जैन, लायन साधना अग्रवाल, लायन मोहन कुमार अग्रवाल, लायन हंसा, लायन अजय खंडेलवाल, लायन उदिता, लायन मधु चौदहा, लायन ऋचा, लायन राजेश चौदहा सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्यों की उपस्थित रही।





# युवा संगम के बेहतर आयोजन के लिए रोजगार आयुक्त ने की कलेक्टर की प्रशंसा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिये उत्कृष्ट कार्य पर रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर की प्रशंसा की है। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिले को पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। रोजगार आयुक्त, गिरीश शर्मा ने प्रशंसा पत्र में कलेक्टर के बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 8 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। जिसमें 2 हजार 312 युवाओं का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किये गये। वहीं अप्रेंटिसशिप के लिये 297 आवेदकों का चयन किया गया। इसी प्रकार स्वरोजगार हेतु 2 हजार 599 आवेदकों को रोजगार मेले के माध्यम से ऋण वितरित किये गये।

**कटनी जिले ने हासिल किया प्रदेश में दूसरा स्थान**



## संयुक्त साझा संघर्ष से ही संवर्ग हित एवं सफलता- रमाशंकर तिवारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** एनएमओपीएस द्वारा आहुत संयुक्त संगोष्ठी राजधानी भोपाल मध्यप्रदेश के विभिन्न शिक्षक एवं कर्मचारी संघों के प्रदेशाध्यक्षों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। संगोष्ठी में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, ओपीएस पुरानी पेंशन योजना तथा ई-अटेंडेंस से संबंधित ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत, गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई। आजाद अध्यापक संघ संयोजक एवं कर्मचारी कल्याण कोष प्रवक्ता द्वारा एकजुटता के साथ सवर्गहित में सामूहिक एकता पर ब्लॉक दिया और कहा सभी संघ व नेतृत्व कर्ता संघ संवर्ग से, संवर्ग के लिए है एवं समस्या व मांग संवर्ग की है अत: समस्त संघो के संघर्षरत पदाधिकारी एकजुटता के साथ एक भाव, एक मंच से प्रयास करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी और मुझे एवं संवर्ग को विश्वास है कि वो संवर्ग हित में ही कुछ अच्छे निर्णय लेंगे से है।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 11 को

## जबलपुर के अध्यक्ष सुनील असाटी का कटनी में हुआ भव्य स्वागत, अभिनंदन

कटनी (स्वतंत्रमत)

चलो गांव की ओर की थीम पर अखिल भारतीय असाटी महासभा एवं असाटी वैश्य समाज विकास समिति जबलपुर के तत्वावधान में रविवार, 11 जनवरी को असाटी मैरिज गार्डन स्लीमनाबाद में असाटी वैश्य समाज विकास समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। आयोजित गरिमा पूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बहोरीबंद के विधायक प्रणय प्रभात पांडे एवं असाटी महासभा के निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी मौजूद रहेंगे। असाटी वैश्य विकास समिति जबलपुर के अध्यक्ष सुनील मंचू असाटी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में असाटी महासभा, जबलपुर वैश्य समाज विकास समिति एवं कटनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सामाजिक हितों के उत्थान एवं विकास के लिए शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि असाटी महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय असाटी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नीतू राजकुमार असाटी, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत, जबलपुर के अध्यक्ष सुनील असाटी एवं एवं कटनी के अध्यक्ष शैलेंद्र असाटी तथा सभी की कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ लेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए हजारों असाटी समाज के सजातीय बंधु इस गरिमामय कार्यक्रम के साक्षी होंगे। रविवार को असाटी वैश्य समाज विकास समिति कटनी की प्रथम बैठक अध्यक्ष शैलेंद्र असाटी की अध्यक्षता में निज निवास पर संरक्षक मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिती में संपन्न हुई। समाज के विकास, उत्थान, कोष में वृद्धि एवं आर्थिक रूप से पिछड़े समाज के परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आर्थिक सहायता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार और सुझाव रखें। इस दौरान असाटी वैश्य विकास समिति जबलपुर के अध्यक्ष सुनील असाटी का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहारों से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। आयोजित बैठक में गौरीशंकर असाटी, सुनील मंचू असाटी, शैलेंद्र कुमार असाटी, योगेंद्र कुमार असाटी, संत राम असाटी, संजय असाटी, राजेंद्र असाटी, सूरज असाटी, रवि, दीपचंद, प्रेम नारायण, ओमप्रकाश, मनोज एवं अन्य सदस्यों की मौजूदगी रही।



# लो वोल्टेज की समस्या से रबी फसलें खतरे में, किसान परेशान

## ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त लोड न मिलने से किसानों को रबी फसलों की सिंचाई में हो रही परेशानी

कटनी (स्वतंत्रमत)

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लो वोल्टेज और अपर्याप्त लोड की समस्या से किसान गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाने से रबी की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं।

### इन गांवों में गंभीर समस्या

खासकर ग्राम मतवारी, स्लीमनाबाद, बंधी क्षेत्र सहित अन्य गांवों में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। निवार पहाड़ी फीडर के मतवारी में लगे ट्रांसफॉर्मर में पर्याप्त लोड न होने से वोल्टेज बेहद कम रहता है, इसके कारण किसानों के मोटर पंप नहीं चल पाते। इससे खेतों में सिंचाई बाधित हो रही है। स्थानीय किसान सुरेश पटेल, शशि कुमार, बाला यादव और अन्यों ने बताया कि उन्होंने गेहूं, चना सहित विभिन्न रबी फसलों पर लाखों रुपए की लागत लगाई है।



### एक ट्रांसफॉर्मर में सैकड़ों कनेक्शन

इसी तरह स्लीमनाबाद क्षेत्र के बंधी गांव एवं ग्राम मतवारी में कृषि फीडर में 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा है। इससे करीब दो सौ किसान बिजली ले रहे हैं। किसानों ने बताया कि यहां पर 250 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने की जरूरत है। किसानों ने बताया कि इस फीडर से दो बंधी के किसानों के साथ-साथ मटवारा और डुंगरिया के किसान भी बिजली ले रहे हैं। किसानों ने बताया इससे वोल्टेज लो रहता है। पंप नहीं चलते।

ग्राम मतवारी के किसानों ने बताया कि यहां के कृषि फीडर में कितई परथू हार में छोटा ट्रांसफॉर्मर लगा है। इससे इस एरिया के किसानों की फसलों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। यहां पर करीब 30 किसान छोटे ट्रांसफॉर्मर से बिजली ले रहे हैं। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से तत्काल ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने या नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है ताकि फसल चौपट नहीं हो।

**समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**- जिले के किसानों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिले में रबी सीजन के चरम पर यह समस्या किसानों के लिए बड़ा संकट बन गई है। किसानों ने बताया कि उनकी शिकायतों को बिजली कंपनी गंभीरता से नहीं लेती है। इस वजह से उनकी फसलों पर संकट आ जाता है।

# वार्ड पार्षद राजकुमारी मिथलेश जैन ने किया 10 एक्सरसाइज मशीनों का लोकार्पण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नया वर्ष 2026 विश्राम बाबा वार्ड के निवासियों के स्वास्थ्य लाभ और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक नई सौगात लेकर आया। 5 जनवरी सोमवार को विश्राम बाबा वार्ड की सुधार न्यास कॉलोनी में ओपन जिम 10 एक्सरसाइज मशीने का लोकार्पण कार्य वार्ड पार्षद राजकुमारी मिथलेश जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक संदीप जयसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुनाथगंज वार्ड के पार्षद मिथलेश जैन उपस्थित थे। वार्ड के नागरिकों में रामाधार गर्ग, केएल श्रीवास्तव, पंकज गौतम, मनोज गर्ग, महेश मिश्रा, विनय मिश्रा, गोविन्द तिवारी, महेश पटेल, नारायण सोनी, रेखा मिश्रा, कुंज बिहारी गौतम, केजी मिश्रा, अनुज तिवारी एडवोकेट, बबीता शर्मा, प्रीति मिश्रा, मधु तिवारी, सुधा पांडे, मंजू शर्मा, रश्मि खंपरिया, राजेंद्र खंपरिया, रजनीश तिवारी, गौरव मालिक, अविनाश परोहा, गगन गांधी, पवन मिश्रा समेत सैकड़ो वार्ड वासी उपस्थित थे। ओपन जिम लगने से सभी वार्ड वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक संदीप जायसवाल ने स्वास्थ्य लाभ के लिए जिम की आवश्यकता को प्रतिपादित किया। वार्ड पार्षद राजकुमारी जैन ने उत्तम सुख निरोगी काया के बारे में बतलाते हुए कहा कि खुली हवा में एक्सरसाइज करने से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और शरीर स्वस्थ रहता है। पार्षद मिथलेश जैन ने गुड हेल्थ गुड वेल्थ शब्दों के माध्यम से सबके उत्तम स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# घने कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर लगाया ब्रेक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की सर्दी और आसमान में छाए घने कोहरे ने जहां सुबह दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया है तो वहीं इसका सीधा असर ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा है। कोहरे की वजह से ट्रेनों को धीमी गति से चलाना पड़ रहा है, जिसके चलते कटनी रेलवे जंक्शन और मुड़वारा होकर गुजरने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें घण्टों देरी से चल रही हैं। इनमे महाकोशल एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, विंध्याचल एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, पुणे एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड के साथ अब घने कोहरे ने दस्तक भी दे दी है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कोहरे की सफेद चादर ने न केवल सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थाम दी है, तो वहीं रेलवे के पहियों पर भी ब्रेक लगा दिया है। सुबह के समय दृश्यता कम होने के कारण ट्रेनों का परिचालन पटरी से उतर गया है, जिसके चलते दतर जाने वाले लोगों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कटनी में भी सुबह आसमान कोहरे की चादर से लिपटा रहा। सुबह से ही कोहरे की मोटी परत छाई रही। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए।



**विजिबिलिटी कम होने से बढ़ा जोखिम**- विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट का सहारा लेना पड़ रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिस ने लोगों को धीमी गति से चलने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। कोहरे का यह असर केवल सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सबसे बड़ा खामियाजा रेल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। रेलवे के लिए कम दृश्यता हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई है, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई घंटे की देरी से चल रही हैं।

# सभी के सहयोग से हो सकता है कटनी का विकास: अशोक विश्वकर्मा

## यूको बैंक द्वारा कस्टमर मीट का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

यूको बैंक की बरखेड़ा शाखा द्वारा गत दिवस ग्राहक सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विश्वकर्मा एवं बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यापर्ण किया गया एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत यूको बैंक के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना के सम्बंध में जानकारी दी गई।

**जिले के अन्य क्षेत्रों में भी खुले यूको बैंक की शाखाएं: अशोक विश्वकर्मा**- मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने यूको बैंक के अधिकारियों को इस आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि यूको बैंक भारत का एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का वाणिज्यिक बैंक है, जिसकी स्थापना 1943 में हुई थी और इसका मुख्यालय कोलकाता में है। उन्होंने आव्हान किया कि जिस तरह यहां शाखा संचालित की जा रही है, उसी तरह जिले के अन्य क्षेत्रों में भी यूको बैंक की शाखाएं संचालित की जके, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी यूको बैंक में खाता खोलकर न केवल अपनी बचत कर सकें बल्कि बैंक की योजनाओं का लाभ भी उठा सकें। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कटनी औद्योगिक जिला है। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं और सभी लोग मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो कटनी जिला विकास की नई इबारत लिख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन होने के साथ ही कटनी मध्यप्रदेश में दूसरे नम्बर पर राजस्व देने वाला जिला है। सभी के सहयोग से हम कटनी का विकास कर सकते हैं।





**अपने ग्राहकों को कई तरह की सुविधा दे रहा बैंक**- बैंक के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि यूको बैंक अपने ग्राहकों को बचत, चालू, सावधि जमा, ऋण, इंटरनेट बैंकिंग रिटेल और कॉर्पोरेट दोनों के लिए डेबिट कार्ड, और अन्य डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और निवेश विकल्प प्रदान करता है, जिससे लोग कहीं से भी और कभी भी बैंकिंग का लाभ उठा सकें। कस्टमर मीट के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को होम लोन, कार लोन, ओडी लोन एवं एमएसएमई लोन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बैंक की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, अंचल प्रबंधक अक्षय कुमार, मुख्य प्रबंधक शांति लाल सोनाथी, शाखा प्रबंधक आर्य कुमारी, पंकज खम्परिया, अनंत राय, विशाल भक्तानी, विकास गुप्ता, आनंद चतुर्वेदी, संजय होतवानी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जोनल रिसोर्सेज हेड सोनार्थी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# रांची रॉयल्स को हराकर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

रांची, (वार्ता)



जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए पेनी स्क्बि ने (पहले) और ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में गोल दागे। जबकि रांची रॉयल्स के लिए एगोस्टिना अलोंसो ने (35वें) मिनट में गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार शुरुआत की, पहले ही मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। उन्होंने दूसरे प्रयास का फायदा उठाया और ड्रैगफ्लिकर पेनी स्क्बि ने (पहले) मिनट में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहला क्वार्टर 1-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में रांची रॉयल्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए जोरदार वापसी की और सूरमा को बैकफुट पर धकेल दिया। दूसरे क्वार्टर में 11 सर्कल एंट्री और तीन पेनल्टी कॉर्नर के साथ, उन्होंने बराबरी के गोल की तलाश में कई मौके बनाए, लेकिन वे मजबूत सूरमा की रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। सूरमा ने हाफ टाइम तक 1-0 की बढ़त बनाए रखा। दूसरे हाफ में सूरमा का डिफेंस आखिरकार टूट गया, जब हैना कॉटर उनके डिफेंस को भेदते हुए एगोस्टिना अलोंसो ने (35वें)मिनट में गोलकीपर को छकाते हुए गोल करके रांची रॉयल्स के लिए बराबरी कर ली। हालांकि, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने चार मिनट बाद ही अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल किया। आखिरी क्वार्टर में सूरमा अपनी डिफेंसिव रणनीति में अनुशासित रहे और 2-1 के साथ इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। इस स्कोरलाइन के कारण एसजी पाइपर्स ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# पीवी सिंधु मलेशिया ओपन में भारतीय चुनौती पेश करेंगी

कुआलालंपुर (वार्ता)



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सितंबर के बाद पहली बार मंगलवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाला यह सीजन का पहला टूर्नामेंट, जो एक टॉप-टियर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट है, चोटों से भरे 2025 सीजन के बाद सिंधु के लिए एक नई शुरुआत होगी। 30 साल की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु पिछले सितंबर में चाइना मास्टर्स में पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन एन से यंग से क्वार्टर-फाइनल में हारने के बाद से बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में नहीं खेली हैं। सिंधु ने पैर की चोट से उबरने के लिए 2025 सीजन के शेष टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था।उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 में खिताब जीता था। कल से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत की महिला एकल चुनौती में मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा भी शामिल होंगी। पुरुष एकल में, पेरिस 2024 सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भारतीय उम्मीदों को आगे बढ़ाएंगे। दोनों ने पिछले साल सफलता का स्वाद चखा था - सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में और शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 में - लेकिन उनका सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें कई बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा। पुरुष युगल में भारत की उम्मीदों की अगुवाई दो बार के विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी करेंगे। इस बीच, महिला युगल में भारत की चुनौती का नेतृत्व ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद करेंगी, जो पिछले महीने सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही हैं। मिश्रित युगल में, पेरिस 2024 ओलंपियन तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला दुनिया की नंबर 17 रैंकिंग वाली भारत की टॉप जोड़ी हैं।

## वैभव सूर्यवंशी की 19 बॉल पर फिफ्टी 10 छक्कों के सहारे 68 रन बनाए

**बेनोनी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को साउथ अफ्रीका की अंडर-19 टीम के खिलाफ 19 बॉल पर फिफ्टी बनाई। उन्होंने 24 बॉल में 68 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 छक्के और एक चौका भी जमाया। इस तरह उन्होंने 68 में से 64 रन बाउंड्री से बनाए। बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में वैभव ने छक्के से अपना खाता खोला। फिर फिफ्टी पूरी होते-होते 8 छक्के लगा दिए। फिलहाल, खराब रोशनी के कारण मैच को रोका गया है। मैच रुकने तक 246 का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में 2 विकेट पर 115 रन बना लिए हैं। वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू नाबाद लौटे हैं। 245 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम ने वैभव की फिफ्टी के सहारे तेज शुरुआत की। टीम ने 10 ओवर के पावरप्ले-1 में 2 विकेट पर 103 रन बना डाले थे। वैभव ने पहले ओवर में दो छक्के लगाए थे। टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 246 रन का टारगेट चेज कर रही है। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी अफ्रीकी टीम 49.3 ओवर में 245 रन पर ऑलआउट हो गई। उसकी ओर से जानसन रोवल्स ने 113 बॉल पर 114 रनों की पारी खेली। इस पारी में 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इंडियन टीम की ओर से किशन सिंह ने 3 विकेट झटके। आरएस अम्ब्रिश को 2 विकेट मिले। कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया।



# श्रेयस अय्यर होंगे अब विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई के कप्तान

मुम्बई (वार्ता)



श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा, एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतरराष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा, जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। अय्यर पिछले अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने की प्रयास करते समय चोटिल होने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मंगलवार का मैच तीन महीने से ज़्यादा समय में उनका पहला मैच होगा। मुंबई फिलहाल ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे अपना अगला लीग मैच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ और आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ खेलेंगे, दोनों मैच जयपुर में होंगे।

## बंगलादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण

**ढाका (वार्ता)।** बंगलादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया। यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाये जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिंग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है, ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बंगलादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए।



# जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में कर्नाटक ने लड़के, महाराष्ट्र ने लड़की वर्ग का खिताब जीता

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु (वार्ता)।** 44वीं जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में कर्नाटक ने लड़के और महाराष्ट्र ने लड़की वर्ग का खिताब अपने नाम किया। जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के फाइनल में कर्नाटक के लड़कों ने महाराष्ट्र को 35-30 से हराया। वहीं लड़कियों के वर्ग महाराष्ट्र ने ओडिशा को 34-33 से हराकर अपने खिताब का बचाव किया। लड़कों के सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र ने कोल्हापुर को 33-31 से हराया, जबकि कर्नाटक ने मध्य भारत को 33-20 से शिकस्त दी। वहीं लड़कियों के सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र ने पंजाब को 28-14 से हराया, और ओडिशा ने कोल्हापुर को 29-27 से हराया। स्नेहा लामकाने (महाराष्ट्र) को लड़की वर्ग में 'जानकी अवार्ड' मिला, जबकि बी. विजय (कर्नाटक) को लड़के वर्ग में 'वीर अभिमन्यु अवार्ड' से सम्मानित किया गया। फाइनलिस्ट टीमों में, दीक्षा कातेकर (महाराष्ट्र) को लड़की वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अटैकर और अर्चना प्रधान (ओडिशा) को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया। राज जाधव (महाराष्ट्र) को लड़के वर्ग में सर्वश्रैष्ठ अटैकर और प्रज्ज्वल वाई. (कर्नाटक) को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया। इस अवसर पर खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, मैं सभी प्रतिभागियों, विजेता टीमों और उपविजेताओं को बधाई देता हूं। जूनियर नेशनल्स युवा प्रतिभाओं की पहचान, पोषण और प्रोत्साहन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। केकेएफआई के चेयरमैन, ऑर्गनाइजेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन, डॉ. एम.एस. त्यागी ने कहा, जूनियर नेशनल्स जैसे चैंपियनशिप युवा खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धी अनुभव और अनुशासन, टीमवर्क और पेशेवरता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं।



## एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को युगल मुकाबले में हराया

**औकलैंड (वार्ता)।** एलेक्जेंड्रा एला-इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। आज यहां खेले गये युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा, च्मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं। मैं बहुत खुश हूं।

# जो रूट ने 41वें टेस्ट शतक के साथ पोंटिंग के रिकार्ड की बराबरी की

**सिडनी (वार्ता)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपना 41वां शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग के रिकार्ड की बराबरी कर ली और पुरुषों के टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, पहले दिन खेल जल्दी खत्म होने के बाद 72 रन से आगे खेलते हुए, रूट ने शांत और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भोजनकाल के बाद 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक रूट का मौजूदा दौरे का दूसरा शतक है जिसने ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया। इस शतक के साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिंग (41) की बराबरी कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसस मामले में भारत के सचिन तेंदुलकर (51) शतकों के साथ पहले जैक कैलिस (45) शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है।



## रुपये में लगातार चौथी गिरावट, डॉलर के मुकाबले नौ पैसे टूटा

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को 9.50 पैसे टूटकर 90.30 रुपये प्रति डॉलर बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार चौथे दिन कमजोर हुई है। यह चार दिन में 55 पैसे टूट चुकी है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 22 पैसे गिरकर 90.2050 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया 90.21 प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर खुला। यह ऊपर 90.20 रुपये और नीचे 90.51 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक में रही तेजी से रुपये पर दबाव रहा।

## रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई (वार्ता)** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं। पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गयी थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जायेगी। दिसंबर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।



# सेल ने बनाया दिसंबर की बिक्री का नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात उत्पादक कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) की बिक्री दिसंबर 2025 में 37 प्रतिशत बढ़कर 21 लाख टन पर पहुंच गयी। महारत्न कंपनी की यह किसी भी दिसंबर महीने में सबसे अधिक बिक्री है। पिछले साल दिसंबर में उसने 15 लाख टन इस्पात की बिक्री की थी। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रदर्शन सेल द्वारा ग्राहकों को समय पर डिलीवरी देने पर फोकस करने की वजह से रहा। कंपनी हाल के दिनों में नये उत्साह के साथ ब्रांडिंग पहलों पर भी जोर दे रही है। दिसंबर महीने के शानदार प्रदर्शन ने सेल को वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने के दौरान अपनी विकास गति बरकरार रखने में मदद की है। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान कुल बिक्री 147 लाख टन तक पहुंच गयी है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की 126 लाख टन की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में नये रिकॉर्ड के अतिरिक्त निर्यात की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो वैश्विक स्तर पर सेल की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करती है।



# चावल, चीनी, दालों में तेजी- गेहूं नरम, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गयी। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3303.86 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17623.86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



# नये शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50

नयी दिल्ली (वार्ता)



आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में गिरावट में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक सुबह के कारोबार में ही 26,373.20 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स भी 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) उतरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी गिरावट रही जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.13 प्रतिशत टूट गया। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया।आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एनएसई में कुल 3,258 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,943 के शेयर लाल निशान में और 1,208 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 107 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.35 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 2.09 फीसदी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.21 प्रतिशत, टीसीएस का 1.09 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 1.04 प्रतिशत फिसल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी गिरावट में रहे। बीईएल में 2.65 फीसदी की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.57 फीसदी, टाटा स्टील का 1.56, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.53 और एशियन पेंट्स का 1.52 प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक में 1.45 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 1.23 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.14 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.97 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.38 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगशेंग 0.03 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.71 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत ऊपर था।

# वन्य-जीवों की सुरक्षा एवं शिकार से बचाव करेगा ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप

## प्रदेश में 10 जनवरी से 15 फरवरी तक वाइल्ड लाइफ ट्रैप-2 अभियान चलाया जायेगा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अंबाडे ने वन्य-जीवों की सुरक्षा एवं शिकार से बचाव के लिये 10 जनवरी से 15 फरवरी तक ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2 चलाये जाने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश में वाइल्ड ट्रैप-2 में कार्यवाही करने के लिये प्रदेश में 9 टाइगर रिजर्व, 63 सामान्य वन मण्डल एवं 11 परियोजना मण्डलों ने वन्य-जीवों के अवैध शिकार के शिकारियों तथा मांस के शौकीन व्यक्तियों द्वारा अपनाये जाने वाले फंदा, विद्युत करंट, स्नेयर ट्रैप, खटका जैसे साधन से शिकार करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन वाइलड लाइफ-2 चलाया जायेगा।



श्री अंबाडे ने दिशा-निर्देशों में कहा है कि ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ ट्रैक-2 में प्रदेश के प्रत्येक वन मण्डल, टाइगर रिजर्व, वन विकास मण्डल इकाई में एक उप वन मण्डल स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये, जो ऑपरेशन से संबंधित निर्धारित प्रारूप में जानकारी एक सप्ताह में ऑनलाइन दर्ज करेगा। ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ ट्रैप- 2 की अवधि एक माह 5 दिवस की होगी। सम्पूर्ण वन मण्डल, टाइगर रिजर्व, वन विकास मण्डल इकाई में सघन गश्ती दिन और रात्रि में सप्ताह में न्यूनतम 3 दिवस परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधीनस्थ 2 दिवस वन मण्डलाधिकारी, उप वन मण्डलाधिकारी और एक दिवस क्षेत्र संचालक, मुख्य वन संरक्षक अनिवार्य रूप से करेंगे। इनमें सभी अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहेंगे। गश्ती के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों एवं शिकारी, घुमक्कड़ समुदाय के डेरों की चेकिंग, सर्चिंग की जाये। सर्चिंग के दौरान निकटतम डॉग स्क्वाड दस्ता भी साथ रखे जायें और मेटल डिटेक्टर उपकरण का भी उपयोग किया जाये।

गश्ती के दौरान वन राजस्व सीमा से लगे वन क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र की बागड़/फैंसिंग में सर्चिंग की कार्यवाही की जाये। प्रदेश में वर्तमान में 14 रीजनल रेस्क्यू स्क्वाड एवं एक राज्य स्तरीय रेस्क्यू स्क्वाड कार्यरत हैं। इनकी सहायता से वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाये एवं अपराध में संलिप्त अपराधी का पता लगाकर तत्काल कार्यवाही की जाये। वन भूमि अथवा वन्य-प्राणी विचरित क्षेत्र से जाने वाली विद्युत लाइन के नीचे या उसके समीप गश्ती की जाये तथा आवश्यकता अनुसार स्थानीय विद्युत विभाग के अमले को भी साथ में रखा जाये। शिकार के लिये लगाये गये फंदे, फैलाये गये विद्युत करंट वायर, वन भूमि अथवा वन्य-प्राणी विचरित क्षेत्र पर पाये जाने पर प्रकरण में आये साक्ष्यों के आधार पर विधिवत जप्ती कर अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाये एवं अपराध में संलिप्त अपराधी का पता लगाकर तत्काल कार्यवाही की जाये। संबंधित ग्रामों में वन्य-प्राणी के अवैध शिकार को रोकने के लिये प्रचार-प्रसार किया जाये। साथ ही ग्राम, नगर में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी लेकर उसे वन परिक्षेत्र में संधारित आरोपी निगरानी पंजी में दर्ज किया जाये।

ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ ट्रैप-2 के अंतर्गत वन मण्डल/टाइगर रिजर्व/वन विकास मण्डल में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा प्रतिदिन वन मण्डलाधिकारी या सक्षम अधिकारी करेंगे। प्रत्येक सप्ताह संबंधित मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्र संचालक, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक द्वारा मॉनीटरिंग की जायेगी। प्रत्येक 7 दिवस में की गई कार्यवाही की जानकारी मुख्यालय को भेजा जाना सुनिश्चित किया जाये।

# फूलों के राजा गुलाब से महकेगी राजधानी

भोपाल(स्वतंत्र मत)



फूलों के राजा गुलाब की महक 9 से 11 जनवरी तक राजधानी के गुलाब उद्यान में महकेगी। उद्यानिकी विभाग और मध्यप्रदेश रोज सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में भाग लेने के लिये आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन 6 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किये गये हैं। आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविन्द दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश फूलों के उत्पादन में देश में द्वितीय स्थान पर है। राज्य सरकार द्वारा फूलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष भोपाल स्थित गुलाब उद्यान परिसर में गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। गुलाब के प्रति आम लोगों के रूझान को देखते हुए गुलाब उत्पादकों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसमें गमले से लेकर बगिया तक और टैरेस पर तैयार किये गये गुलाब के फूलों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाता है। आयुक्त श्री दुबे ने बताया कि भोपाल शहर और उसके आसपास लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र में विकसित किये गये गुलाब उद्यानों की इंट्री इस प्रतियोगिता में शामिल की जाती हैं। जो गुलाब उत्पादक बड़ी संख्या में गुलाब का उत्पादन करते हैं, वह प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये 6 जनवरी तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके उपरान्त 7 और 8 जनवरी को रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग के प्रतिनिधि उन गुलाब उद्यानों का निरीक्षण करेंगे, 9 जनवरी को घरों में गमलों में लगाये गये गुलाबों का प्रदर्शन गुलाब उद्यान में किया जायेगा। इसके लिये गुलाब उत्पादक सुबह 8 से 12 बजे तक गुलाब उद्यान में प्रविष्ठि कर सकते हैं। 10 जनवरी को कट-फ्लावरों का प्रदर्शन गुलाब उद्यान परिसर में किया जायेगा। गुलाब प्रदर्शनी का 10 जनवरी को समारोहपूर्वक शुभारंभ किया जायेगा तथा 11 जनवरी को विजेताओं को पुरस्कार वितरित होंगे।

# भगवान की भक्ति से धर्ममय होती है संतान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नगर के जबलपुर नाका परशुराम टेकरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास किशोरी निधि गर्ग ने कहा कि 84 लाख योनि के पश्चात हम मनुष्य बने हम मनु महाराज की संतान है, दुर्लभो मनुष्यों देहि देहीनाय क्षणभंगुररू संसार में आकर मनु महाराज के तरह हमें भजन करना है, जिसे भगवान से हमारा संबंध बन जाए महाराज मनु ने भगवान को पुत्र बना लिया था।



ये शरीर हमें तप करने को मिला बात तो तब है जब भगवान खुद आकर की पूछे की भक्त क्या चाहिए, महाराज मनु ने भगवान को ही पुत्र रूप में मांगा था। सांसारिक वस्तुएं हमने पहले से ही निर्धारित है संसार से हमें नाम करके जाना है केहि जग के कल ना खाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर आचार्य पवन गर्ग शास्त्री, महंत कृष्ण कुमार गर्ग परशुराम टेकरी आर्गन पर रामजी पटेल की उपस्थिति रही।

# कलियुग के भगवान का नाम है भागवत

दमोह (स्वतंत्र मत)

कलियुग के भगवान का नाम श्रीमद्भागवत महापुराण है। हमारी रोज़ इनसे मुलाक़ात है, रोज इनका नितनवीन दर्शन है। परीक्षित मरने के बाद मुक्त नहीं हुए थे। जिस दिन उन्हें श्रीशुकदेव गुरुदेव मिले और उन्होंने चतुर्शलोकी भागवत सुना दी उसी दिन मुक्त हो गए थे। वे सात दिन जीवन मुक्त होकर जिये थे। भागवत मरनेके बाद मुक्ति नहीं, भागवत आपको जीवन मुक्ति देता है। जीवनमुक्त होकर जीवन का रस लो, यह



जीवन मातम मनाने के लिए नहीं, महोत्सव मनाने के लिये है। मनुष्य जीवन रोने के लिए नहीं, मुस्कुराने के लिए है। यह मनुष्य जीवन सोने के लिये, खोने के लिये नहीं- जागने के लिए है। जितने दिन सोये हो उतना आपने खोया है। अब आपको जागना है और पाना है। परिवार उसी का नाम है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का महत्व है, उसी में परित: रक्षा होती है। जब किसी एक व्यक्ति के आधार पर ही निर्णय होने लगे तब परित:वार (चारों ओर से आक्रमण) होने लगता है। जो जगत का चिंतन करता है उसे ग़लत मानते हैं और जो हरि का चिंतन करता है उसे हरि मानते हैं।

पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं-मनुष्य शरीर इस पराधीनता के लिए नहीं मिला है। पराधीनता में सुख कभी नहीं हो सकता। आप स्वाधीन बनें, आप अपने को जाने और भगवान को केवल माने ही नहीं। भगवानके विषय में जानें और भगवान से मिलने का प्रयास भी करें पूर्ण केवल परमात्मा है। जब तक आप पूर्ण नहीं बनेंगे आप पूर्ण सुखी नहीं बन पायेंगे। आप परमात्मा से नहीं संसार से सुख चाहते हो-यही आपकी सबसे बड़ी भ्रान्ति है। इस भ्रांति को मिटाने के लिये भागवत प्रकट हुआ है। शश्वत कृष्ण प्राप्ति का अर्थ है कि एक बार हमसे भगवान् मिल जाये फिर कभी जुदा न हो। यह आनन्द बिना गुरु कृपा के मिलता नहीं है।



# सागर शाहपुर ने पन्ना की धोर्रा को हराकर बनी विजेता

**हटा (स्वतंत्र मत)।** दादपुर प्रीमियर लीग के सीज़न 7 पूर्व मंत्री गंगाराम पटेल की स्मृति में सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में आयोजित किया गया जिसका फाइनल मुकाबला सागर शाहपुर और पन्ना धोर्रा टीमों के बीच खेला गया। जिसमें धोर्रा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों के मैच 167 रनों पर आल आउट हो गई। रनों का पीछा करने उतरी शाहपुर की टीम ने अच्छी शुरुआत की और अंकित मौर्या की तबातोड शतकीय पारी महज दस ओवरों में लक्ष्य हासिल कर खिताब पर कब्जा किया। अंकित मौर्या ने नाबाद 126 रन बनाए जिसमें उन्होंने 15 छक्के और 8 चौंके लगाएं। उनके गगनचुंबी छक्के से दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबले में सांसद राहुल सिंह, विधायक उमादेवी खटीक ने खिलाड़ियों से परिचय किया और मैच का लुत्फ उठाया। विजेता टीम को 71 हजार नगद पुरस्कार एवं ट्राफी दी गई जबकि उपविजेता को 51 हजार नगद एवं ट्राफी दी गई। इस मौके पर पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, राधिका पटेल, बहादुर पटेल गोपाल पटेल, रामलाल पटेल, बृजेश पटेल, दिनेश पटेल सहित दर्शकों की उपस्थिति रही।

# पथरिया नगर की स्ट्रीट लाइट ताक रहीं नगर परिषद की राह

## मुख्य सड़क पर अंधेरा बन सकता है किसी बड़ी दुर्घटना का सबब

पथरिया (स्वतंत्र मत)

जहां एक ओर भारत सरकार प्रदेश की चमकचोंद के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश की पथरिया विधानसभा उजियारे के लिए तरस रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं पथरिया नगर की जहां कई बार लोगों ने मुख्य सड़क स्ट्रीट लाइट के लिए नगर परिषद तो कई शांति समितियों की बैठक में मुद्दा उठाया कि नगर में रात के समय अंधेरा पसर जाता है। अगर नगर परिषद के द्वारा स्ट्रीट लाइटमेन्टीनेंस का काम करवा दिया जाए तो नगर को रात के समय अंधेरे में नहीं रहना पड़ेगा। इसके अलावा ठंड का समय है, शाम से ही अंधेरा और कोहरा होने लगता है और मार्केट जल्द बंद हो जाता है। जिससे व्यापारियों की दुकानों की



भी लाइटें बंद हो जाती है। जिससे मुख्य सड़कों पर भयानक अंधेरा पसर जाता है और राहगीरों को निकलने में काफी समस्या होती है। इसके पहले भी नगर परिषद से बार-बार कहने पर बाहर से मशीन बुलाकर मन्टीनेंस का काम कराया गया था। परंतु वह कार्य के नाम पर खाना पूर्ति मात्र की गई थी। काम होने के एक सप्ताह बाद ही नगर की स्ट्रीट लाइट झिलमिलाने लगी थी, तो कई लाइट्स ने अपना दम तोड़ दिया था। फिलहाल में संजय चौराहे से अंबेडकर चौक, स्टेशन रोड और थाना तिराहा रोड तक आधी अधूरी लाइट्स प्रकाश देती नजर आती है तो कई हिस्सों में प्रकाश का भारी भरकम अभाव देखने मिलता है। ऐसे में अगर वाहन चालक आवा गमन करता है या राहगीर पैदल जाने का कहीं सोचे तो लाइट न होने के अभाव से घटना-दुर्घटना होने का डर बना रहता है।

### इनका कहना है

मैं मेडिकल लीव से आज ही आई हूं और आपके द्वारा बताई गई समस्या पर बात कर लाइट संबंधी टेंडर पर चर्चा करूंगी। जल्द ही इस समस्या का निवारण करवाती हूं।

**ऋतु पुरोहित, मुख्य नगर परिषद अधिकारी पथरिया**

# विधायक मलैया ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

दमोह (स्वतंत्र मत)

नगर पालिका परिषद दमोह वार्ड 37 साकेत वार्ड बजरिया नंबर 7 में सीसी रोड, नाली निर्माण एवं टॉप लेन फुटपाथ लाइट स्थापना कार्यों का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी, रमन खत्री तथा वार्ड की पार्षद श्रीमती कविता राय उपस्थित रही। मुख्य अतिथि जयंत मलैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है और निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड पार्षद श्रीमती कविता राय ने वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पार्षद की ही मेहनत है कि यहां पुलिस चौकी पुन: खुल पाई, वार्डवासियों को समान रूप से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल पाया। चाहे वह



आवास योजना हो, पेंशन योजना होए मुफ्त राशन योजना, लाड़ली बहना योजनाए सहित जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं। सड़क, नाली का का निर्माण, टॉप लेन फुटपाथ लाइट लगना। यह वार्ड के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने संबोधन में कहा वार्ड पार्षद द्वारा किए जा रहे विकास कार्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाले हैं। सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों से नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। पार्टी का उद्देश्य है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। वार्ड पार्षद श्रीमती कविता राय ने कहा बजरिया वार्ड 7 में लंबे समय से सड़क व नाली निर्माण की आवश्यकता थी। आज इन कार्यों के लोकार्पण से वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इसके लिए मैं नगर पालिका परिषद एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करती हूं। इस अवसर पर बबलू भट्ट, भाजपा जिला महामंत्री अरुण तिवारी, उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित बजाज, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, पार्षद कपिल सोनी, पार्षद नितिन चौरसिया, मोनू राजपूत, ब्रज गर्ग, अरविंद उपाध्याय, राहुल पाठक, देवकीनंदन पटेल, मंगू भट्ट, मुकेश राय, रितेश सोनी, प्रदीप राय, सुनील यादव, भवानी यादव, कमलेश विदुआ, देवी सिंह, राममिलन तिवारी, श्याम विश्वकर्मा, देवल कटारे, गिरजा साहू, वर्षा रैकवार, अर्चना जैन, लता केसरवानी रहे।

# 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान से कांग्रेस को मिली मजबूती

## भोजपुर से किसान जन आंदोलन यात्रा का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

आज 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में रायसेन जिले की ग्राम तराबली में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल,भोपाल ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अनोखी पटेल,पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल,प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट,



राहुल राज,प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा, कांग्रेस नेता यदुवीर पटेल, सुभाष पटेल,ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति के अध्यक्ष,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके उपरांत भोजपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी ने किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदेश-व्यापी 'किसान जन आंदोलन यात्रा' का शुभारंभ किया। यह यात्रा किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान जी के नेतृत्व में प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा एवं सभी ब्लॉकों तक पहुँचेगी और किसानों की ज्वलंत समस्याओं को मजबूती के साथ उठाते हुए भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेगी।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान,किसान कांग्रेस रायसेन जिला अध्यक्ष रंजीत रघुवंशी,महिला नेत्री श्रीमती पवित्रा कौर समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जीतू पटवारी जी ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के समय लाड़ली बहनों और किसानों से बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन सत्ता में आते ही जनता से धोखा किया।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने लाड़ली बहनों को 1500 रुपये देकर दिखावा किया, लेकिन यू-टर्न लेकर उनके परिवारों पर 5-5 हजार रुपये के बिजली बिल थमा दिए। जिसे चुनाव में जिताया, उसी को अपमानित किया गया।

श्री पटवारी ने आगे कहा कि किसानों से कहा गया था कि धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल में और गेहूं 2700 रुपये में खरीदा जाएगा, लेकिन आज तक न धान के दाम मिले, न गेहूं के। भाजपा ने वोट लेकर वादे भूलने का काम किया है। मैं भी किसान का बेटा हूँ। मुझे पता है कि किसान साल भर फसलों को अपने बच्चों की तरह कैसे पालता है, ताकि आपका पेट भर सके। लेकिन भाजपा सरकार अपनी किसान विरोधी नीतियों से इन्हीं अन्नदाताओं के पेट पर लात मार रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसानों, महिलाओं और आम जनता के हक की लड़ाई गाँव-गाँव, सड़क से सदन तक लड़ेगी और भाजपा की जनविरोधी सरकार को जवाबदेह बनाएगी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. / अ-6/2025-26

आवेदक मो. हासिम पिता स्व. यासीन मंसूरी निवासी- न्यू आनंद नगर सुभाष वार्ड जबलपुर (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./ वसीयत क्र./दानपत्र क्रमांक 3823 दि./19/02/04 के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक नं. 52 प.ह.नं. 22/25 स्थित भूमि खसरा नं. /प्लाट नं. 189/112 नया 189/1/1/1/1/(S) रकवा 1500 व.फु. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता/फौत/दानकर्ता हज्जन हाजरा बी पति हाजी अब्दुल हामिद 2. इम्तियाज बेगम 3. मो. यासीन अधारताल से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किए जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक-13/01/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है, नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा, न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/12/25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 30/12/2025

पेशी दिनांक- 13/01/2026

**नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26

दिनांक 5/1/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री समीर दीक्षित पिता श्री सुरेन्द्र दीक्षित ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पी-180, 181 संपत्ति के पिन क्रमांक 1002885464 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1500 व.फु. पर जिस पर निर्मित पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री परितोष चौधरी पिता स्व. श्री ए.बी.चौधरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# कट्टे से हमला कर ज्वेलर्स से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### तीसरे ने जेल में किया खुद को सुरक्षित, तीन अन्य आरोपी फरार, तीस लाख का माल बरामद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





पनागर में भूरा ज्वेलर्स पिता-पुत्र पर कट्टे से हमला कर लाखों की लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। वहीं तीसरे ने खुद को बचाने के लिये एक पुराने मामले में सरेंडर करते हुए जेल में जा बैठा, वहीं उनके तीन अन्य साथी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीस लाख के जेवरात व दो मोटर साइकिलें व एक मोबाईल फोन जब्त किया है। पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 दिसंबर को सोनिया ज्वेलर्स के पीछे गली में जयप्रकाश वार्ड पनागर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लूट करने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को सुशील उर्फ बल्लू सोनी (सराफ) उम्र 47 वर्ष निवासी सोनिया ज्वेलर्स के पीछे जयप्रकाश वार्ड पनागर ने बताया कि घर के बाजू से में रहने वाले बड़े भाई सुनील कुमार उर्फ भूरा सोनी विद्यासागर वार्ड में भूरा ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान का संचालन करते हैं। शाम लगभग 7-15 बजे बड़े भाई सुनील उर्फ भूरा सोनी तथा भतीजे कान्हा सराफ दुकान बंद करके अपनी ओला स्कूटर से दुकान में रखे सोने चांदी के आभूषणों को चार थैलों मे रखकर घर जा रहे थे। जिन्हें रास्ते में सोनिया ज्वेलर्स के मकान के पीछे वाली गली मे तीन मोटर साईकिलों से 6 व्यक्ति आकर कट्टा की नोंक एवं हथौड़ी से मारपीट कर सोने चांदी के आभूषण से भरे तीन थैले छुड़ाकर 2 काले रंग की 2 मोटर सायकल एवं एक सफेद रंग की अपाचे मोटर सायकल में बैठकर सोने चांदी के सामान रखे तीन थैले सहित कुलिया होते हुये हाईवे की ओर भाग गये। मारपीट से भाई सुनील के सिर एवं पीठ कंधे, ओठ में तथा भतीजे कान्हा उर्फ सम्भव सोनी के सिर में वायें तरफ एवं दाहिने हाथ की मध्य वाली उंगली में चोट तथा बेटे सक्षम के चेहरे में खरोंच आई है। जिन्हें ईलाज हेतु सीएचसी पनागर ले जाया जाकर प्राथमिक उपचार के बाद मेट्रो अस्पताल जबलपुर मे भर्ती कराया गया है। आरोपी सोने के जेवरात लगभग 750 ग्राम एवं 10 से 12 किलो चांदी के जेवरात छुड़ाकर ले जाना तथा छुड़ाते समय एक आरोपी के द्वारा सुनील सोनी को पीठ मे गोली मारना बताये।

### पतासाजी करते हुए यूपी पहुंची पुलिस

सीसीटीव्ही फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों से जांच करते हुए जबलपुर पुलिस उत्तर प्रदेश पहुंची। जहां वीरेन्द्र यादव निवासी प्रतापगढ, दीपक त्रिपाठी निवासी प्रयागराज उत्तरप्रदेश के द्वारा अपने साथियों गोविन्द पाण्डे, रवि पासी, रंजीत यादव, सत्यम तिवारी के साथ मिलकर उक्त घटना कारित की गई है । उपरोक्त सभी संदेहीगणों की तलाश करते हुये विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर प्रयागराज में दबिश देते हुये दीपक त्रिपाठी को तथा नगापुर में दबिश देते हुये गोविन्द पाण्डे उर्फ कान्हा को दबोचा गया।

### फरारी के दौरान चुराई थी बाईकें, की थी रैकी

पूछताछ करने पर दोनों ने वीरेन्द्र यादव का फरारी के दौरान जबलपुर में आकर रूकना एवं भूरा ज्वेलर्स की रैकी करने की बात बतायी। आरोपी वीरेन्द्र यादव द्वारा रैकी कर सूचना देने पर वीरेन्द्र द्वारा ही चुराई हुई दो सुपर स्पेलेण्डर एवं 1 अपाचे मोटर साईकिल से 14 दिसंबर को को प्रतापगढ से रवाना होकर 15 दिसंबर की शाम को पनागर आकर लूट की योजना बनाई। लेकिन डायल-112 पुलिस के मौके पर आ जाने के कारण लूट की घटना को अंजाम नही दे पाये। जिसके बाद आरोपियों ने दूसरे दिन यानि 16 दिसंबर की शाम को पुन: सभी 6 आरोपीगणों के द्वारा भूरा सोनी एवं कान्हा सोनी के साथ तीन थैलों मे भरे सोने चांदी के जेबरात लूटकर ले जाना बताया। दोनों आरोपियों को प्रकरण मे विधिवत गिरफ्तार कर दोनों का पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### जंगल में गड्ढे के नीचे दबा रखा था लूट का माल

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इंद्राना के पास ग्राम बनखेड़ी मनका पहाड़ी के घने जंगल मे हिस्सा बंटबारे के बाद अपने अपने हिस्से मे मिले सोने चांदी के जेवरातों को जंगल में गड्ढा खोदकर गड्ढों मे आभूषण में छिपाना बताया। पुलिस ने आरोपी दीपक त्रिपाठी की निशादेही पर 98 ग्राम सोने के एवं चांदी के 1906 ग्राम वजनी जेवर तथा नगदी रकम 1 लाख रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त बिना नंबर की सुपर स्पेलेण्डर मोटर साईकिल तथा आरोपी गोविन्द पाण्डे की निशादेही पर 54 ग्राम सोने के एवं 1104 ग्राम चांदी के जेवरात एवं अपाचे मोटर साईकिल बिना नंबर की जप्त की है।

### पुलिस से बचने जेल का लिया सहारा

वारदात के मुख्य आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद जबलपुर पुलिस से बचने के लिये थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ के एक अन्य अपराध में जिला प्रतापगढ न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जो वर्तमान में जिला जेल प्रतापगढ में बंद है। पुलिस ने आरोपी प्रोटेक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की प्रकिया प्रांरभ की दी है । वहीं अन्य आरोपी रवि पासी, सत्यम तिवारी एवं रंजीत यादव की सरगर्मी से तलाश के लिए टीमे रवाना है ।



# पेयजल, सफाई और सीवर व्यवस्था की होगी चौबीसों घंटे निगरानी

### निगमायुक्त ने सुबह सुबह ली अधिकारियों की बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार सोमवार सुबह से ही एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर स्पष्ट किया कि शहर की बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ पेयजल, सीवर और साफ-सफाई में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ने इसके लिए सभी अधिकारियों को भ्रमण करने और उपरोक्त व्यवस्थाओं पर नियमित रुप से निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान आयुक्त ने न केवल कार्यों की समीक्षा की, बल्कि नगर निगम के पूरे अमले को फील्ड पर तैनात रहने के निर्देश दिए। अब निगम के अधिकारी और कर्मचारी केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे जमीनी स्तर पर जाकर व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी करेंगे।

आयुक्त ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे। पाइपलाइन लीकेज और गंदे पानी की शिकायतों का निपटारा तत्काल प्रभाव से करने को कहा गया है। उन्होंने वार्डों में नियमित कचरा उठाने और सार्वजनिक स्थानों की सघन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, वी एन बाजपेई, श्रीमती अंजू सिंह के साथ सभी उपायुक्त एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाट ठेले वाले से रुपयों की मांग कर मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

माढ़ोताल थाने में 34 वर्षीय भारत सोंधिया ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि बीती रात 10-30 बजे अपना चाट का ठेला लेकर घर जाते समय भोलानगर बस्ती खेरमाई मंदिर के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात लड़का आया और उससे फुल्की खिलाने को बोला। जिसे उसने फुल्की खिला दी। इसके बाद उसने फुल्की के पैसे नहीं दिये और अपने अन्य दो साथियों को बुला लिया। इसके बाद तीनों ने उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए विवाद किया और चाकू से हमला कर उसके सिर व कान के पास चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खमरिया थाना क्षेत्रातंर्गत एक असमाजिक तत्व ने शराब के लिये रुपये न देने पर दो युवकों पर चाकूओं से जानलेवा हमला कर दिया। जिन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि तिघरा निवासी 20 वर्षीय करन गोहिया बीती रात करीब दस बजे अपने साथी साहिल यादव, तिलक पटेल, के साथ फ्रूट जंक्शन मैंगी प्वाईट में मैगी खाने गया था। जैसे ही वे मैगी प्वाइंट के पास मैदान में पहुँचे, उसी समय मैदान में न्यू शोभापुर निवासी अनुज शर्मा उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा। करन ने रुपय देने से मना किया तो अनुज ने गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से चाकू जैसी नुकीली चीज से हमलाकर पेट, जांघ, कमर नाक कंधे में चोटें पहुँचा दी।

# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत की प्रांतीय बैठक आयोजित

### डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के वैदिक गणित प्रयोगों को मिला प्रांतीय मंच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



डिंडोरी जिले में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत की प्रांत स्तरीय बैठक का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार तक सीमित न रखकर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाना है। भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के माध्यम से शिक्षा से राष्ट्र परिवर्तन इसकी मूल प्रेरणा है। इन्हीं उद्देश्यों पर बैठक में शिक्षा, संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के राष्ट्रीय सह सचिव ओम शर्मा, क्षेत्र संयोजक डॉ. अजय तिवारी कुलाधिपति, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर, प्रांत अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुररिया कुलगुरु, रीवा विश्वविद्यालय, प्रांत संयोजक नीलेश पाण्डेय प्राचार्य, हितकारिणी महिला महाविद्यालय, जबलपुर तथा सह संयोजक डॉ. सुखदेव बाजपेई सागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती किरण शर्मा, राष्ट्रीय सचिव भारतीय स्त्री शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में महाकौशल प्रांत के सभी संभागों से आए प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने जबलपुर जिले में संचालित वैदिक गणित एवं अन्य शैक्षिक नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी। गणित के भय को दूर करने और भारतीय ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को जोड़ने वाले इन प्रयासों को उपस्थित समूह ने अत्यंत सराहा तथा महाकौशल प्रांत के अन्य जिलों में भी ऐसे नवाचार लागू करने के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया। प्रांत संयोजक नीलेश पाण्डेय ने प्रांत स्तर पर न्यास के सभी दायित्वों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का आश्वासन दिया। बैठक में डिंडोरी, जबलपुर, रीवा, शहडोल, बालाघाट, अनूपपुर, सागर, मंडला, मऊगंज, मैहर सहित महाकौशल प्रांत के अनेक जिलों से कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही।



## नरेंद्र कुमार एवं एस तंडेलु ने जीता बेस्ट लिफ्टर का अवॉर्ड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हाल ही में ऑर्डनेस फेक्ट्री चांदा में बॉडी बिल्डिंग, वेटलिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग चैंपियन शिप जो कि अर्ड नेंस फेक्टरी चांदा में आयोजित की गई थी, प्रतियोगिता में ओएफके के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नरेंद्र कुमार ने वेइट लिफ्टिंग का बेस्ट लिफ्टर का खिताब एवं तंदलू ने पॉवर लिफ्टिंग का स्ट्रॉंग मैन का ख़िताब जीता। साथ ही दोनी वर्गो की टीम चैंपियनशिप भी अपने नाम की। इनकी इस उपलब्धि पर ओएफके स्पोर्ट्स क्लब द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चीफ़ महाप्रबंधक शैलेश वागर्वल, जीएम ए मीना, ऋषि पल ,श्री हरि ,कुलदीप,उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक विजिट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कॉलेज चलों अभियान सत्र 2026-27 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अधारताल के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, नोडल अधिकारी ने बताया कि 'कॉलेज चलो अभियान' 2026-27 प्रथम चरण के अंतिम दिन सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने कक्षाओं के साथ महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब, ओशो चेयर, ग्रंथालय, आउटडोर इन्डोर स्टेडियम, कॅरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ, विद्या भवन, महाविद्यालय बस सुविधा की जानकारी एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही महाविद्यालय के समस्त विभागों का भ्रमण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती मनीषा ठाकुर, विनीत त्रिपाठी, अनवर हुसैन, श्रीमती शिवानी पाठक के साथ महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान समिति के सदस्य डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. धीरेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. नीलिमा, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. मो. इरफान उस्मानी, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. गुले नगमा द्वारा विद्यालय के 51 विद्यार्थियों महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया।

## नवीन मतदाताओं के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए महाविद्यालयों में विशेष कैंप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 2 जनवरी को जारी निर्देशों के परिपालन में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म-6 भरवाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक महाविद्यालय स्तर पर 9 जनवरी एवं 10 जनवरी को विशेष कैंप का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर जिले में स्थित सभी तकनीकी महाविद्यालय, आईटीआई, शासकीय, अनुदानित एवं अशासकीय महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले विशेष कैंप के सफल क्रियान्वयन तथा प्राचार्यों को प्रत्यक्ष रूप से विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए जाने के उद्देश्य से एक अनिवार्य बैठक आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक ज्योति परस्ते, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आज मंगलवार 6 जनवरी 2026 को दोपहर 1:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा किसी भी स्थिति में प्राचार्य प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं की जाएगी।

# शराब दुकान में हुए विवाद के बाद चाकुओं से गोदकर की थी युवक की हत्या

### महेन्द्र साहू हत्याकांड में शामिल नाबालिग सहित सातों आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



भेड़ाघाट स्थित सहजपुर में हुई महेन्द्र साहू की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या की थी। पुलिस अधिकारियों ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भुवारा पाटन निवासी महेन्द्र उर्फ अभिषेक पिता महेश प्रसाद साहू उम्र 27 वर्ष का 3 जनवरी को सौरभ ठाकुर से विवाद हो गया था। जिसके चलते सौरभ ने अपने साथियों के साथ मिलकर महेन्द्र साहू की हत्या करने की साजिश रची। जिसके चलते सौरभ व उसके साथी मोटर साइकलों में सवार होकर सहजपुर पहुंच गए। जहां पर महेन्द्र अपनी स्कार्पियों में बैठा रहा, जिसे कार से उतारकर नकुल कोल तथा नितिन उर्फ गज्जू बर्मन द्वारा चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी। खून से लथपथ महेन्द्र साहू सड़क पर ही पड़ा रहा। जिसे देख आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, लोगों से पूछताछ की की गई। जिसमें संदेहियों के नाम सामने आए, पुलिस ने मामले में नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसपर पुलिस ने एक के बाद एक सभी आरोपियों को तलाश करते हुए बंदी बना लिया।



***ये आरोपी हुए गिरफ्तार***- पुलिस ने हत्या कांड में शामिल नकुल कोल पिता प्रमोद कोल (19 वर्ष) निवासी आजाद मोहल्ला बरमबाबा सहजपुर, नितिन उर्फ गज्जू बर्मन पिता देवी बर्मन (20 वर्ष) निवासी नया मोहल्ला खिरका खेड़ा थाना शहपुरा, दुर्गेश बर्मन पिता शंकर बर्मन (32 वर्ष) निवासी नया मोहल्ला खिरका खेड़ा थाना शहपुरा, दीपक बर्मन पिता स्व. मंगल बर्मन (20 वर्ष) निवासी नया मोहल्ला खिरका खेड़ा थाना शहपुरा, सौरभ ठाकुर उर्फ कालू पिता पवन ठाकुर (19 वर्ष), निवासी जैन मंदिर के पास, सहजपुर, अनिकेत उर्फ नंदी कोल पिता विनोद कोल (23 वर्ष) निवासी बरमबाबा आजाद मोहल्ला सहजपुर और एक 16 वर्षीय विधि विवादित बालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## पीयूष वर्मा बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महराज सेवा ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार द्वारा जबलपुर निवासी पीयूष वर्मा को मध्यप्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों-सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**